रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 02 जुलाई 2024, वर्ष-25, अंक- 150, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 हिंदू समाज को हिंसक बताने...

सेंसेक्स 79,476.19 +443.46

डॉलर 83.442 +0.078

रांची सर्राफा
10 ग्राम 71,350 | 01 किलो 94,500

न्यूज ब्रिफ

प्रो. राम कुमार सिंह होंगे बीबीएमकेयू के नए कुलपति

रांची। बीएचयू के एग्रीकल्चर साइंस के प्रोफेसर डॉ. राम कुमार सिंह को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। इसकी घोषणा राजभवन ने कर दी है। मालूम हो कि राज भवन ने सुखदेव भाई को बीबीएमकेयू की कुलपति पद से बर्खास्त कर दिया था।

सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त व सूचना आयुक्तों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए नामों की अनुशंसा के लिए चयन समिति का पुनर्गठन किया है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन इसके अध्यक्ष होंगे जबकि सदस्य के रूप में नेता प्रतिपक्ष व अनुसूचित, जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री दीपक बिरुआ होंगे। कार्मिक विभाग ने सोमवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है और पूर्व की अधिसूचना को विलोपित कर दिया है।

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 8292553444 पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

आज | कल

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर परिचर्चा

राहुल के भगवान शिव का चित्र दिखाने और हिंदुओं को हिंसक बताने पर बवाल

» जो लोग अपने को हिंदू कहते हैं, वे लोग चौबीसों घंटे हिंसा करते हैं

» प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना गंभीर मुद्दा

» राहुल अपनी बातों को सत्यापित करें अध्यक्ष बोले- वे बयान सत्यापित करेंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। संसद के पहले सत्र के छठे दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर अपना पहला भाषण दिया। पौने दो घंटे लंबे भाषण में उन्होंने आक्रामक ढंग से सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की कोशिश की। उन्होंने अग्निवीर, किसान और नीट का मुद्दा उठाया। हालांकि सत्तापक्ष की ओर से उनके बयानों की सत्यता पर आपत्तियां जताई गईं और कहा गया कि राहुल को अपनी बातों को सत्यापित करना चाहिए। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वे उनके बयानों का सत्यापन करेंगे।

सदन की कार्यवाही तब अधिक आक्रामक हो गई जब राहुल गांधी ने भगवान शिव की तस्वीर सदन में दिखाई। उन्होंने भगवान शिव की अभयमुद्रा का जिक्र करते हुए कहा कि वह संदेश देते हैं कि डरो और डराओ मत। वह ऐसा संदेश देते हैं, जबकि खुद को हिंदू कहने वाले लोग पूरे दिन हिंसा-हिंसा करते हैं। इसके बाद उन्होंने विभिन्न धर्मगुरुओं की भी तस्वीर दिखाई। साथ ही उन्होंने सिख, ईसाई, इस्लाम और बुद्ध जैसे विभिन्न धर्मों का हवाला देते हुए कहा कि, सभी धर्मों से हमें यह सीख मिलती है कि डरो मत, डराओ मत। राहुल ने कहा कि खुद को हिन्दू कहने वाले असल में हिन्दू नहीं हैं। खुद को हिन्दू कहने वाले सत्य और अहिंसा का पालन नहीं करते हैं। जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे चौबीसों घंटे हिंसा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए खड़े होकर इसका विरोध किया और कहा पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना बड़ा गंभीर मुद्दा है। इसपर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि शोर-शराबा करके विपक्ष इतने बड़े वाक्य को छिपा नहीं सकता है। राहुल ने कहा कि अपने को हिन्दू कहने वाले हिंसा करते हैं। देश के करोड़ों लोग गर्व से खुद को हिन्दू कहते हैं। हिंसा को धर्म की भावना से जोड़ना गलत है। उन्हें अपने इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी अभय की बात करते हैं। आपातकाल में क्या हुआ, दिल्ली में हजारों सिखों का कत्लेआम हुआ। इसपर राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। बीजेपी पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये बीजेपी का ठेका नहीं है।

लोकसभा में टकराव के अन्य बिंदू

1. राहुल गांधी ने कहा कि, भगवान शिव की तस्वीर के जरिए मैं कुछ बताना चाहता हूं। राहुल गांधी ने कहा कि, शिवजी से हमें कभी न डरने की शक्ति मिलती है, शिवजी से हमें सत्य से कभी पीछे न हटने की प्रेरणा मिलती है। इसपर स्पीकर ने उन्हें टोकते हुए कहा कि, यह नियमों के अनुकूल नहीं है।

2. राहुल गांधी ने लोकसभा में स्पीच के दौरान भगवान शिव, गुरु नानक, स्वास्तिक, दुआ मांगते हाथ और जीसस क्राइस्ट की फोटो दिखाईं। कहा, भगवान शिव की तरह कांग्रेस पार्टी भी अभय मुद्रा में है। मुस्लिम, सिख धर्म में भी अभय मुद्रा दिखाई देती है।

3. राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदीजी अयोध्या के लोगों की छोड़ो, बीजेपी वालों को डराते हैं। राजनाथ और गडकरी इनके सामने नमस्ते तक नहीं करते। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने राहुल से कहा, आप नीतियों पर बोलिए। किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप करना उचित है क्या।

राहुल के भाषण के विवादित बिंदू और सत्ता पक्ष का जवाब

Q **राहुल** ने अग्निवीर का मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार शहीद अग्निवीरों को मुआवजा नहीं दे रही।
जवाब : इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप किया और कहा कि सेवा के दौरान अग्निवीर की मौत होने पर उसके परिजनों को एक करोड़ रुपये दिये जाते हैं।

Q **राहुल** गांधी ने कहा कि अग्निवीर योजना प्रधानमंत्री की सोच से बनी योजना है।
जवाब : राजनाथ ने इसका भी खंडन किया और कहा कि अग्निवीर योजना विभिन्न संस्थानों से बातचीत के बाद लायी गई है और दुनिया के कई देशों में चल रही है।

Q **राहुल** गांधी ने मणिपुर का मुद्दा उठाया और कहा कि प्रधानमंत्री अब तक मणिपुर नहीं गए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। किसानों को आतंकवादी कहा गया, उनका कर्जा माफ नहीं किया जाता और उन्हें एमएसपी नहीं दी जाती।
जवाब : इस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हस्तक्षेप किया और कहा कि सरकार लगातार एमएसपी दे रही है और पिछली कांग्रेस सरकारों से ज्यादा दे रही है।

Q **राहुल** गांधी ने परीक्षा पत्रों के लीक होने के मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार ने प्रोफेशनल एग्जाम को कमर्शियल एग्जाम में बदल दिया है। सात साल में सत्तर बार परीक्षापत्र लीक हुआ है। हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं ताकि देश के युवाओं को संदेश जाए, लेकिन सरकार चर्चा नहीं कराना चाहती।
जवाब : लोकसभा अध्यक्ष ने पहले ही कह दिया था राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान कोई और विषय नहीं उठाया जा सकता। ऐसा संविधान की व्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने दूसरी बार हस्तक्षेप किया और तंज कसते हुए कहा कि संविधान उन्हें कहता है कि विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

हाईकोर्ट की फटकार

रिक्त पदों के मामले में कछुए की चाल से क्यों चल रही सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित अन्य संवैधानिक संस्थानों में पदों को राज्य सरकार द्वारा नहीं भरे जाने पर मौखिक कहा कि सरकार कछुए की गति से क्यों चल रही है? लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद तीन से पांच साल से खाली पड़े हैं लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर एक टाइम फ्रेम दिया जा रहा है, जो एक माह से ज्यादा का समय है। सरकार को टाइम फ्रेम की अवधि कम करनी होगी। हाई कोर्ट में सोमवार को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट में सरकार को लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित किए गए टाइम फ्रेम को कम करने का निर्देश दिया है। इससे पहले वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह ने कोर्ट को बताया कि सरकार की ओर से सूचना आयुक्त, लोकायुक्त सहित कई संवैधानिक पदों पर नियुक्ति के लिए पहले नेता प्रतिपक्ष नहीं रहने की आपत्ति को लगाया गया था। इसमें करीब डेढ़ साल का समय बीत गया। सरकार अब भी इन पदों पर नियुक्ति के लिए एक माह से अधिक का टाइम फ्रेम निर्धारित कर रही है। सरकार को जल्द से जल्द इन पदों पर नियुक्त प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए थी।

● कोर्ट ने मामले की सुनवाई मंगलवार निर्धारित करते हुए सरकार को फ्रेश शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया।

इस पर सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया की सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि सिर्फ सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने से काम नहीं चलेगा। लोकायुक्त, राज्य मानवाधिकार आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को जल्द भरने पर भी फोकस करें।

इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है : हेमंत सोरेन

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के जरिए भाजपा पर तंज कसा है।

उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा

इस जग में जितने जुल्म नहीं, उतने सहने की ताकत है,
तानों के भी शोर में रह कर सच कहने की आदत है,
मैं सागर से भी गहरा हूं, तुम कितने कंकड़ फेंकोगे,
चुन-चुन कर आगे बढ़ूंगा मैं, तुम मुझको कब तक रोकोगे।

नीट का नया रिजल्ट जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट (यूजी) 2024 का नया रिजल्ट जारी कर दिया है। परीक्षार्थी एनटीए की वेबसाइट पर दिये गये लिंक (https://exams.nta.ac.in/NEET/) पर रिजल्ट देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों की सुनवाई के दौरान एनटीए ने 13 जून 2024 को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि वह नीट (यूजी) में 1,563 छात्रों को दिए गए ग्रेस मार्क्स रद्द कर देगी। इसके बाद शीर्ष अदालत ने आदेश दिया था कि जिन छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द किये गये हैं उनके पास दोबारा परीक्षा देने या अपने मूल प्राप्तांक से संतोष करने का विकल्प होगा। कुल 813 छात्रों ने 23 जून को दोबारा परीक्षा दी थी। एनटीए ने बताया कि 28 जून को उनके आंसर जारी किये गये और उन पर चुनौतियां आमंत्रित की गईं। इसके बाद विशेषज्ञों ने अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार किया है जिसे अब जारी कर दिया गया है। नीट (यूजी) में शामिल सभी छात्रों के परीक्षा परिणाम दोबारा जारी किये गये हैं। परिणामों में गड़बड़ी के अलावा नीट (यूजी) 2024 के पेपर लीक होने के भी आरोप हैं। विभिन्न राज्यों की पुलिस के अलावा सीबीआई भी इसकी जांच कर रही है। इन मामलों में अलग-अलग राज्यों से कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

झारखंड में दो और तीन जुलाई को भारी बारिश की संभावना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य के लगभग सभी हिस्सों में मानसून का असर देखा जा रहा है। इसके साथ तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि, जून में मानूसन देर से आने पर राज्य में बारिश कम ही हुई है। फिर भी लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, दो और तीन जुलाई को राज्य के उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में भारी बारिश की संभावना है। इसमें रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला, बोकारो, देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ शामिल हैं। इस दौरान वज्रपात भी होने के संकेत हैं। केंद्र ने इसके लिए यलो अलर्ट जारी किया है। चार और पांच जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होगी। अब तक राजधानी में 197.6 मिमी की जगह 90.8 मिमी वर्षा हुई है, जो कि सामान्य से भी कम है।

नए कानून के तहत ग्वालियर में देश का पहला मामला दर्ज

एजेंसी

ग्वालियर। देश में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इसके साथ ही इन कानूनों पर अमल भी शुरू हो गया है। नए कानून के तहत देश भर में पहला मामला ग्वालियर के हजीरा थाने में दर्ज किया गया है। यह जानकारी सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी है। भारतीय न्याय संहिता लागू होते ही ग्वालियर के हजीरा थाने में रात 12.24 बजे जिले की पहली एफआईआर बाइक चोरी की दर्ज हुई। हालांकि, अमित शाह ने नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज करने का समय रात 12.10 बजे का बताया है। नागेंद्र सिंह ग्वालियर के हजीरा इलाके में रहते हैं। रविवार रात 12 बजे वह घर आए और अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी कर दी। महज पांच मिनट में बाइक गायब हो गई। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता- 2023 की धारा 303(2) के तहत एफआइआर दर्ज कया गया।

इंडिया

नए भारतीय कानूनों की सराहना भी आलोचना भी

सुनील बादल

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 तीन नए आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। कानून के क्षेत्र में ऐसे कदम उठाने की आवश्यकता के बारे में एक बहस छिड़ गई है। पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री और कांग्रेस नेता अश्विनी कुमार ने एक इंटरव्यू में कहा, 'जिस तरह से सरकार ने इन कानूनों को संसद में लाने के लिए जल्दबाजी की और जिस तरह से इसे लागू किया, वह लोकतंत्र में वांछनीय नहीं है। 'फिडेलीगल एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर के एडवोकेट सुमित गहलोत ने कहा, 'नए आपराधिक कानूनों में, कानून प्रवर्तन एजेंसियों को बिना किसी जांच और संतुलन के असीमित अधिकार दिए गए हैं। सुरक्षा उपायों और सुरक्षा प्रावधानों को नजरअंदाज किया गया है, जिसका दुरुपयोग होने की संभावना है। नए आपराधिक कानूनों के तहत, नागरिक स्वतंत्रता का उल्लंघन हो सकता है।''बीएनएस की धारा 150 के तहत राजद्रोह कानून की तरह, इस अपराध को भी कठोर बना दिया गया है। धारा 150 को निश्चित रूप से चुनौती दी जाएगी, साथ ही अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी जाएगी, जिसके परिणामस्वरूप संवैधानिक न्यायालयों द्वारा इसे खारिज कर दिया जाएगा। राजद्रोह कानून को ऐसे शामिल करने का उद्देश्य राजनीतिक कारण प्रतीत होता है। आतंकवाद को सामान्य दंडात्मक कानून अपराध के रूप में क्यों शामिल किया गया है, जबकि यह पहले से ही विशेष कानून के तहत दंडनीय है? पुलिस हिरासत को 15 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन क्यों किया गया है?' इस संबंध में, ऑल इंडिया बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता और अध्यक्ष तथा सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. आदिश सी अग्रवाल ने कहा, 'स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी औपनिवेशिक काल के कई कानून बोझ की तरह बने हुए हैं। अब, भारत की आत्मा और भावना को प्रमुख आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य संहिता में शामिल कर दिया गया है, जो पुराने और अप्रचलित भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम की जगह ले रहे हैं।''इन प्रमुख आपराधिक कानूनों में बदलाव की बहुत पहले से ही जरूरत थी, क्योंकि उनके कई प्रावधान अपने उद्देश्यों से परे हो गए थे। वास्तव में वो कानून उस समय के लिए सही थे। मगर अब नए भारत की आत्मा और भावना के साथ नए कानून हमारी आपराधिक न्याय वितरण प्रणाली में एक बड़ा बदलाव लाएंगे।' इस मुद्दे पर पूर्व केंद्रीय कानून सचिव पीके मल्होत्रा ने कहा, 'ब्रिटिश काल के कानूनों की वैधता पर सवाल उठाने वाली याचिकाएं अदालतों में दायर की गई हैं और कुछ राज्य सरकारें नए कानूनों को लागू करने में अनिच्छुक हैं। इस बात पर ज्यादा जोर देने की जरूरत नहीं है कि इन तीन कानूनों यानी आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम की समीक्षा बदलते सामाजिक परिदृश्य और तकनीकी प्रगति को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए।'उन्होंने कहा, 'यह विषय संविधान की समवर्ती सूची में आता है, इसलिए संसद इन कानूनों को लागू करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। यदि कोई राज्य इनमें से किसी भी कानून में संशोधन चाहता है, तो राज्य का विधानमंडल संशोधन कानून पारित कर सकता है। हालांकि, यदि राज्य विधानमंडल द्वारा किए गए परिवर्तनों को राष्ट्रपति द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो इसे लागू किया जा सकता है।'उन्होंने आगे कहा, 'ऐसा कहा जाता है कि तीनों कानूनों के प्रावधान पीड़ित-केंद्रित हैं और इससे मुकदमे में तेजी आएगी। इसमें कोई संदेह नहीं है कि जांच, सुनवाई, फैसला सुनाने की समयसीमा, समन की तामील में प्रौद्योगिकी का उपयोग, अपराध की सुनवाई, वर्चुअल सुनवाई, जीरो एफआईआर का प्रावधान और छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा के प्रावधान जैसे प्रावधान स्वागत योग्य कदम हैं। समाज के एक वर्ग को लगता है कि आतंकवाद से संबंधित अपराध, दुर्घटना के मामले, वैवाहिक अपराध और आईपीसी की धारा 377 जैसे कुछ अपराधों के लिए सजा बढ़ाने जैसे कुछ प्रावधानों पर अधिक परामर्श और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।'पूर्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता पिंकी आनंद ने कहा, 'हमारे सिस्टम में बाधा डालने वाली बड़ी संख्या को देखते हुए, मुझे यकीन है कि इन अधिनियमों के प्रारूपकारों ने अपने काम खुद ही किए होंगे। इन संख्याओं के कारण बदलाव की आवश्यकता थी। ''यह हमारे आपराधिक कानून को लोकतांत्रिक वैधता का जोर देने का एक अभ्यास है। 'सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता एन.एस. नप्पिनाई ने भी इस मुद्दे पर अपनी राय दी। कहा, 'नए आपराधिक कानून बने रहेंगे और जितनी जल्दी हम इसे अपना लेंगे, उतना ही बेहतर होगा।'अधिवक्ता ऐश्वर्या कौशिक ने कहा,'भारत के मुख्य न्यायाधीश ने हाल ही में बताया कि जिला अदालतें अक्सर मामूली अपराधों के लिए भी जमानत देने में हिचकिचाती हैं। इससे सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में अधिक मामले आते हैं, जिससे समय बर्बाद होता है।

लातेहार में चार नक्सली गिरफ्तार, हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। पुलिस ने छिपादोहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नक्सली संगठन जेजेएमपी के चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान छिपादोहर थाना क्षेत्र निवासी बीतन लोहरा, गुड्डू लोहरा, लखन लोहरा और बरवाडीह थाना क्षेत्र निवासी वीरेंद्र सिंह के रूप में हुई। इनके पास से पुलिस ने दो देसी बंदूक और आठ गोली समेत अन्य सामग्री बरामद किया है। डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि रविवार की रात लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी के नक्सली व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर की ओर आ रहे हैं। एसपी के निर्देश पर नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम बनाकर छिपादोहर थाना क्षेत्र के बाघटोला के पास नाका लगाकर छापेमारी आरंभ की। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिल पर पांच लोग संदिग्ध अवस्था में आते दिखे। पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल सवार भगाने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। उनके पास से दो देसी बंदूक और आठ गोली बरामद हुई। इसके बाद सभी नक्सलियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। थाना में पूछताछ के दौरान गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को बताया कि वे लोग व्यवसाईयों से रंगदारी वसूलने छिपादोहर आ रहे थे। नक्सलियों ने पुलिस को यह भी बताया कि उन लोगों के द्वारा इससे पूर्व भी कई बार धमकी देकर रंगदारी वसूली गई है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों को जेल भेज दिया गया है जबकि फरार नक्सली की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

एक नजर

सुष्मिता कुमारी की शादी समारोह में शामिल हुए डॉ. परमेश्वर भगत

लापुंग। लापुंग प्रखंड अंतर्गत ग्राम सरसा में सुष्मिता कुमारी एवं सुनील कु मिंज की शादी समारोह में शामिल हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत। डॉ. परमेश्वर भगत ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और खुशहाली के साथ जीवन यापन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही भगवान से प्रार्थना किया कि इनके वैवाहिक जीवन को सुखमय रखे। मौके पर गंदूर भगत, दुर्गा उरांव, एकलव्य भगत आदि मौजूद थे।

कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी की 62 संपत्तियों को ईडी ने किया जब्त

रांची। हजारीबाग के कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी के 62 संपत्तियों को ईडी ने अस्थायी रूप से जब्त किया है। ईडी ने सोमवार को यह कार्रवाई की है। ईडी ने जिन संपत्तियों को जब्त किया है, उसकी कीमत 9.67 करोड़ रुपये आंकी गई है।
उल्लेखनीय है कि ईडी ने हजारीबाग के चर्चित कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को बीते 16 जनवरी को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच में खुलासा हुआ है, कि इजहार अंसारी ने लिंकेज (सब्सिडी दर) का 86568 टन कोयला वाराणसी और धनबाद की कोयला मंडियों में ज्यादा कीमत पर बेचा था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

टीएसपीसी के एरिया कमांडर राहुल गंझू के नाबालिग सदस्य ने किया सरेंडर

रांची। प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के एरिया कमांडर राहुल गंझू के सक्रिय सदस्य ने रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के समक्ष सोमवार को सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाला नक्सली नाबालिग है। वह रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के रहने वाला है। आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर सीआरपीएफ 133 बटा और रांची पुलिस के समक्ष सोमवार को नाबालिग नक्सली ने सरेंडर किया। उस पर बुढ़मू में आर्म्स एक्ट, 17 सीएलए एक्ट ओर आईपीसी की विभिन्न धारा में मामला दर्ज है। नाबालिग नक्सली ने सरेंडर करने के बाद बताया कि टीएसपीसी के जोनल कमाण्डर राहुल गंझू के जरिये पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के कारण वह संगठन में शामिल हुआ ।

संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी संपन्न

मांडर। सोमवार को संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज मांडर में सत्र 2024 - 26 के लिए नामांकित नये छात्र - छात्रों के अविभावकों संग शिक्षकों की संगोष्ठी संपन्न हुआ। संगोष्ठी में नये छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सूचनाएं के साथ - साथ कॉलेज परिसर में अनुशासनात्मक वातावरण प्रणाम विचार विमर्श किया गया। तथा कॉलेज परिसर में मोबाइल प्रयोग निषेध पर आपसी सहमति बनी मौके पर कॉलेज की प्रचार्या निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा की हम बेहतर रिजल्ट और छात्र - छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

जमानती वारंट के निष्पादन के बिना गैरजमानती वारंट नहीं : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि कोई मजिस्ट्रेट कोर्ट जमानती वारंट के निष्पादन रिपोर्ट के बिना गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं कर सकता। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि आदेश जारी करने वाली अदालत को सीआरपीसी की धारा 82 के तहत उद्घोषणा करने से पहले अपनी संतुष्टि करनी चाहिए कि अभियुक्त फरार था या गिरफ्तारी से बचने के लिए छिप रहा था। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी के कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गिरफ्तारी का जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन गिरफ्तारी के जमानती वारंट के निष्पादन रिपोर्ट के बिना ही मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी किया है, जो कानून में भी टिकने योग्य नहीं है। क्योंकि, यह कानून का एक स्थापित सिद्धांत है कि एक बार गिरफ्तारी का जमानती वारंट जारी करने के बाद मजिस्ट्रेट कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गिरफ्तारी का गैर-जमानती वारंट जारी करने जैसी और कठोर कार्रवाई करने से पहले गिरफ्तारी के जमानती वारंट की निष्पादन रिपोर्ट प्राप्त हो जाए।

नए भारतीय कानून को लेकर एसडीपीओ व इंस्पेक्टर ने की प्रेस वार्ता

अब दंड नहीं पीड़ित को मिलेगा न्याय, जीरो एफआईआर को मिला बढ़ावा : एसडीपीओ

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ बरही
1 जुलाई सोमवार से सम्पूर्ण भारत में भारतीय दंड सहित समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता लागू हो गया है. इसके तहत 1860 की आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट को समाप्त कर 2023 की भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू कर दिया गया है. उक्त जानकारी प्रेस वार्ता आयोजित कर एसडीपीओ सह एएसपी सूरजीत कुमार व इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने पत्रकारों को दिया. प्रेस वार्ता में महिला थाना प्रभारी पूनम कच्छप व सब इंस्पेक्टर शिवम गुप्ता भी मौजूद थे. नए कानून की जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि नए कानून ने भारी भरकम बदलाव किए गए है. कई धाराएं हटाई गई तो कई नई धाराएं लाई गई है. उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासन के राजद्रोह कानून को समाप्त कर देशद्रोह कानून लागू किया गया है. इस नए कानून में मॉब लिंचिंग के लिए दंड की व्यवस्था की गई है. अब किसी भी थाना से किसी भी क्षेत्र का मामला दर्ज किया जा सकता है. जिसे जीरो एफआईआर के तहत सेक्शन लगाते हुए संबंधित थाना क्षेत्र को भेजे जाने का प्रावधान शामिल किया गया है.

थाना दिवस का होगा आयोजन, जमीनी विवाद से बचें

बरसात को देखते हुए एसडीपीओ ने लोगो से अपील किया कि नए कानून लागू हो चुके है ऐसे में जमीन संबंधित विवाद से बचे. किसी भीं प्रकार का विवाद हो तो वह संबंधित अधिकारी सीओ, एलआरडीसी या थाना प्रभारी से संपर्क करे. आपसी मार पीट न करें. उन्होंने बताया कि शीघ्र ही थाना की ओर से थाना दिवस को पुनः चालू किया जायेगा. इसके तहत सप्ताह में एक दिन सीओ की उपस्थिती में जमीन संबंधित विवादो को निपटाने का काम किया जायेगा. इंस्पेक्टर ने तीन नए कानून की जानकारी दिया. साथ ही लोगो से आपसी सुलह से विवादो से दूर रहने की सलाह दी.

विधायक भूषण तिर्की सहित छह आरोपियों को 12 जुलाई को सशरीर कोर्ट में पेश होने का आदेश

रांची। रांची के एमएपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में गुमला विधायक भूषण तिर्की सहित छह आरोपितों से जुड़े मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। इनके आरोप गठन पर अदालत 12 जुलाई को सुनवाई करेगी। साथ ही अदालत ने 12 जुलाई को सभी आरोपितों भूषण तिर्की, फ्लोरा मिंज, शीला टोप्पो, शांति मारग्रेट बाड़ा, पुष्पा किस्पोट्टा और रंजीत सरदार को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया है। मामले में सहायक लोक अभियोजक सिद्धार्थ सिंह ने अभियोजन की ओर से अपना पक्ष रखा। विधायक भुषण तिर्की ने इस मामले में डिस्चार्ज याचिका भी दाखिल की थी, जिसे अदालत में खारिज कर दिया था। घटना को लेकर गुमला थाना में दो दिसंबर 2016 को कांड संख्या 421/ 2016 दर्ज की गयी थी। इसमें नाजायज मजमा लगाकर रोड जाम करने की बात कही गयी थी।

न्यूज बॉक्स

फर्नीचर के शोरूम में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

मांडर। थाना क्षेत्र के मेशाल तालाब के निकट फैंसी फर्नीचर शोरूम में बीते रात आग लगी थी। खबर मिलते ही पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत घटना स्थल पर पहुंचकर शोरूम संचालक महबूब अंसारी से घटना के बारे में जानकारी ली। महबूब अंसारी ने बताया कि बंद शोरूम में रात को आग कैसे लगी, इसका पता नहीं चल पाया है. सुबह शोरूम से धुंआ निकलता देख लोगों ने सूचना दी, जिसके बाद वह पहुंचे. दुकान खोला तो अंदर रखे पलंग, सोफा, ड्रेसिंग टेबल, कबर्ड, अलमीरा समेत अन्य सामान जल चुके थे. शोरूम के छप्पर का एस्बेस्टस का भी कुछ हिस्सा टूटा हुआ था। संचालक ने बताया कि लगभग सात लाख का सामान जल कर बर्बाद हो गया।

मांडर मुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

मांडर। प्रखंड अंतर्गत 19 पंचायत के मुखियाओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें ग्राम सभा / कार्यकारिणी समिति से पारित होने के पश्चात ही अबुआ आवास के लाभुकों की चयन सूची जमा करने तथा स्वीकृत करने की बात कही। साथ ही कहा गया कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो यह पंचायती राज व्यवस्था के नियम के विरुद्ध एवं प्रतिकूल है। विधायक द्वारा अपने विधानसभा अंतर्गत पांचों प्रखंडों में फरमान जारी कर कहा गया कि मेरे अनुशंसा के पश्चात ही लाभुकों की सूची मेरे प्रतिनिधियों के माध्यम से जमा होगा। अगर विधायक अपने कार्यशैली में सुधार नहीं करती है तो इसके विरोध में अनिश्चित कालीन कलमबध हड़ताल कर धरने पर बैठ जाएंगे। मौके पर बरगड़ी पंचायत के मुखिया लक्षमन भगत, मुडमा पंचायत के मुखिया बंधन उराव,मांडर मुखिया प्रकाश खलखो, तिगोई अम्बा टोली मुखिया संतोष किस्पोटा सहित सभी पंचायत के मुखिया शामिल थे।

कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष व सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ने टूटे नहर का किया निरीक्षण

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो एवं सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो ने लोटा पंचायत के उरांव गाड़ा नदी से निकले नहर का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि ये साल भर पहले टूटा है, पिछले वर्ष नहर मरम्मत सही से नहीं किया था, जिस कारण पुनः नहर टूट गया है। इस नहर से धुंधाजरा, किता, हेरलाबेड़ा, गारापार, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, खेदाडीह, धधकीडीह, बड़कीटाड़, पूरबकुल्ही, इत्यादि गांव की खेती नहर टूटने से बाधित होगी। नहर निरीक्षण के मौके पर ग्रामीण उपेंद्र नाथ महतो, कमलेश महतो, सनातन महतो, भृगुराम महतो, अनत महतो, खगेन मुंडा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। साथ ही सिल्ली प्रखंड कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो एवं सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहीराम महतो ने जल संसाधन विभाग से अतिशीघ्र नहर मरम्मत करने की मांग की है।

लोकसभा चुनाव को लेकर सिल्ली में समीक्षा बैठक आज

सिल्ली। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी गण सक्रिय सदस्य एवं समस्त क्रांतिकारी साथियों को सूचित किया जाता है कि रांची लोकसभा चुनाव समीक्षा एवं आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति और 6 जुलाई को बुंडू में आयोजित बदलाव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने हेतु केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो की उपस्थिति में सिल्ली प्रखंड में आज दो बजे से टुटकी मैदान में बैठक का आयोजन किया गया है। आप सभी से अपील है कि समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं।

डालसा का तमाड़ प्रखंड के हिंदरीडीह गांव में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रांची। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में तमाड़ प्रखंड के हिंदरीडीह गांव में डालसा द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम में एलएडीसीएस अधिवक्ता कविता खाती, पीएलवी सोनामनी देवी, रूकमनि देवी, मुस्कान कुमारी, अनिमा मल्लिक, आरती कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसीएस अधिवक्ता कविता खाती ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जेजे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। साथ ही, नशा उन्मूलन को लेकर भी बताया गया। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के विषय पर चर्चा करते हुए बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया। कविता खाती ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। रुकमनी देवी एवं सोनामनी देवी ने सड़क दुर्घटना में मिलनेवाले मुआवजा के बारे में बताया। उन्होंने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी अनिमा मल्लिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं।

नगड़ी में लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने किया पौधरोपण

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल ने सोमवार को नगड़ी स्थित श्रीराम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के परिसर में फलदार और छायेदार वृक्ष के पौधे लगाए। पौधरोपण करते हुए क्लब के निवर्तमान चार्टर प्रेसिडेंट लायन शैलेष अग्रवाल ने कहा कि बेहतरीन जीवनयापन के लिए हमें पौधरोपण का संरक्षण करना भी बेहद जरूरी है। विकास होना चाहिए, लेकिन विनाश की शर्तों पर नहीं। क्लब के प्रेसिडेंट अमित शर्मा ने कहा कि आदर्श नागरिक होने के नाते हम सबका पहला कर्तव्य है कि हम पर्यावरण के महत्व को समझें और उन्हें दूषित और नष्ट होने से बचाएं। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा क्लब गांव और शहर में फलदार और छायेदार वृक्ष लगाएगी और आम लोगों को भी इस अभियान से जोड़ सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने की अपील करेगी, ताकि पौधे बड़े होकर वृक्ष बन सकें। लायंस परिवार के सभी सदस्यों को उन्होंने पौधरोपण करने का आह्वान किया और सभी लोगों से एक-एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गोयनका ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। श्रीराम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के डायरेक्टर विकास सिन्हा ने क्लब के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आते हुए अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। मौके पर क्लब के सचिव मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, लीडरशिप चेयरपर्सन मोनिका गोयनका, पीआरओ अल्तमश आलम, पीयूष कुमार आदि उपस्थित थे।

खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड का ट्रांस्फर्मर जला, परेशानी

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
खलारी के मुख्य बाजार केडी रोड के लिए लगा जेबीवीएनएल का 200 केवीए का ट्रांस्फर्मर 29 जून शनिवार को जल गया। इस ट्रांस्फर्मर के जलने से खलारी कोयलांचल का मुख्य बाजार केडी अंधेरे में डूब गया है। बिजली नहीं रहने से 48 घंटे में सभी इन्वर्टर भी जबाब दे दिए। मोबाइल चार्ज के लिए भी लोग वैकल्पिक उपाय देख रहे हैं। जिन घरों का पानी आपूर्ति बिजली पर निर्भर था, वहां पानी का किल्लत शुरू हो गया है। शाम को जिस केडी बाजार में रौनक हुआ करता था वह सोमवार शाम अंधेरे में डूबा था। ट्रांस्फर्मर जलने की सूचना विभाग को मिल चुकी है। कनीय विद्युत अभियंता विभाग के आला अधिकारियों से बात करने का सुझाव दे रहे हैं। इधर स्थानीय लोग अपने-अपने पहुंच के अनुसार ट्रांस्फर्मर बदलने के लिए गुहार लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि विभाग के पास नया ट्रांस्फर्मर उपलब्ध नहीं है। मंगलवार को ट्रांस्फर्मर आने की उम्मीद है। सब कुछ सकारात्मक रहा तो बुधवार या गुरूवार तक केडी रोड का ट्रांस्फर्मर बदल दिया जाएगा।

ठेकेदार को धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची/ रामगढ़
सोमवार को सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ कैंट रेलवे स्टेशन के जीणोर्धार का कार्य कराने वाले ठीकेदार को पाण्डेय गिरोह के सदस्यों द्वारा रंगदारी की मांग करते हुए निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दिये जाने के संबंध में रामगढ़ पुलिस द्वारा रामगढ़ थाना कांड सं0 178/2024 दिनांक 30.06.2024 धारा-385/387/120 (बी)/34 भादवि अंकित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम द्वारा सतत रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान पाण्डेय गिरोह के 03 सदस्यों को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो मोबाईल एवं कांड में प्रयुक्त किया गया दो मोटर साईकिल को जब्त किया गया है। तीनो अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

गिरफ्तार अपराधकर्मियों के नाम : 1. धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ सोनु पाण्डेय उर्फ फुदु पाण्डेय उम्र-करीब 30 वर्ष पिता-बिपिन बिहारी पाण्डेय ग्राम-डुमरा थाना-अम्बा जिला-औरंगाबाद (बिहार) वर्तमान रानीबागी नियर रामगढ़ ब्लॉक थाना+जिला-रामगढ़। 2. सिल्टु कुमार पिता-उमेश तांती सा०-जगदीश नगर, सिद्ध-कान्हु मैदान के पिछे बाजार टांड थाना+जिला-रामगढ़। 3. ईलु रजक उर्फ सुरज पिता-इंद्रदेव रजक सा०-शिबु कॉलोनी नेहरू रोड थाना+जिला-रामगढ़।

बरामद सामान : 1. गिरफ्तार अपराधियों का 02 मोबाईल फोन। 2. अपाची मोटर साईकिल नं० जेएच01सीओ -5633
3. पीला ग्रे रंग का प्लसर मोटर साईकिल नं०जेएच 24ई -4608
छापामारी दल में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहु, पुअनि आशुतोष कुमार सिंह, पुअनि मंजेश कुमार सिंह, पुअनि सौरभ कुमार ठाकुर, सअनि सुजीत कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे ।

कानून में अब दंड के साथ न्याय व्यवस्था पर भी जोर

डीएवी खलारी में बच्चों को दी गई तीन नए कानूनों की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता। खलारी
डीएवी स्कूल खलारी के लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा एक जुलाई 2024 से लागू हुए तीन नए कानूनों की जानकारी विद्यालय के बच्चों को दी गई। इस क्लब में शामिल बच्चे आशी सिंह, वाणी राज, साक्षी कुमारी, सेलीना परवीन, शिवांशी, कोमल कुमारी व हर्ष सिंह कहलोन ने देश में आज से लागू हो रहे आपराधिक न्याय प्रणाली की दिशा में तीन नए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जानकारी कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को दी। विद्यार्थियों ने बच्चों को बताया कि कोई अपराध होने की स्थिति में या आपके साथ कोई धोखाधड़ी का चक्कर हो जाय तो आप किसी भी थाने में जाकर एफआईआर दर्ज करवा सकते हैं। आप आनलाइन या ईमेल से भी प्राथमिकी दर्ज करवा सकते हैं। इन कानूनों में अब दंड के साथ-साथ न्याय व्यवस्था पर भी जोर दिया गया है। विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने भी बच्चों को इन नए कानूनों के बारे में संक्षेप में बताया। उन्होंने कहा कि अब नए कानूनी प्राविधानों के तहत कम समय में अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया संपन्न कराने की व्यवस्था हमें मिल चुकी है। प्राचार्य महोदय ने लीगल लिटरेसी क्लब के इस कदम की सराहना की।

खलारी के जेहलीटांड़ में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

खलारी। खलारी थाना अंतर्गत जेहलीटांड विश्रामपुर निवासी 20 वर्षीय महिला सुप्रिया कुमारी ने घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार दोपहर डेढ़ बजे की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कि सुप्रिया घर के छत में दुपट्टा से झूलकर फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने ही पुलिस को सूचित किया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर कर शव को फंदे से उतारी और पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दी। घटनास्थल से पुलिस को न तो किसी तरह का सुसाइड नोट मिला है न ही अन्य कारणों का पता चल सका हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। घटना को लेकर खलारी थाना में यूडी केस दर्ज किया गया है। मालूम हो कि सुप्रिया कुमारी खलारी के ही डेमधौड़ा में अपने पति के साथ रह रही थी। हाल ही में जेहलीटांड विश्रामपुर स्थित अपने मायके आई हुई थी। मृतका की एक सात महीने की बेटी है।

डॉ. बीपी केशरी की जयंती पर सम्मानित की गईं पांच छात्राएं

नवीन मेल संवाददाता। पिठोरिया
झारखंड आंदोलनकारी, इतिहासकार, शिक्षाविद्, पत्रकार एवं समाजसेवी डॉ बिशेश्वर प्रसाद केशरी की 91वीं जयंती सोमवार को नागपुरी संस्थान (शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र) पिठोरिया और प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मैट्रिक की परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने वाली पांच छात्राओं को डॉ विसेश्वर प्रसाद केसरी सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में प्रथम स्थान पर रहनुमा परवीन (94.2 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर कोमल कुमारी (94 प्रतिशत), तृतीय स्थान पर प्रियंका कुमारी व श्रेया केसरी (93.2 प्रतिशत) तथा चतुर्थ स्थान पर अमृता कुमारी (92.4 प्रतिशत) शामिल हैं। इन छात्राओं को संस्थान के सचिव सुजीत कुमार केसरी ने प्रशस्ति पत्र एवं शब्दकोश देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विजय कुमार पांडे ने कहा कि डॉ बीपी केशरी झारखंडी संस्कृति की पहचान रहे हैं। वे नागपुरी भाषा, यहां की सभ्यता-संस्कृति, रीति-रिवाज, यहां की परंपरा और देशज अस्मिता को विशेष पहचान दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। उनका जीवन हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में नीरज कुमार, शैलेश तिर्की, रंजीत तिर्की, सचित राणा, अमृता, शबनम, पिंकी, सरिता, सविता, मोनिका, रेखा, तसलीमा, रागिनी, ग्लोरिया गुड़िया, रागिनी, मार्गेट, हेमा, आरती, प्रियंका एवं अन्य उपस्थित थे।

आर्किड सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने डॉक्टर्स डे पर किया निःशुल्क ओपीडी का आयोजन

चिकित्सकों का दायित्व मरीजों की सेवा करना : एससी जैन

नवीन मेल संवाददाता। रांची
डॉक्टर्स डे के अवसर पर आर्किड सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने सोमवार को निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी ओपीडी का आयोजन किया। इसमें लैब एवं रेडियोलॉजी जांच पर 20% तक की छूट दी गई थी। लगभग 100 लोगों ने इस निःशुक्ल परामर्श का लाभ उठाया। साथ ही, डॉक्टर्स डे के अवसर पर आर्किड अस्पताल में कार्यक्रम भी आयोजन की गई जिसमें स्वास्थ्य और उपचार के प्रति डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका वीडियोज प्रस्तुत कर के आभार व्यक्त किया। इस साल की थीम 'हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स' है जो डॉक्टरों की अपने मरीजों के प्रति करुणा और समर्पण पर जोर देती है। कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर की गई। मौके पर हॉस्पिटल के चेयरमैन एससी जैन, डायरेक्टर अनंत जैन, सिद्धांत जैन, सीईओ पीकेगुप्ता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट अंजनी कुमार और नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मौजूद थे। आर्किड अस्पताल के चेयरमैन एससी जैन ने सभी डॉक्टरों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डॉक्टर्स की खास उत्तरदायित्व होता है मरीजों की सेवा करना जो मरीजों को सबसे पहले रखते हैं उन्हें उनका स्वास्थ्य उपहार में देते हैं। इसके साथ ही डॉक्टर्स डे के अवसर पर ऑर्किड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तरफ से फ्री जेनेरल हेल्थ चेकअप एवं नेत्र जांच शिविर एसबीआई के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस कचहरी, रांची में लगया गया। इस शिविर में ऑर्किड हॉस्पिटल के विशेषज्ञ मौजूद थे।

एबीआरएसएम उच्च शिक्षा संवर्ग झारखंड की ऑनलाइन बैठक संपन्न

रांची। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (एबीआरएसएम) की आगामी बैठक 11 जुलाई अपराह्न 3:30 बजे से रांची स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के सभा कक्ष में होगी। उक्त बैठक में एबीआरएसएम के तीन केंद्रीय पदाधिकारियों क्रमशः राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर (नई दिल्ली), राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री लक्ष्मण (बेंगलुरु) एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार (लखनऊ) विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में शिक्षकों की समस्याओं एवं निराकरण पर चर्चा के साथ झारखंड राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में हुए छुट्टी में कटौती, प्रोन्नति आदि पर विशेष रणनीति बनाई जाएगी। सोमवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, झारखंड प्रदेश की ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

नीट घोटाले से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नेता रोज नये शिगूफे छोड़ रहे : कांग्रेस

रांची। देशव्यापी नीट घोटाले के विरोध में उठ रही आवाज से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा नेता रोज नये शिगूफे छोड़ रहे हैं। नीट घोटाले की आंच जब इनके आकाओं के दामन तक पहुंची तब इन्हें झारखंड में भ्रष्टाचार दिखने लगा। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने सोमवार को कहा कि झारखंड सरकार छात्रों और युवाओं के भविष्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और उनके हर मसले पर गंभीर नजर रखती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जिस तरह से छात्र युवा के मसले पर संजीदा है इसे सीखकर भाजपा नेता को भी अपने वरीय नेताओं को छात्रों युवाओं के भविष्य के लिए सकारात्मक रूख अपनाने की सलाह देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की ऐसी परीक्षा जिसके छात्रों पर देश की स्वास्थ्य सेवा को संचालित करने का जिम्मेदारी होता है उसमें हुए घोटाले पर संसद में बहस करने की मांग जब राहुल गांधी और विपक्षी दलों द्वारा की जा रही है, तो सरकार इससे बचकर भागना चाहती है। लेकिन विपक्ष के मजबूत विरोध के बाद शुरू में नीट घोटाले को क्लीन चिट करार देने वाले अब इसकी सीबीआई जांच करा रहे हैं।

रिम्स ओपीडी मंगलवार

ईएनटी और एचएनएस
प्रो. (डॉ.) संदीप कुमार और डॉ. बी के. सिन्हा
नेत्र विभाग
डॉ. एम. दिपक लकड़ा
मनोचिकित्सक
डॉ अजय कुमार बाखला
पेडियाट्रिक
डॉ.(प्रो.) आर मिश्रा
चर्म रोग विभाग
डॉ.(प्रो.) डीके मिश्रा
न्युरो विभाग
डॉ. अनांद प्रकाश
गायनी विभाग
डॉ.(प्रो.) अर्चना कुमारी
मेडिसिन विभाग
प्रो.(डॉ.) बिंदे कुमार

एक नजर

श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में आषाढ़ की योगिनी एकादशी अनुष्ठान आज

रांची। श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में आषाढ़ मास की कृष्ण पक्ष की योगिनी एकादशी व्रत को ले मंगलवार (02 जुलाई) को विशेष अनुष्ठान का आयोजन होगा। मंगलवार की प्रातः महाविष्णु-श्रीवेंकटेश्वर के विश्वरूप दर्शन के बाद नित्याराधन, श्रृंगार, महाआरती, नैवेद्य भोग तथा महास्तुति और तदियाराधन आदि के उपरांत आम श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजा के लिए मंदिर के बाहरी कपाट को खोल दिए जाएंगे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि आषाढ़ के कृष्ण पक्ष की एकादशी का नाम 'योगिनी' है। यह बड़े-बड़े पातकों का नाश करने वाली है। संसार सागर में डूबे हुए प्राणियों के लिए यह सनातन नौका के समान है।

सदर एसडीओ ने बीएलओ से प्राप्त किए गए प्रपत्रों की जानकारी ली

रांची। सदर एसडीओ रांची उत्कर्ष कुमार ने सोमवार को बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन तथा पर्यवेक्षकों द्वारा स्टीकर चस्पा किए जाने से संबंधित स्थल का भ्रमण कर उसका निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्र संख्या-143, 144, 145, 146, 147, 148, 149, 151, 280, 281, 282, 283, 284, 265, 285 287 के बीएलओ से अभी तक प्राप्त किए गए प्रपत्रों की जानकारी ली। मतदान केंद्र संख्या-281 के बीएलओ प्रवीण कुमार चौधरी तथा 286 के बीएलओ शशिबाला कच्छप का कार्य संतोषप्रद नहीं पाए जाने के कारण तथा मतदान केंद्र सं-147 के बीएलओ मेधा मिंज के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण की मांग की। निरीक्षण का कार्य प्रतिदिन जारी रहेगा।

राज्य में भी नए आपराधिक कानून लागू

अभ्यस्त होने में लगेगा समय, पर मिलेगा न्याय

नवीन मेल संवाददाता

रांची। देश में नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद राजधानी रांची में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत पहला मामला दर्ज किया गया है। लेकिन, पुलिस प्रशासन के सामने इस बात को लेकर कई चुनौतियां हैं, जैसे कि जीरो एफआईआर पर काम करना, ऑनलाइन एफआईआर पर केस डायरी तैयार करना, अनुसंधान करना आदि। इसमें कुछ तकनीकी बातें भी हैं। वीडियोग्राफी के साथ अनुसंधान कर एप में लोड करने को लेकर भी थोड़ी कठिनाई की बात सामने आ रही है। अमुमन किसी दूसरे थाना क्षेत्र में हुई घटना पर किसी अन्य थाने में एफआईआर नहीं हो पाता था। लेकिन, अब ऐसा संभव है। इस पर जहां एफआइआर होगा, वहां की पुलिस संबंधित केस का अनुसंधान कर केस डायरी तैयार करनी होगी। इसके बाद वहां से उस थाना को केस डायरी भेजा जाएगा, जहां पर घटना हुई है। सुखदेव नगर थाना के प्रभारी ने बताया कि नए कानून में बदली गई धाराओं तथा उसके स्वरूपों को समझने में कुछ दिन लग सकते है।

पुलिस निरीक्षक सुरेश कुमार मंडल ने कहा कि अब तक आईपीसी के तहत दंड की बात होती थी। लेकिन, देश में बढ़ रहे अपराध को देखते हुए नए कानून की जरूरत थी। इसके तहत अब न्याय की बात होगी। लूटपाट पर दंडात्मक नियम लागू होंगे। वहीं, मॉबलिंचिंग जैसे अपराध के लिए नए सेक्शन को लाया गया है। पंडरा थाना प्रभारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता में धारा बदलने के साथ उसमें कई क्लॉज को जोड़ा गया है। इस नए कानून में काफी पारदर्शिता होगी। लेकिन, नए ढर्रे में ढलने में थोड़ा समय लगेगा।

कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि चीजें बदलती हैं, तो थोड़ा समय लगता है। पहले भी फोटोग्राफी तथा वीडियो करते थे। थाना में संभवतः कुछ दिनों तक दुविधा रहेगी। पर, ट्रेनिंग तो कराई ही गई है। इसलिए परेशानी कम होगी।

नए कानून को लेकर चल रही ट्रेनिंग का समापन आज

नए कानून के लागू होने से पहले ही पुलिस विभाग के कन्नीय पदधिकारियों की ट्रेनिंग शुरू हो चुकी थी। इस ट्रेनिंग का समापन मंगलवार को होगा। इस पांच दिवसीय ट्रेनिंग में 200 की संख्या में रांची जिले के पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके तहत भारतीय न्याय संहिता तथा भारतीय नागरिक कानून आदि की जानकारी दी गई है। यह ट्रेनिंग पुनी रमाकांत ओझा, दयानंद, सुरेश कुमार मंडल द्वारा दी जा रही है।

डिजिटल साक्ष्य भी मान्य, नहीं बच पाएंगे अपराधी

रांची। भारत में एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। इसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं। इंडियन एविडेंस एक्ट

के मुकाबले भारतीय साक्ष्य अधिनियम में कई ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो अपराधियों को भाग निकलने नहीं देगा। इसमें डिजिटल साक्ष्य पर व्यापक प्रावधान हैं, जो अपराधियों को बचने नहीं देगा। इसमें डिजिटल प्रमाणों, जैसे व्हाट्सएप, कॉल रिकार्डिंग, वीडियो कॉल को भी कानूनी तौर पर साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। इस संबंध में रांची के विधि विज्ञान निदेशालय एवं प्रयोगशाला से बात की गई, तो वहां से बताया गया कि फॉरेंसिक लेबोरेट्री में सारी अत्याधुनिक तकनीक एवं विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। पहले से ही फॉरेंसिक लेबोरेट्री में व्यवस्था अच्छी है।

व्हाट्सएप, कॉल रिकार्डिंग, विडियो कॉल भी अब कानूनी तौर पर साक्ष्य के रूप में मान्य होंगे

अपराध	पुराना आईपीसी	नया बीएनएस
ठगी	धारा 420	धारा 318
मानहानि	धारा 399	धारा 356
दुष्कर्म	धारा 376	धारा 63
हत्या का प्रयास	धारा 307	धारा 109
हत्या	धारा 302	धारा 101
गैर कानूनी सभा	धारा 144	धारा 189
देश द्रोह	धारा 125	धारा 152

बेहतर परिवहन की राह पर रांची, इनर रिंग रोड का हो रहा निर्माण

राजधानी में जाम की समस्या से अब मिलेगा छुटकारा

मनोज मिश्रा

रांची। राजधानी की सड़कों पर आए दिन जाम देखने को मिलता है। इससे जनता त्रस्त हो चुकी है। यहां तक कि रांची के बाहर से आए लोग भी परेशान नजर आते हैं। रांची राजधानी है, पूरे झारखंड से लोगों का यहां आना स्वाभाविक है। राज्य के बाहर से भी लोग आएंगे। रांची के आसपास के रहने वाले लोग भी अपनी रोजमर्रा के कामों से रांची आते हैं और शाम होते-होते लौट जाते हैं। इस भीड़ को राजधानी की सडकें अब और बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है। कोई सड़क खाली नजर नहीं आती है। सभी जगह जाम, जाम और केवल जाम! वहीं, दूसरे राज्यों की राजधानी पर गौर करें, तो वहां रांची की तरह जाम स्थिति नहीं होती है।

अब रांची भी विकास की राह पर चल पड़ा है। जाम की सिथति से निपटने के लिए शासन-प्रशासन लगातार कोशिश कर रही है। इसी कड़ी में राजधानी रांची में रिंग रोड बनने का काम शुरू हो चुका है।



इनर रिंग रोड के सपने को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया जा चुका है : विनोद कच्छप

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के संवाददाता ने पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची के कार्यपालक अभियंता विनोद कच्छप से बात की। उन्होंने इनर रिंग रोड के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड की राजधानी में इनर रिंग रोड रांचीवासियों की चाहत थी। इस सपने को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि चार स्तरों पर पथों के निर्माण संबंधी जानकारी मुझे अभी तक प्राप्त हुई है। इसके अंतर्गत बड़गाई से बोड़ैया पथ, जिसमें बड़गाई, लेम बस्ती, बोड़ैया गांव आते हैं, पर काम चल रहा है। पंडरा से कांके पथ, जिसमें कांके, डैम बस्ती,गोंदा बस्ती, मीट्ठा बस्ती, शुकुरहुटटु और पंडरा गांव आते हैं। खेलगांव से नामकुम पथ, जिसमें खेलगांव, होटवार, गाड़ीगांव, महुआ टोली, सरना टोली, लोआडीह, नामकुम गांव आते हैं। एयरपोर्ट से कोचबांग पथ, जिसमें हुंडरू, हैथु, टूटे, चंदाघासी, भूसूर, कोचबांग गांव आते हैं, शामिल हैं। इसमें एक पथ पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस तरह दो पथों पर काम हो रहा है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी 'मन की बात'

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 111वें संस्करण का प्रसारण आरडीएस पब्लिक स्कूल नामकुम में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुना। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश किसान मोर्चा नेता सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने किया। 'मन की बात' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश संगठन महामंत्री करमवीर सिंह ने कहा कि मोदी जी के मन की बात देश को समर्पित है। देश को दुनिया की अग्रिम पंक्ति मे लाना उनका मकसद है। देश के अंतिम व्यक्ति तक उनकी बात पहुंचे, इसका प्रयास हम सभी को करना है। पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण कार्य को करना है। साथ ही, विधान सभा चुनाव की तैयारी में लग जाना है। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि बूथ स्तर तक पार्टी की नीतियों को बताना, पहुंचाना, जरूरी है। पूर्व विधायक राम कुमार पहान ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों को जन जन तक जाकर उनसे मिलकर उनको बताना है। तीनों बूथ के अध्यक्ष को मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने अंग वस्त्र दिया, जिसे मुख्य अतिथि ने ओढ़ाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अरुण झा ने सैनिकों की समस्याओं से संबंधित पांच सूत्री मांग रखी।

न्यूज बॉक्स

प्रोजेक्ट के नाम पर अवैध वसूली बंद करे विश्वविद्यालय : युवा आजसू

रांची। युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के सूर्या प्रकाश शुक्ला ने कहा कि डीएसपीएमयू में वाणिज्य विभाग के जितने भी शिक्षक हैं, उनकी डिग्री की जांच की जाए। डीएसपीएमयू में जितने भी शिक्षक एडहॉक कांट्रैक्ट पर हैं, वे कहीं ना कहीं और जगहों पर पढ़ा रहे हैं। यह यूजीसी के नियम के विरुद्ध है। ऐसा करने वाले शिक्षकों की जांच कर इन पर कार्रवाई की जाए। वहीं, वाणिज्य विभाग के शिक्षक द्वारा प्रोजेक्ट के नाम पर छात्र-छात्राओं से 500 रुपये मांगा जा रहा है। इसका विरोध कर रहे हैं छात्र-छात्राओं को वाणिज्य विभाग के शिक्षकों द्वारा डराया-धमकाया जा रहा है और कहा जा रहा है कि उन्हें प्रोजेक्ट में जीरो मार्क्स देकर फेल कर दिया जाएगा। कहा कि विश्वविद्यालय प्रोजेक्ट के नाम पर अवैध वसूली बंद करे। अगर जल्द ही इन सभी मामलों पर छात्र हित में उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो युवा आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय में तालाबंदी करने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर मौजूद डीएसपीएमयू की कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने वाणिज्य विभाग के एचओडी को फोन करके इस मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि इन सारे मामलों को कुलपति के सामने गंभीरता से रखा जाएगा एवं दोषी पर कार्रवाई भी की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में मुकेश, किशोर, अमन, शिवम, रिशु, अशफाक आदि छात्र शामिल थे।

नए कानून के तहत रांची के कोतवाली थाने में चोरी का दर्ज हुआ पहला केस

रांची। देशभर में तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - सोमवार (01 जुलाई) से लागू हो गए। नए कानून के तहत रांची के कोतवाली थाने में सोमवार को चोरी का पहला मामला दर्ज किया गया है। पहला मामला आईपीसी की जगह बीएनएस यानी भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 के तहत दर्ज हुआ है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित एक दवा दुकान में चोरी की घटना के बाद पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया है। नए क्रिमिनल लॉ के लागू होने से पहले चोरी की घटना पर आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज होता था। लेकिन, अब बीएनएस की धारा 303 (2), 305(ए) के तहत मामला दर्ज होगा। कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार के श्रद्धानंद रोड स्थित रश्मि इंटरप्राइजेज नाम की दवा दुकान में रविवार की रात चोरी की वारदात हुई थी। संचालक रश्मि कुमारी चौधरी सोमवार की सुबह जब दुकान पहुंचीं, तो देखा कि शटर का ताला टूटा है। इसके बाद दुकान के अंदर जाकर गल्ला देखा, तो पाया कि उसमें रखा करीब सवा लाख रुपये गायब हैं। साथ ही, चांदी के आठ सिक्के भी नहीं थे। उन्होंने तत्काल कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत की। उनकी शिकायत पर पुलिस ने नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303 (2), 305 (ए) के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर लूसी रानी को दिया गया है। इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि चोरी का मामला नए कानून के तहत दर्ज किया गया है।

ओम और विशान ने बीबीएमकेयू को कुलपति मिलने पर खुशी जाहिर की

रांची। आजसू छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा और महासचिव विशाल महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बीबीएमकेयू को नए स्थायी कुलपति मिलने पर खुशी जाहिर की है। उनहोंने राज्यपाल सह कुलाधिपति के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बीबीएमकेयू की तरह सभी विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति की नियुक्ति की जाए।

एमिटी यूनिवर्सिटी में नए आपराधिक कानूनों पर पैनल चर्चा का आयोजन



रांची। एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक अध्यक्ष और चांसलर के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, एमिटी लॉ स्कूल और छात्र कल्याण विभाग ने संयुक्त रूप से सोमवार को 'नए आपराधिक कानूनों पर पैनल चर्चा' का आयोजन किया। इसमें मुख्य तौर पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) शामिल हैं। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ अशोक के श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं। अजय कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग स्कूल, रांची ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी देते हुए, उन्होंने कहा की अपनी ताकत और संसाधनों के भीतर पुलिस की बुनियादी जिम्मेदारियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब से वह पुलिस में शामिल हुए हैं, अक्सर साइबर क्राइम के मामले सामने आते रहते हैं। भारतीय न्याय संहिता, तीन आपराधिक कानूनों में से एक है जो संगठित अपराध, घृणास्पद भाषण, मॉब लिंचिंग, आतंकवादी कृत्य आदि से संबंधित है। उन्होंने कहा, तीनों नए लाए गए कानूनों को डिजिटल तरीके से निपटाया जाएगा, जिससे समाज को फायदा होगा।

जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाला गिरफ्तार

रांची। जिला बदर सक्रिय अपराधकर्मी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। साथ ही, उसके पास से एक देसी लोडेड पिस्तौल बरामद किया गया है। बता दें कि वरीय पुलिस अधीक्षक को सूचना प्राप्त हुई थी कि जिला बदर सक्रिय अपराधकर्मी संतु उरांव उर्फ मुन्ना उरांव, पिता अंगना उरांव, ग्राम टांगरबसली, थाना मांडर, जिला रांची को मांडर थाना क्षेत्र के कैंबो जाने वाले रास्ते में स्थित जंगली क्षेत्र में घुमते हुए देखा गया है। इसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक रांची ने पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया और अविलंब सत्यापन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, छापामारी दल द्वारा मांडर थाना क्षेत्र के बुढ़ाखुखरा से कैंबो जाने वाले रास्ते स्थित जंगल में छापामारी कर संतु उरांव को खदेड़कर पकड़ लिया गया। उसके पास से एक देसी लोडेड पिस्तौल बरामद हुआ। संतु उरांव के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर मांडर थाना क्षेत्र के टांगरबसली में छापामारी कर एक देसी कार्रबाइन एवं एक देसी पिस्तौल तथा सात गोली बरामद भी किया गया है।

15 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रांची। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 से 15 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। सहायक उपनिरीक्षक रवि शेखर ने सोमवार को बताया कि आरपीएफ रांची मंडल के सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के जरिये बनाई गई फ्लाइंग टीम ने आरपीएफ पोस्ट हटिया के साथ मिलकर ऑपरेशन नारकोस के तहत यह कार्रवाई की है। हटिया रेलवे स्टेशन पर चेकिंग के दौरान दो तस्करों को भारी बैग के साथ संदिग्ध तरीके से बैठे देखा। बैग की जांच करने पर 15 किलो गांजा बरामद किया गया। तस्करों में उत्तर प्रदेश के बारापुर थाना निवासी सचिन कुमार और उत्तर प्रदेश के धर्मपुर थाना का एक नाबालिग शामिल है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उनके पास बैग में लिपटा हुआ मारिजुआना (गांजा) है।

आभूषण लूट मामले में पुलिस को नहीं मिल पाई है सफलता

अपराधी अब तक पकड़ से दूर

लूट को अंजाम दे आराम से हो जा रहे फरार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी में पिछले डेढ़ से दो साल के अंतराल में आठ बड़ा ज्वेलरी लूटकांड हुआ है। शुक्रवार को बिरसा चौक स्थित डीपी ज्वेलर्स में करीब एक करोड़ 40 लाख रुपये के आभूषण आदि की लूटपाट के बाद राजधानी के सभी ज्वेलर्स प्रशासन के खिलाफ फ्रंटफुट पर आ गए हैं। क्योंकि, यह राजधानी में हुई अब तक की यह सबसे बड़ी लूट मानी जा रही है।

डीपी ज्वेलर्स में लूट की वारदात पुलिस के सामने चुनौती के समान है। चार अपराधी हेलमेट पहन कर दुकान में प्रवेश करते हैं, हथियार से हमला कर के लूट की घटना को अंजाम देते हैं और आराम से फरार हो जाते हैं। लूट के दौरान अपराधी दुकान के संचालक को गोली मार देते हैं। साथ ही, वहां मौजूद कर्मचारियों से भी मारपीट करते हैं। इससे पहले बजरा स्थित न्यू पंचवटी ज्वेलर्स में हुई लूट में अपराधियों ने पहले ग्राहक बन कर संचालक को गुमराह किया, फिर बंदूक का डर दिखा कर आभूषण और नकदी लूट लिये।

डीपी ज्वेलर्स में जिस क्रूरता के साथ लूट हुई है, ऐसा लगता है कि वे सभी प्रोफेशनल अपराधी हैं। पुलिस को इस पर सघन जांच करने की जरूरत है। साथ ही, सरकार को भी अपनी नीति में बदलाव लाने की आवश्यकता है। ताकि, कोई भी लूटे गए सोने को बिना किसी आधार के बेच नहीं पाए।

– विजय वर्मा, पूर्व अध्यक्ष, सोना चांदी व्यवसायी संघ, रांची।

विगत डेढ़-दो वर्ष में यहां हुई है लूट

बजरा में न्यू पंचवटी ज्वेलर्स : चार अपराधियों ने बंदूक की नोक पर 70 लाख रुपये के आभूषण एवं अन्य सामान लूट लिये। वारदात को हुए एक माह भी नहीं हुए हैं। इस पर पंडरा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस का अनुसंधान जारी है। इसे लेकर आला अधिकारियों की बैठक चल रही है।

दीपाटोली में गोल्ड प्लाजा : दीपाटोली स्थित गोल्ड प्लाजा में तीन महीने पहले दिनदहाड़े दुकान में घुसकर लूटने का प्रयास किया गया। दुकानदार के विरोध के बाद अपराधी भाग निकले, लेकिन उनकी मोटरसाइकिल छूट गई। अपराधी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। सदर डीएसपी ने बताया कि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। पता करके बताया जाएगा।

देवी मंडप में ज्वेलर्स से लूट : आदर्श ज्वेलर्स के संचालक देवी मंडप स्थित अपने आवास जा रहे थे। रास्ते में अपराधियों ने रिवाल्वर दिखाकर उनसे सारा सोना छीन लिया। घटना एक वर्ष पहले की है। घटनास्थल पर कई दुकानों में सीसीटीवी कैमरे भी लगे थे। सुखदेव नगर थाना प्रभारी का कहना है कि इस संदर्भ में हमें कोई जानकारी नहीं है। यहां अधिसंख्य अधिकारी नए हैं।

काठीटांड़ में सोने-चांदी के व्यवसायी से लूट : रातू स्थित काठीटांड़ में दो वर्ष पहले सोने-चांदी के व्यवसायी के साथ बीच रोड पर छिनतई की गई थी। छिनतई के बाद बीच सड़क पर गोली मार दी गई थी। इस पर थाना प्रभारी ने कहा कि मुझे ज्वाइन किए हुए अभी 15 दिन ही हुए हैं। ऐसे में इस पर कुछ भी बता पाना संभव नहीं है।

बांग्ला स्कूल के पास ज्वेलर्स से लूट : बांग्ला स्कूल के बगल में दिनदहाड़े राजेश पाल से सोने-चांदी का समान का लूट लिया गया था और उन्हें गोली मार दी गई थी। घटना दो वर्ष पहले की है। इसमें अपराधियों का चेहरा स्पष्ट देखा गया है। डेली मार्केट थाना प्रभारी ने बताया कि इस पर अनुसंधान चल रहा है।

थड़पखना में आभूषण दुकान में लूट : थड़पखना में दो वर्ष पहले जेवर की दुकान में लूट हुई थी और संचालक को जान से मार दिया गया था। इस घटना के बाद काफी हंगामा हुआ था, लेकिन आज तक अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं। घटना को लेकर इसके अनुसंधान पर पुलिस से स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

लालपुर में जेवर दुकान में लूट : लालपुर में आईसीआईसीआई बैंक के सामने डेढ़ वर्ष पहले जेवर की दुकान में दिनदहाड़े लूट हुई थी। इसमें अपराधी ने बंदूक की नोक पर सारा सामान लूट लिया था।

कोचिंग संस्थानों के भ्रामक बैनर-पोस्टर से पटी है रांची

राज्य में नहीं है कोचिंग संस्थानों पर लगाम

रजनीश

रांची। राजधानी रांची में कोचिंग संस्थानों का जाल बिछा हुआ है, जिसमें छात्र फंसते ही रहते हैं। झारखंड के कोचिंग संस्थानों पर किसी का कोई लगाम नहीं है। यही कारण है कि राजधानी रांची के हर चौक-चौराहे पर कोचिंग संस्थानों के बैनर-पोस्टर भरे हुए हैं।

बैनर-पोस्टर में अपनी-अपनी कोचिंग की केवल बड़ाई है। साज-सजावट में भी कोई कमी नहीं है। यदि किसी प्रकार की कोई कमी है, तो वह यह है कि सही-सही सूचना नहीं दी गई है। बैनरों में क्वालिफाई अभ्यर्थियों के फोटो लगे हैं। फोटो पर प्राप्तांक लिखे हैं। सभी कोचिंग वाले अपना-अपना गुणगान कर रहे हैं। जिन बच्चों के फोटो लगे हुए हैं, उन्होंने किस वर्ष क्वालीफाई किया है, इसकी जानकारी बैनर में नहीं है। देखने से ऐसा लगता है कि सारे बच्चे इस वर्ष क्वालिफाई किए हैं। कोचिंग संस्थान जानकारी से ज्यादा भ्रम फैला रहे हैं। सभी बैनरों में अधूरी जानकारी दी गई है। पूरी जानकारी तो शायद वहां पढ़ने वाले छात्रों को भी नहीं दी जाती होगी।

आए दिन इन कोचिंग संस्थानों के बारे में कुछ ना कुछ सुनने को मिलता रहता है। एक कोचिंग संस्थान ने तो दूसरे राज्य के छात्रों को अपना छात्र बता दिया है। हर कोचिंग ये दावा करती है कि टॉपर मेरे यहां से ही हैं। अधिक से अधिक छात्र मेरी कोचिंग से ही पढ़ाई कर क्वालिफाई किए हैं। बैनर-पोस्टर और तथ्यों की पुष्टि करने वाला कोई नहीं है। जो लग गया है, वह लग गया है। क्या सही है, क्या गलत है, इसकी जांच करने वाला कोई नहीं है। सभी कोचिंग संस्थान अपने मन के मालिक हैं। लगता है उन्हें किसी का भी डर नहीं है।

एक नजर

निलंबित आईएएस छवि रंजन सहित नौ की हिरासत अवधि बढ़ी

रांची। रांची के बरियातू मौजा के सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी गई है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जेल में बंद आरोपितों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख आठ जुलाई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन चार मई, 2023 से जेल में बंद हैं। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल न्यायिक हिरासत में हैं।

तल्हा खान की डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला 4 जुलाई को

रांची। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सेना के कब्जेवाली बरियातू मौजा के 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में शामिल आरोपित तल्हा खान की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत अपना सुरक्षित आदेश चार जुलाई को सुनाएगी। आरोपित ने अपने आप को मामले में निर्दोष बताते हुए 20 मई को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। ईडी ने बड़ागाईं निवासी तल्हा खान को 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, भानु प्रताप प्रसाद सहित दस आरोपित चार्जशीटेड है।

दहेज प्रताड़ना में दोषी को तीन साल की सजा

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने सोमवार को दहेज प्रताड़ना से जुड़े दस साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए हिन्दपीढ़ी निवासी मो. अफरोज को दोषी करार कर तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने मो. अफरोज पर 27 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर मो. अफरोज को 11 महीने जेल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी शंभु शरन ने अदालत के समक्ष सात गवाहों को प्रस्तुत किया था। मामले में मो. अफरोज 10 जून 2014 से पांच दिसंबर 2014 तक जेल काट चुका है।

राहुल ने सदन में दिया हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा दिए गए हिंदू विरोधी बयान की कड़ी निन्दा की है। मरांडी ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं को झूठा और नफरती बताकर राहुल गांधी ने फिर से अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का संसद भवन के अंदर ऐसा वक्तव्य देना बहुत ही गंभीर विषय है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अविलंब इस शर्मनाक हरकत के लिए पूरे देश से माफी मांगें। कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधे हो चुके राहुल गांधी का यह बयान हिंदू धर्म के खिलाफ

खतरनाक और सुनियोजित साजिश का हिस्सा है। कल तक इंडी एलायंस के नेता सड़कों पर हिन्दू धर्म को मिटाने की बात करते थे, लेकिन आज संसद के अंदर हिन्दू धर्म का अपमान कर राहुल गांधी और इंडी एलायंस की पूरी जमात ने अपने बबार्दी को निमंत्रण दे दिया है। कहा कि देश की जनता इसका उचित जबाव देगी।

हिंदुत्व को सदैव अपमानित करने वाली कांग्रेस का चरित्र फिर से उजागर हुआ : सेठ

- *राहुल गांधी ने पूरे हिंदू समाज का अपमान किया*
- *हिंदू समाज से सामूहिक माफी मांगे कांग्रेस*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज को हिंसक बताने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए इस बयान की कड़ी भर्त्सना की है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी का बयान हिंदू समाज को अपमानित करने वाला है। राहुल गांधी को पूरे हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

रक्षा मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से हिंदुत्व विरोधी रही है। हिंदुत्व को सदैव अपमानित करने वाली कांग्रेस का चरित्र आज फिर से देखने को मिला। उनके नेता राहुल गांधी ने आज सदन में हिंदुत्व और हिंदुओं को हिंसा से जोड़कर अपनी तुच्छ कांग्रेसी मानसिकता का परिचय दिया है। हिंदू समाज जितना सहनशील होता है, उतना कोई धर्म नहीं। हिंदू समाज कभी अपने हित की बात नहीं करता बल्कि पूरे विश्व की कल्याण की बात करता है। हम राम के वंशज हैं। राम का वंशज कभी हिंसक नहीं हो सकता। जिसने राम के अस्तित्व को नकारा, जिसने हिंदुत्व को गाली दी तुष्टिकरण की राजनीति के कारण कांग्रेस और कितना नीचे गिरेगी कांग्रेस को पूरे हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए।

झाखंड में नियुक्ति के नाम पर बड़ा घोटाला, सीबीआई जांच हो : बाउरी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने झारखंड में नियुक्ति परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगाए हैं। सोमवार को झारखंड प्रदेश भाजपा कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नौकरियों के लिए आयोजित परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं, नियमों के विरुद्ध अभ्यर्थियों का चयन किया गया और बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। उन्होंने इन मामलों की सीबीआई जांच कराने की मांग की।

बाउरी ने कहा कि पीजीटी

भाजपा नेता ने कहा कि एक तो राज्य में लाखों पद रिक्त पड़े हैं

शिक्षकों की नियुक्ति परीक्षा में 24 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से सिर्फ दो परीक्षा केंद्रों से 750 से ज्यादा अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। यह आंकड़ा बताता है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया ही फिक्स थी और इसके जरिए नौकरियां बेची गई हैं। अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ियों के सबूत लगातार दे रहे हैं, लेकिन सरकार में कोई उनकी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि लैब असिस्टेंट की परीक्षा में 130 नंबर लाने वाले अभ्यर्थी की बहाली नहीं हुई, जबकि मात्र 80 नंबर वाले अभ्यर्थी का चयन कर लिया गया और नियम विरुद्ध गृह जिले में पोस्टिंग दे दी गई। जूनियर इंजीनियरों की बहाली के लिए हुई परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गई। इसी तरह जेएसएससी-सीजीएल की परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इन मामलों के मास्टरमाइंड और किंगपिन आज तक पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर किसे बचाया जा रहा है? भाजपा नेता ने कहा कि एक तो राज्य में लाखों पद रिक्त पड़े हैं। साढ़े चार साल तक सरकार बहालियां टलती रही। कुछेक पदों पर नियुक्ति की परीक्षाएं शुरू हुईं तो उनमें जमकर धांधली हुई है। राज्य के छात्र-युवा गुस्से में हैं। अगर सरकार ने गड़बड़ियों की जांच नहीं कराई तो राज्य में हालात बदतर हो सकते हैं।

दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी को उम्रकैद की सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने 11 साल पुराना मामले में दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को कुएं में फेंकने के मामले के दोषी सुकेन उरांव को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इससे पूर्व 19 जून को अदालत ने इसे दोषी करार दिया था। यह मामला 20 जून, 2013 का बेड़ो थाना क्षेत्र का है। मामले में अभियोजन की ओर से 15 गवाह पेश किए गए। आरोपित मूल रूप से गुमला के भरनो थाना क्षेत्र के महादेव चुरिया गांव का निवासी है। सुकेन घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को अंजाम देने के दौरान आरोपित सुकेन उरांव बेड़ो में रहा था। इसी दौरान 20 जून, 2013 उसने बेड़ो थाना क्षेत्र की युवती के साथ दुष्कर्म किया।

चिकित्सकों की कमी झेल रहा झारखंड

3.50 करोड़ की आबादी पर मात्र 7,374 डॉक्टर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड में चिकित्सकों की जबरदस्त कमी है। राज्य में तकरीबन 4,746 की आबादी पर मात्र एक डॉक्टर हैं, जबकि डब्ल्यूएचओ के मानकों के अनुसार प्रति एक हजार की आबादी पर एक डॉक्टर होना चाहिए। राज्य के सरकारी हॉस्पिटलों में 3,691 डॉक्टरों के पद सृजित हैं, लेकिन इनमें से 2,000 से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। स्पेशलिस्ट डॉक्टरों के 1,021 सृजित पद हैं, लेकिन मात्र 185 स्पेशलिस्ट डॉक्टर कार्य कर रहे हैं। कहने का मतलब है कि लगभग 80 फीसदी पद रिक्त हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से 193 स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 800 से ज्यादा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए जेपीएससी के पास विभाग की ओर से आग्रह भेजा गया है। नेशनल मेडिकल कमीशन के मुताबिक, झारखंड में कुल रजिस्टर्ड एलोपैथिक डॉक्टरों की संख्या 7,374 है। डब्ल्यूएचओ के मानक के अनुसार, राज्य की तकरीबन 3.50 करोड़ की आबादी के लिहाज से कम से कम 35,000

डॉक्टर होने चाहिए। लेकिन, रजिस्टर्ड डॉक्टरों की संख्या के हिसाब से देखें तो औसतन 4,746 लोगों के लिए मात्र एक डॉक्टर उपलब्ध हैं। बीते चार वर्षों में मेडिकल कॉलेजों से लेकर प्रखंडों के अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए आधा दर्जन से ज्यादा विज्ञापन निकले, लेकिन विज्ञापन में जारी पचास फीसदी रिक्तियां भी नहीं भरी जा सकी। आलम यह है कि जितनी संख्या में वैकेंसी निकल रही है, उतनी संख्या में भी आवेदक आगे नहीं आ रहे। राज्य के सबसे बड़े मेडिकल कॉलेज रिम्स में करीब आठ महीने पहले 100 सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी होने के बाद मात्र 33 डॉक्टरों का ही चयन किया जा सका। 100 रिक्त पदों के लिए मात्र 58 आवेदक इंटरव्यू के लिए पहुंचे थे।

सीएम ने ब्रहमानंदम अस्पताल का किया उद्घाटन, कहा

बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे

- *अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा*
- *लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है*

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सोमवार को कागल नगर, सोनारी स्थित ब्रह्मानंदम अस्पताल का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में अस्पताल की काफी महत्ता है। अस्पताल का खुलना सराहनीय प्रयास है। बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिलेगी, तभी लोग स्वस्थ रहेंगे। ब्रह्मानंदम अस्पताल पहले से ही सरायकेला-खरसांवा जिले में अपनी सेवा दे रहा है। जमशेदपुर के शहरी क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से अब यहां के लोग लाभान्वित होंगे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने

विश्वास जताया कि अस्पताल प्रबंधन गरीब-जरूरतमंद मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में चिकित्सा व्यवस्था के गुणात्मक सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। यहां के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मुहैया करायी जा सके, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्वस्थ एवं निरोगी समाज से ही समृद्ध एवं विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकेगी।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित अस्पताल के ओटी, चाइल्ड केयर यूनिट (एनआईसीयू), महिला-पुरुष वार्ड सहित अन्य चिकित्सीय सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस दौरान स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सविता महतो, विधायक रामदास सोरेन, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजू गिरी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

हाईकोर्ट ने एससी-एसटी मामले में विधायक इरफान की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर की

रांची। झारखंड हाईकोर्ट से जामताड़ा से जुड़े एसटी-एससी से जुड़े एक मामले में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को सोमवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद दर्ज करने वाली महिला के द्वारा लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताया गया। कहा गया कि महिला के समर्थन में जिन लोगों ने गवाही दी थी वह किसी खास राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता थे। विधायक को षड्यंत्र के तहत इस मामले में फंसाया गया है। एक महिला सुनीला देवी ने दो जुलाई, 2022 को अपने एक अन्य एसटी-एससी केस का अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने को लेकर एसडीओ ऑफिस, जामताड़ा के समक्ष धरना दिया था। आरोप है कि विधायक इरफान अंसारी अपने करीब 15 समर्थकों के साथ वहां पहुंचे थे और महिला का धरनास्थल का टेंट उखाड़ दिया। साथ ही जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल भी किया था। मामले को लेकर जामताड़ा की निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज किया गया था, जिस पर अदालत में संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इरफान अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बाद में यह मामला दुमका के एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है। इसके बाद इरफान अंसारी ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में बड़ा रोल निभाने की पहल की : हिमांशु

रांची। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी ने कहा कि आयोग ने झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के क्रियान्वयन में अपना बड़ा रोल निभाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से जून 2018 में आकस्मिक खाद्यान्न कोष का गठन किया गया था, जिन गरीबों के पास राशन कार्ड नहीं है और राशन नहीं मिल पा रहा, उन्हें आकस्मिक खाद्यान्न कोष से 10 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाना है। हिमांशु चौधरी सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चावल की खरीद के लिए पंचायत एवं वार्ड में इसके लिए उपलब्ध राशि व्यय हो जाए तो जिले के डीसी द्वारा इसके लिए पैसे दिए जाएंगे। पंचायतों, वार्डों में इस पैसे की उपलब्धता, व्यय की स्थिति की समीक्षा के लिए खाद्य आयोग जिलों में भ्रमण करेगा। बीडीओ से राशि की उपलब्धता की जानकारी ली जाएगी। विशेषकर मुखिया के साथ बैठक कर राशि के समुचित उपयोग के संबंध में चर्चा होगी, विमर्श होगा। इसकी शुरूआत जामताड़ा जिले से होगी। इसके बाद धनबाद, बोकारो और रामगढ में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा देवघर, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज और गिरिडीह जिलों के लिए भी डेट फाइनल किया गया है।

झारखंड हाईकोर्ट से चेशायर होम रोड मामले में राजेश राय की जमानत अर्जी खारिज

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने प्रार्थी एवं ईडी का पक्ष सुनने के बाद राजेश राय को राहत नहीं देते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल और विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी। कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर रैयत का नाम बदला गया था, जिसके बाद विष्णु अग्रवाल ने यह जमीन खरीदी थी। जालसाजी कर मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर गंगाधर राय को इस जमीन का फर्जी मालिक बनाया गया था।

भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन, दोषियों को दिलाए कड़ी सजा

रांची। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा के प्रतिनिधि ने झारखंड में बढ़ रहे महिलाओं के साथ जघन्य अपराध एवं राज्य में गिरती चरमराती कानून व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपराधियों को स्पीड ट्रायल कर फांसी की सजा देने की मांग की। उन्होंने जघन्य अपराध पर मौन धारण करने पर झारखंड सरकार की निंदा की। इस अवसर पर डॉ सीमा सिंह, रेनू तिर्की, बबीता वर्मा सिंह, लवली गुप्ता, नीलम चौधरी, बबीता झा, महानगर अध्यक्ष अनीता वर्मा, बीना मिश्रा, दिव्या साहू, अर्चना सिंह, नम्रता सोनी, नेहा शर्मा, पायल सोनी, रेणुका पासवान प्रीति केसरी, कुसुम देवी आदि उपस्थित रहीं।

सुर्खियां / झारखंड में बिरसा हरित ग्राम योजना बदल रही है किसानों की जिंदगी

फलों का राजा घोल रहा है जीवन में मिठास

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सरकार की किसी भी योजना को अगर शिद्दत के साथ धरातल पर उतारा जाए, तो इसका असर देखते ज्यादा वक्त नहीं लगता। गर्मी के सीजन में एक योजना सुर्खियों में है। वह है बिरसा हरित ग्राम योजना। वैश्विक महामारी कोविड-19 ने साल 2020 में जब दस्तक दी, तो झारखंड सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी दूसरे राज्यों से लौटे मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा करने की। इसके लिए मई 2020 में बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की गई।

लॉकडाउन के बीच अभियान चलाकर गांवों में तेजी से फलदार पौधे लगाए गए। मजदूरों को उनके घर में ही रोजगार मिला और किसानों को फलदार बागान। ग्रामीणों को समझते देर नहीं लगी कि सरकार के सहयोग से लगाए जा रहे फलदार पौधे आने वाले समय में उनकी जिंदगी में मिठास

दूसरे राज्यों से लौटे मजदूरों को उनके पैरों पर खड़ा करने के लिए मई 2020 में बिरसा हरित ग्राम योजना शुरू की गई, इसके मिल रहे हैं बेहद उत्साहवर्द्धक परिणाम

कौन-कौन सी वेरायटी के हैं आम

आम ही एक ऐसा फल है, जिसकी वेरायटी अनगिनत है। लोकल स्तर पर लोग बिज्जू आम को अलग-अलग नाम दे देते हैं। कलमी आम में भागलपुरी लंगड़ा और मालदा लंगड़ा का झारखंड में सबसे ज्यादा क्रेज है। लेकिन, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत झारखंड की मिट्टी में आम्रपाली, मल्लिका और गुलाब खस का बेजोड़ उत्पादन हो रहा है। कल तक झारखंड के बाजार में यूपी के बाराबंकी से आम्रपाली, तमिलनाडु और कर्नाटक से मल्लिका और गुलाब खस का आवक था, जिसकी सप्लाई अब लोकल किसान कर रहे हैं।

घोलने लगेंगे। अब वही देखने को मिल रहा है। झारखंड में आम्रपाली समेत कई आमों की वेरायटी का उत्पादन बढ़ गया है।

आंकड़े बता रहे हैं बदलते झारखंड की तस्वीर

ग्रामीण विकास विभाग के आंकड़ों के मुताबिक साल 2020-21 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 25,695 एकड़ में 27,90,319 फलदार पौधे लगाए गए। साल 2021-22 में 20,648 एकड़ में 23,12,556 और 2022-23 में 20,933 एकड़ में 23,44,551 और 2023-24 में 43,388 एकड़ में 44,06,905 फलदार पौधे लगाए गए। चार वर्षों में 1,10,664 एकड़ में कुल 1 करोड़ 18 लाख 54 हजार 331 पौधे लगाए गए हैं। इस योजना का लाभ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उठाया है। साल 2020-21 में 30,023 लाभुकों ने बागवानी की। साल 2021-22 में 23,554 और साल 2022-23 में 23,470 लाभुकों और 2023- 24 में 50,113 लाभुकों ने आम के पौधे लगाए। अब वही छोटे पौधे फल देने लगे हैं। इससे किसान बेहद उत्साहित हैं। कुछ समय पहले लगाए गए फलदार पौधे ग्रामीणों के जीवन में मिठास घोल रहे हैं।

बाजार उपलब्ध कराने की तैयारी

खास बात है कि एक तरफ यह योजना किसानों के लिए वरदान साबित हुई है, तो दूसरी तरफ एक नई परेशानी भी लेकर आई है। आम का अच्छा उत्पादन होने की वजह से किसानों को उचित दाम नहीं मिल पा रहा है। फिलहाल शहरों के रिटेल मार्केट में लंगड़ा और गुलाब खस आम 60 रुपये किलो रिटेल में बिक रहा है। किसानों की इस तकलीफ को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग मार्केट तैयार करने की योजना बना रहा है, ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके।

सरकारी स्कूलों ने लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में हासिल किया सफलता का शानदार पड़ाव : आदित्य रंजन

- *ईको क्लब के जरिए दो जून से अबतक एक लाख पौधे लगे*
- *5,153 नए आदर्श किचन गार्डन का स्कूलों में हुआ निर्माण*

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मिशन लाइफ के तहत राज्य के सरकारी विद्यालयों में इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक राज्य के सभी स्कूलों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास जारी रखते हुए विद्यालयों के कैंपस को हरा भरा बनाने के लिए अबतक एक लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। इस मिशन के तहत विद्यालयों में 5,153 आदर्श किचेन गार्डेन बनाये गए हैं। राज्य के सभी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन के लिए उपयोग होने वाले पोषक सब्जियों, मौसमी या औषधीय पौधों को यहां

वर्षा जल का संरक्षण, ईको क्लब के माध्यम से होगी ट्रैकिंग

राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में बारिश के दौरान वर्षा जल संरक्षण के ठोस उपायों को अमल करने का निर्देश दिया गया है। मॉनसून के साथ ही वर्षा जल संरक्षण का कार्य शुरू कर दिया गया है। विद्यालयों को वर्षा जल से संगृहीत जल की मात्रा को ट्रैक करने के लिए तंत्र विकसित करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए ईको क्लब के सदस्यों को प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है। भविष्य में इस ट्रैकिंग तंत्र के माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि कितना वर्षा जल संरक्षित किया गया या संरक्षित वर्षा जल का उपयोग कहां किया जा रहा है।

पौधरोपित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्यालयों को विद्यालय समितियों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का भी योगदान मिल रहा है। दो जून से शुरू हुए इस पौधरोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालयों में कम से कम 10 पौधे, मध्य विद्यालयों में कम से कम 20 पौधे और उच्च विद्यालयों में कम से कम 30 पौधे लगाना अनिवार्य होगा।

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष सरकारी विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

एक नजर

रोटरी क्लब के नए सत्र के साथ रोटरी नारायण सेवा का किया शुभारंभ

रामगढ़। प्रत्येक वर्ष विश्वभर में रोटरी क्लब के नए सत्र की शुरूवात 1 जुलाई को होती है। रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के नए सत्र की शुरूआत 1 जुलाई को हुई। 62 वर्ष पुराने रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ के नए सत्र के अध्यक्ष रोटेरियन राजेन्द्र जैन और सचिव नीलांजन दत्ता की देखरेख में क्लब के नए सत्र का कार्य संपन्न होगा । क्लब द्वारा 1 जुलाई को नए सत्र के मौके पर शहर के मेन रोड स्थित माता विघ्नेश्वरी मंदिर की असीम कृपा से रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा रोटरी नारायण सेवा प्रोजेक्ट की शुरूआत की गई है। कोई व्यक्ति भूखा न रहे श्लोगन के साथ प्रत्येक मंगलवार और गुरूवार को खिचड़ी भोग का वितरण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के चेयरमेन रोटेरियन प्रदीप सिंह एवं रोटेरियन संतु भाई मानिक होंगे। जबकि इस प्रोजेक्ट में रोटेरियन संतु भाई मानिक का विशेष योगदान है।

प्रखंड कार्यालय को बिचौलिओं से मुक्त करे प्रशासन : विकास राणा

हजारीबाग। आजसू पार्टी की कटकमदाग प्रखण्ड कमेटी हजारीबाग के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम के दौरान कटकमदाग प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा उपस्थित हुए। हल्ला बोल कार्यक्रम का नेतृत्व कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव ने किया। आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सह केन्द्रीय प्रवक्ता विकास राणा ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रखण्ड कार्यालय को बिचौलिओं से मुक्त करे प्रशासन। ग्रामीण जनता का काम सुलभ करने की प्रक्रिया हो लोगों को एक काम के लिए प्रखण्ड कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े । भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की जरुरत है। केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि अबुवा आवास चयन की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाई जाए जरूरतमंद परिवार को चिन्हित कर उन्हें अबुवा आवास उपलब्ध किया जाये।

हजारीबाग डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

हजारीबाग। डिस्ट्रिक्ट राइफल टूर्नामेंट का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार शाम को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी छोटानागपुर सुनील भास्कर एवं विशिष्ट अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम, समाजसेवी मुन्ना सिंह, उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, हरिश श्रीवास्तव, आदर्श कुमार सिंह उपास्थि हुए। हमारे मुख्य अतिथि डीआईजी चोटनागपुर सुनील भास्कर ने विजेताओं गोल्ड, ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी विजेताओं को गोल्ड ब्रॉन्ज और सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया। डीआईजी श्री भास्कर ने कहा कि जिले में हजारीबाग जिला राइफल एसोसिएशन द्वारा अच्छी प्रेरणा, उत्साह व सुविधा से बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर रहे है।

विधायक ने अलग-अलग कब्रिस्तानों की चारदीवारी का किया शिलान्यास, कहा

जनता की उम्मीदों पर खरा उतरुंगा

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के कोनहरा खुर्द पंचायत और झुरझुरी पंचायत के तीन अलग अलग स्थानों में कब्रिस्तान की चारदीवारी का विधिवत शिलान्यास नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। कार्यक्रम में छपरियाटांड़ कब्रिस्तान, झुरझुरी के सुंदर नगर में कब्रिस्तान समेत तीन चारदीवारी का शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्षों से ग्रामीणों द्वारा कब्रिस्तान के चारदीवारी की मांग थी, जो आज सपना साकार हुआ। कहा कि जनता ने जिस उम्मीद से मुझे अपना कीमती वोट देकर विधायक चुना है ,उस भरोसा को मै कभी टूटने नहीं दूंगा ।वहीं स्थानीय मुखिया प्रियंका कुमारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है ,हर तरह की योजनाओं का लाभ हमारा पंचायत के लोगो तक पहुंचे। हमारा प्रयास रहेगा की हर समस्या का समाधान करें ताकि किसी को किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े। मौके पर झुरझुरी पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि बिरेन्द्र शर्मा, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि कलीम खान, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, सुमन कुमार, मोइन अंसारी, कासिम मियां, सराज अंसारी, मुमताज अंसारी, लालमणि मांझी, महेंद्र प्रसाद, राजकुमार चौधरी, इसराफिल अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

डेंगू से बचाव और उसकी रोकथाम के लिए रैली का हुआ आयोजन

इसके प्रकोप से बचने के लिए घर के आसपास साफ-सफाई व जागरूकता जरूरी : डॉ. कपिलमुनि

घर के आसपास जल जमाव नहीं होने देना, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग आदि की भी जानकारीदी गई

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग डेंगू माह को लेकर जिला वीबीडी कार्यालय सदर अस्पताल, हजारीबाग की ओर से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में डॉ. कपिलमुनि प्रसाद, जिला वीबीडी पदाधिकारी हजारीबाग ने इस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शहरी क्षेत्र की सभी सहिया, बी.टी.टी. एवं ए.एन.एम.टी. स्कूल, की सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। जागरुकता रैली सदर अस्पताल परिसर से शहरी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों में चलाया गया। डेंगू रोग से बचाव के लिए प्रसार-प्रसार के तहत सभी लोगों को पोस्टर, हैंडबिल देकर जागरूक किया गया। जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ. कपिलमुनि प्रसाद द्वारा बताया गया कि मौनसून काल में डेंगू का प्रकोप बढ़ जाता है जिससे बचने के लिए लोगों को साफ-सफाई रखना, घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देना, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना अति आवश्यक है। इसके साथ ही लोगों को जागरूक करना बहुत ही जरूरी है। इस बीमारी से बचाव के लिए शहरी क्षेत्र में नारियल, डाभ की खोपड़ी डेंगू वेक्टर (एडिज मच्छर) का प्रमुख प्रजनन स्थल है जिसे नष्ट किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वैसे सभी स्टॉल जहाँ नारियल, डाभ की खोपड़ी भण्डारित की जाती है उन्हें अपने स्तर से सख्त निर्देश जारी करते हुए उन्हें नष्ट कराने की कृपा की जाय। इसके लिए नारियल के खोपड़े को चार टुकड़ों में काटते हुए उसे नष्ट करना आवश्यक है ताकि उसके अन्दर वर्षा का जल जमाव न हो सके। जन-जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाना है ताकि इस बीमारी से बचा जा सके। इस रैली में जिला वीबीडी कार्यालय, शहरी मलेरिया योजना, जिला आर. सी.एच. कार्यालय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

आईसेक्ट विवि में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता जरूरी : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग आईसेक्ट विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के बैनर तले जल शक्ति, नारी शक्ति के जरिए हुटपा, मेरू और झुमरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत जल संरक्षण कैसे किया जाए, इसके लिए क्या-क्या उपाय किए जाएं, ये तरीके बताए गए। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल की अहमियत को बताया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने जल संरक्षण को अहम बताते हुए कहा कि हर क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता की आवश्यकता है। जल, जीवन के महत्वपूर्ण जरूरतों में शामिल हैं। इसलिए जल संरक्षण आवश्यक है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने इस बाबत कहा कि दरअसल जल सीमित मात्रा में उपलब्ध है, इसलिए इसके प्रयोग में भी सावधानी बरतने की आवश्यकता है, जल संरक्षण के माध्यम से हीं जल को बचाया जा सकता है। ऐसे में जागरूकता ही एक ऐसा मार्ग है, जो जल संरक्षण में अहम कड़ी साबित हो सकता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई की ओर से समय-समय पर जल संरक्षण सहित अन्य सामाजिक दायित्वों के मद्देनजर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास जारी है। एनएसएस अधिकारी डॉ रोजिकांत के नेतृत्व में गई विश्वविद्यालय की एनएसएस टीम को स्थानीय मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिला।उन्होंने बताया कि एनएसएस इकाई की ओर से आने वाले दिनों में विभिन्न सामाजिक दायित्वों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक में सोनल पांडेय, हेरा, सुमित, बेबी कुमारी, नेहा कुमारी, समीर कुमार, मानसी यादव, शिवा, किशोर, विनिता, आशीष समेत अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश, मुकेश, कैलाश, राजेश सहित सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

समाजसेवी हर्ष ने वितरित किए सौ पौधे, कहा

जीवन भर के लिए है मां का प्यार और पेड़ की छांव

नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए पौधारोपण सर्वश्रेष्ठ है, इससे प्रेरित होकर युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा पौधरोपण कार्य का शुभारंभ सोमवार को पीडब्ल्यूडी चौक पर 100 से भी अधिक पौधा वितरण कर किया गया। इसके साथ ही कई स्थानों पर पौधरोपण भी किया गया। पूरे मानसून सीजन में पौधरोपण के साथ ही आमजन को पौधा भी वितरित किया जाएगा। इस दौरान आम अमरूद, कटहल जैसे अनेकों पौधों का वितरण किया गया। इस मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि एक पौधा अपनी मां के नाम एक प्रेरणादायक पहल है, मां का प्यार हमें जीवन के हर मोड़ पर संबल और साहस देता है, जबकि पेड़ की छांव हमें शांति और ठंडक का अहसास कराती है। जिस तरह एक पेड़ की छांव हमें धूप और गर्मी से बचाती है, वैसे ही मां का स्नेह हमें मुश्किल घड़ी में ढाल की तरह संभालता है। उन्होंने कहा कि पेड़ को काटने में समय नहीं लगता है जबकि पौधे को पेड़ बनने में सालों लग जाते हैं। हम पौधा लगाकर उसका पालन पोषण अपने बेटे-बेटियों की तरह करेंगे तो वे भी बड़े होकर हमें भरपुर ऑक्सीजन, फल तो देंगे ही साथ ही हमें गर्मी से भी राहत दिलायेंगे।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का विधायक ने किया उद्घाटन, कहा

अब ग्रामीणों को पंचायत में ही स्वास्थ्य सेवाएं होंगे उपलब्ध, नहीं जाना होगा बाहर

नवीन मेल संवाददाता। बरही सोमवार से खोड़ाहर पंचायत के कुंडवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊर्फ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शुभारंभ हुआ. जिसका उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि स्थानीय विधायक सह विस निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव ने फीता काटकर किया. विधायक का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि स्वास्थ केंद्र में प्रतिदिन स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहेंगे. जहां ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधित मूलभूत सुविधाएं और दवाइयां उपलब्ध रहेंगे. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अकेला ने कहा कि अब ग्रामीणों को उनके ही पंचायत में ही स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगे. महिला, बुजुर्ग या अन्य को मूलभूत जांच व ईलाज के लिए बाहर नहीं जाना होगा. उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहा है कि प्रत्येक पंचायत में स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और सड़क आदि जैसे बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था हो. अनुमंडलीय अस्पताल को भी सुविधायुक्त बनाने का प्रयास किया गया है. कई पोस्टमार्टम हाउस, अल्ट्रा साउंड, एक्स रे आदि जैसे आवश्यक सुविधाएं प्रारंभ किए जा चुके है. उन्होंने सभी से इसका लाभ लेने का अपील किया. कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, वारिस अंसारी, रिजवान अंसारी, मो शमशेर आलम आदि सहित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के स्वास्थ्यकर्मी व कई ग्रामीण मौजूद थे.

बीसीएम डिग्री कॉलेज गंगपाचो में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन

बेहतर परिणाम के लिए घर में सकारात्मक माहौल आवश्यक : डा. आईपी भारती

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित बीसीएम डिग्री कॉलेज में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतरीन परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आईपी भारती समेत अन्य शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वहीं विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत वरिष्ठ शिक्षक मुरली महतो ने पूरे महाविद्यालय परिवार की ओर से किया तथा मेधावी छात्रों को उपहार वितरण कर हौसला बढ़ाया। मौके पर प्राचार्य डॉ. आईपी भारती ने कहा कि यह उपलब्धि अंत नहीं बल्कि शुरूआत है। उन्होंने छात्रों को प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया ताकि वह आगे भी इससे बेहतर कर सकें और अपने जीवन में आगे बढ़ सकें। माता-पिता एवं शिक्षक की भूमिका पर जोर दिया और बेहतर परिणामों के लिए विशेष रूप से घर पर सकारात्मक माहौल बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। अंत में उत्तीर्ण छात्रों ने बीसीएम डिग्री के प्राचार्य एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. अनिल कुमार राणा, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. ममता कुमारी, डॉ मोनिका कुजूर, डॉ. रामजीवन कुमार, दयानंद कुमार गिरी, पूनम कुमारी, संजय यादव, अनिल कुमार,पंकज कुमार, दीक्षा कुमारी, मनोज कुमार आदि का अहम योगदान रहा।

बीसीएम डिग्री कॉलेज उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया गया ताकि वह आगे भी अच्छा करें

आंदोलन का आगाज

सहायक अध्यापक संघ ने मांगों को लेकर निकाला मशाल जुलूस

मांगे पूरी नहीं हुई तो 20 जुलाई से मुख्यमंत्री आवास करेंगे घेराव : राजन

मशाल जुलुश प्रखंड कार्यालय से प्रारंभ कर बरकट्ठा चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय के समीप समाप्त हुआ। जुलुश से पूर्व सहायक अध्यापकों ने बैठक की

नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा सहायक अध्यापक संघ संघर्ष मोर्चा ,प्रखंड इकाई बरकट्ठा ने प्रदेश कमिटी संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बरकट्ठा प्रखंड मैदान में प्रखंड सचिव सुकर ठाकुर के नेतृत्व में सभी सहायक अध्यापकों के सहयोग एवं उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय से मशाल जुलुश के माध्यम से वेतनमान पाने के लिए आंदोलन का आगाज किया गया। मशाल जुलुश प्रखंड कार्यालय से प्रारंभ कर बरकट्ठा चौक होते हुए प्रखंड मुख्यालय के समीप समापन हुआ। जुलुश से पूर्व सहायक अध्यापकों ने बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए बहादुर ठाकुर ने संगठन की मजबूती की बात रखी। आगे के कार्यक्रम को सफल बनाने और आपसी एकता बनाये रखने के साथ साथ सरकार को समान कार्य का समान वेतन, बिहार राज्य के तर्ज पर वेतनमान देने का वादा याद दिलाया और कहा कि सरकार अगर हमारी मांगो सहानुभूति पूर्वक पूरा नहीं करती है तो 08 जुलाई को उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम मोर्चा अपना मांग पत्र देगी और उसपर भी हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन मुख्यमंत्री आवास का घेराव 20 जुलाई से किया जायेगा। मौके पर बहादुर ठाकुर,राजू साव, नारायण रविदास, राजन कुमार चौधरी, पवन पांडेय, श्याम किशोर पांडेय, राघवेंद्र लाल, मुंशी महतो, पंकज बरनवाल, बालेश्वर सिंह, सुंदर तुरी, सुखदेव प्रसाद, घनश्याम सिंह, संजय मेहता, धनेश्वर साव, अनंत पांडे, विवेक कुमार, सिकंदर प्रसाद, राजेंद्र गुप्ता प्रकाश टुडू के अलावा दर्जनो लोग शामिल थे।

आदर्श विवाह कर बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने पेश की मिसाल, कहा

आपसी प्रेम ही संबंध की बुनियाद

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश पिता सोहराय महतो चाचा मोहराय महतो बीते रात्रि विवाह बंधन में बंध गए। उन्होंने रांची जिला तमाड़ निवासी जयराम महतो की पुत्री सुमीता कुमारी से विवाह की। मौके पर सुधीर मंगलेश ने बताया कि उन्होंने विवाह के दौरान कोई दहेज नहीं लिया और आदर्श विवाह किया है। उन्होंने कहा कि वह शुरू से दहेज प्रथा का बहिष्कार करते आ रहे हैं। इस कुप्रथा के रिवाज को तोड़ना चाहते थे। जिसकी शुरूआत उन्होंने अपने विवाह से की है। सुधीर ने बताया कि विवाह बंधन दो परिवार के जुड़ने और आपसी प्रेम से पूरा होता है। जिसे मैं बखूबी निभाने का कार्य करूंगा। उन्होंने सभी से आदर्श विवाह करने की भी अपील की ताकि आदर्श विवाह को बढ़ावा मिल सके और कोई बेटी का पिता अपनी बेटी की शादी को लेकर कर्जदार न हो। इस आदर्श विवाह करने पर जोड़े को सभी ने शुभकामनाएं भी दी। मौके पर चाचा मोहराय महतो, अमित कुमार, उतम कुमार बबलू कुमार, शुभम कुमार, लक्ष्मी महतो, रोहित महतो, देवेन्द्र कुमार,अजय कुमार,सुमित कुमार आदि उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

हजारीबाग। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ऐसोसिएशन, झारखंड की मासिक बैठक बाबू गांव चौक शाह मार्केट में सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा और संचालन उपकोषाध्यक्ष वासुदेव शाहू ने किया। बैठक में पुलिस अधीक्षक से मिलकर विभिन्न थानों में दर्ज शिकायतों की रिसीविंग प्राप्त नही होने के संबंध में आवेदन देने का निर्णय लिया गया। बैठक में आने वाले दिनों में कारगिल विजय दिवस को लेकर चर्चा की गई।संगठन के महिला विंग बनाने का प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलेश्वर प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष उपकार सिंह, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार , उपकोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, वरिष्ठ सलाहकार ओनरी कैप्टन अखौरी गोविंद सहाय समेत ट्रस्ट के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिले भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद

हजारीबाग। भाजपा नेता सह समाजसेवी प्रदीप प्रसाद ने रांची में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से सोमवार को शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रदीप प्रसाद ने उन्हें पौधा भेंट कर सदर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे पौधारोपण मुहिम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 लाख पौधा सदर विधानसभा क्षेत्र में लगाने का लक्ष्य है, इसी लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य चल रहा है, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ महिलाएं एवं बुजुर्गों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। श्री प्रसाद ने उन्हें हजारीबाग आने का न्योता भी दिया। संजय सेठ ने प्रदीप प्रसाद के इस मुहिम की सराहना करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात कार्यक्रम में एक पौधा मां के नाम लगाने का आग्रह किया है, हमारी शुभकामनाएं आपके साथ है आपकी यह मुहीम हर घर तक पहुंचे।

लायंस क्लब की नवनियुक्त अध्यक्ष सुधा वर्मा ने किया आर्ष कन्या गुरुकुल में पौधरोपण

हजारीबाग। लायंस क्लब की नई अध्यक्ष सुधा वर्मा ने नवाबगंज रोड स्थित आर्ष कन्या विद्यालय में पौधरोपण किया एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को भोजन कराया गया। इसके अलावा शहर के कई अन्य स्थानों पर भी पौधा लगाया गया। सोमवार को 50 पौधारोपण किया गया जिसमे आम, कटहल,अमरूद जैसे अनेकों पौधों को लगाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रमुख शिक्षक ने लायंस क्लब के प्रति आभार जताया, कहा कि समाज के प्रति आपकी यह सेवा काफी सराहनीय है। मौके पर अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा कि विद्यालय में 11 जुलाई को नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। मौके पर पूजा श्रीवास्तव,रवि, अरविंद अग्रवाल, अशोक ताम्बी,मिनी ताम्बी, दीपक,डॉ शर्मा, अशोक प्रभाकर, गप्पी, शैलेंद्र गुप्ता, श्वेता रूप, श्रीपारणा एवं लियो आशमरण सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

शिक्षण अधिगम समाग्री मेला का हुआ आयोजन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त हुईं शामिल

हजारीबाग। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डायट, हजारीबाग में सोमवार को जिला स्तरीय टीएलएम मेला (शिक्षण अधिगम समाग्री) का आयोजन किया गया। टीएलएम मेला का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रवीण रंजन, प्राचार्य डायट, दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। ज्ञात हो कि 16 प्रखंडों के चयनित शिक्षकों के द्वारा डायट, हजारीबाग में चार दिवसीय गैर आवासीय कार्यशाला में स्वयं द्वारा टीएलएम का निर्माण किया गया। जिसकी प्रदर्शनी आज डायट, हजारीबाग में की गई। टीएलएम निर्माण का विषय हिंदी, अंग्रेजी व गणित आधारित था। जिला स्तर पर चयनित टीएलएम का राज्य स्तर पर आयोजित निपुण समागम -2024 जो 5 जुलाई 2024 को रांची में निर्धारित है। इस दौरान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जायेगा। टीएलएम निर्माण प्रक्रिया जिला नोडल के डायट के संकाय रंजीत कुमार वर्मा एवं महेंद्र कुमार गुप्ता की देख रेख में की गई।

कुंटू बाबू अपने माता पिता की पुण्यतिथि पर डिवाइन ओंकार मिशन के बच्चों को कराया भोजन

रामगढ़। अपने माता पिता की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू अपने पूरे परिवार के साथ डिवाइन ओंकार मिशन पहुंचे। जहां वे हजारों अनाथ और बेसहारा बच्चों से मिले। साथ ही सभी को भोजन करवाकर उनके बीच पठन पाठन की सामग्री का वितरण किया। मौके पर कुंटू बाबू ने कहा की यह एक संयोग ही है की 1 जुलाई 2020 को मेरी माताजी के परलोक गमन के बाद ठीक उसी दिन एक वर्ष बाद 1 जुलाई 2021 को मेरे पिताजी का भी स्वर्गवास हुआ। कहा की हमेशा की तरह इस वर्ष भी उनकी पुण्यतिथि पर हम पूरे परिवार के साथ यहां आकर गरीब और बेसहारा बच्चों को भोजन करवाकर उनके बीच मिठाई और पढ़ने की सामग्रियों का वितरण किये।

एक नजर

टाटीझरिया में चलाया गया दो पहिया वाहन जांच अभियान

टाटीझरिया। टाटीझरिया पुलिस प्रशासन के ओर से सोमवार 1 जुलाई को दो पहिया वाहन (मोटर साईकिल) चालकों का हेलमेट और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य कागजात जांच किया गया। जांच के दौरान ट्रैफिक नियमों के अनुसार प्रशासनिक कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने मोटर साईकिल सवार चालकों से ट्रैफिक नियमों के बारे में बताया और वही राहगीर मोटर साईकिल चालकों तथा क्षेत्र वासियों से थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा की जांच अभियान लगातार चलाया जाएगा। इसलिए बिना हेलमेट पहने और अपने वाहन के कागजात लिए अपने घर से बाइक में सवार होकर नही निकले चुकी बिना कागजात के कोई भी वाहन चलाना ट्रैफिक नियमों के विरुद्ध है और सुरक्षा के दृष्टि से हेलमेट पहनना मोटर साईकिल चालको को अतिवाश्यक है चुकी मानव शरीर का मस्तिष्क बहुत ही नाजुक अंग होता है।

विधायक भूषण बाड़ा ने सदर प्रखंड कार्यालय से जारी की हेल्पलाइन नंबर

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को सदर प्रखंड कार्यालय से प्रखंड स्तरीय हेल्पलाइन नंबर जारी किया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख सुशीला देवी, बीडीओ समीर रौनियार खलखो, सीओ इम्तियाज अहमद आदि उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने प्रखंड के अधिकारियों एवं अपने प्रतिनिधियों को आपसी समन्वय बनाकर जनता की समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि मानव सेवा ही धर्म उद्देश्य से जारी हेल्पलाइन नम्बर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिमडेगा विधानसभा की जनता का समस्या का समाधान सम्बंधित प्रखंड में हो सके, इसी उद्देश्य से हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। मौके पर सदर थाना प्रभारी, महिला थाना प्रभारी, जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद महिला पंचायत अध्यक्ष रीता किड़ो आदि उपस्थित थे।

जिले में चौकीदारों के पद पर नियुक्ति को लेकर बैठक आयोजित

सिमडेगा। सोमवार को उपायुक्त अजय कुमार की अध्यक्षता में जिले में चौकीदारों के पद पर नियुक्ति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सामान्य शाखा प्रभारी ने बताया कि जिले में चौकीदार के 104 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। जिसके आलोक में 3338 अभ्यर्थियों के द्वारा आवेदन किया गया है। इस दौरान उपायुक्त ने चौकीदार के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया आगे की आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शारीरिक क्षमता, लिखित परीक्षा आदि का आयोजन करने से संबंधित रोस्टर तैयार कर ससमय विज्ञापन प्रकाशित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्क्रूटनी कमिटी के गठन करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी सहित सामान्य शाखा के कर्मी गण उपस्थित थे।

बानो में लगने वाले ग्रीष्म मेला चढ़ा दलालों की भेंट

जमीन उपलब्ध कराने के नाम पर होने लगी मोटी रकम की डील

एक समय था कि प्रखंड के ग्रामीण साल भर मेले का इंतजार करते थे जिसमें बच्चे इसका इंतजार बेसब्री से करते थे। अब मेला में सर्कस के खेलों का आकर्षण भी कम हो गया है

नवीन मेल संवाददाता। बानो प्रखण्ड मुख्यालय में लगने वाली ग्रीष्म कालीन मेला पर अब दलालों की बुरी नजर लग गई है। मालूम हो कि हर वर्ष बानो में ग्रीष्म कालीन लगती हैं जो लगभग एक महीना बानो में रहती है पर अब दलालों की नजर पड़ जाने के कारण मेला में रौनक कम हो गई हैं। मेला में खेल तमाशा अब देखने को नहीं मिलता है। दलालों द्वारा मेला के लिए जमीन उपलब्ध कराने के नाम पर मोटी डील होने लगी हैं और उसका असर गाँव देहात से आये ग्रामीणों की पॉकिट में पड़ता है। बढ़ती कीमत लोगो को मेला में आने से रोकती है। एक समय था कि प्रखण्ड के ग्रामीण साल भर मेला का इंतजार करते थे।बच्चों मेला का इंतजार बेसब्री से करते थे। अब मेला में सर्कस नही होती हैं। सर्कर्स ,जादू आदि कार्यक्रम पूरे परिवार मिल कर देखने जाते थे। मेला में अन्य दुकानों में भी बढ़िया बिक्री होती थी। अब कई लोग दूर से ही झूला देख कर मन बहला लेते हैं। किसान भाई मेला का इंतिजार करते थे कि खेती में उपयोग आने वाली, कुदाल, साबल, फार सहित अन्य सामानों की खरीदारी करते थे। सोमवार को मेला का आखिरी दिन था। दुकानदारों के चेहरे कोई खुशी नजर नही आ रही थीं। मिठाई दुकान, श्रृंगार दुकान या हाथों में मेहंदी लगाने वाले सभी मेला से फायदा नहीं होने की बात कहा। मेला को लगाने के लिये जनप्रतिनिधियों ने कोई ध्यान नहीं और मेला लगाने में दलाल हावी हो गये।

दिव्यांग महिला को ट्राई साइकिल की मिली सौगात, कई वर्षों से लगा रही थी गुहार

इंतजार | दिव्यांगों को योजनाओं का नहीं मिल रहा है लाभ

दिव्यांग असरीता को ट्राई साइकिल की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा
यांगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने लिए सरकार कई तरह की योजना चला है लेकिन भी दिव्यांगों को योजनाओं लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसा ही एक ला जलडेगा प्रखंड के जलडेगा डीपा ी से सामने आया है। जहां 37 वर्षीय रीता आइंद, पति बिपिन आइंद एक पैर दिव्यांग होने के बाद भी उसे आज तक साइकिल नसीब नहीं हुआ। राष्ट्रीय न मेल से बात चीत के दौरान असरीता द ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं, ांग होने के कारण एक पैर काम नहीं ता है गर्मी हो या बरसात, चाहे कितने थरीले रास्ते हो वो बिना चप्पल के ही

करने में मदद करती है। असरीता चमे महिला समूह की सदस्य भी है, उनको ल था कि समूह में जुड़ने से दिव्यांगता कारण जेएसएलपीएस के माध्यम से उ कुछ न कुछ मदद मिल जायेगा। लेकि ऐसा बिल्कुल भी नही हुआ। आज त किसी ने भी असरीता को मदद करने नही सोचा, यही कारण है कि वो अब जग - जगह हाथ फैलाना छोड़ चुकी है। अ वो अपने किस्मत को कोसती है और कह है कि इस दुनिया में गरीब होना पाप क्यूंकि गरीब को जल्दी कोई नही पूछता ना ही कोई मदद करना चाहता है। दिव्

खबर का असर

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा पिछले दिनों 12 जून 2024 को जलडेगा प्रखंड के जलडेगा डीपा टोली की रहने वाली 37 वर्षीय असरीता आइंद, पति बिपिन आइंद एक पैर से दिव्यांग होने के बाद भी उसे आज तक ट्राई साइकिल नसीब नहीं होने का मामला राष्ट्रीय नवीन मेल को मिला था। बात चीत के दौरान असरीता आइंद ने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताई थी कि उसके दो बच्चे हैं, दिव्यांग होने के कारण एक पैर काम नहीं करता है गर्मी हो या बरसात, चाहे कितने भी पथरीले रास्ते हो वो बिना चप्पल के ही अपने काम पर जाती है और पति के साथ वो खुद भी घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करती है। असरीता चमेली महिला समूह की सदस्य भी है, उनको लगा था कि समूह में जुड़ने से दिव्यांगता के कारण जेएसएलपीएस के माध्यम से उन्हें कुछ न कुछ मदद मिल जायेगा। लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं हुआ। आज तक किसी ने भी असरीता को मदद करने का नही सोचा, यही कारण है कि वो अब जगह - जगह हाथ फैलाना छोड़ चुकी है। अब वो अपने किस्मत को कोसती है और कहती है कि इस दुनिया में गरीब होना पाप है, क्यूंकि गरीब को जल्दी कोई नही पूछता है ना ही कोई मदद करना चाहता है।

केरसई बस स्टैंड निर्माण में भारी अनियमितता

जीप सदस्य ने जताई नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता। केरसई केरसई जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने जिला परिषद मद से करोड़ों की लागत से बन रहे बस स्टैंड निर्माण कार्य का निरिक्षण किया। जिप सदस्य ने बताया कि इस निर्माण कार्य में प्राक्कलन का ध्यान नहीं रखा गया न ही निर्माण कार्य में कोई गुणवत्ता है, बल्कि यह निर्माण कार्य घटिया है। स्थानीय जिप सदस्य के द्वारा बार बार जिला परिषद बोर्ड की बैठक में और कार्यपालक अभियंता को इसकी सूचना दी गई कि निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ जबकि संवेदक और अभियंता मनमानी ढंग से काम को अंजाम देते रहे और आज बस स्टैंड और मार्केट कंप्लेक्स मुख्य सड़क से लगभग 8 फीट गहरा नीचे जमीन पर बनकर तैयार है। जिप सदस्य ने यह भी कहा कि सड़क से इतना नीचे बनने के कारण इसकी कोई उपयोगिता नहीं है। जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने जिले के उच्च अधिकारियों से आग्रह किया कि इस निर्माण का जांच कर कार्रवाई किया जाए। लोगों का कहना है कि जब इसका उपयोग ही नहीं होगा तो ऐसा बनाकर लोगों को क्या लाभ मिलेगा। परेशानियां तो हमेशा लगी रहेंगी। जिस तरह से तस्वीर में नजर आ रही है वह कहीं से भी ठीक नहीं है। इस पर कार्रवाई कर अचछे ढंग से बनाया जाये।

जीईएल चर्च में गोस्सनर ईवजेलिकल लूथेरान कलीसिया कार्यक्रम का आयोजन

मानवता की सेवा करना ही हमारा धर्म : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। केरसई किनकेल पेरिस के जीईएल चर्च बाघडेगा मंडली में गोस्सनर ईवजेलिकल लूथेरान कलीसिया छोटानागपुर एव असम का तृतीय मार्था बपतिस्मा बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिप सदस्य सामरोम पौल तोपनो उपस्थित थे। मौके पर विधायक ने कहा ईश्वर का वचन हमे एक दूसरे से प्रेम करने एवं एक दूसरे की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। एक दुसरे की सेवा करना ही हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि जो लोग दुसरो की मदद करते है ईश्वर उन्हीं की मदद करते है। इसलिए मन से स्वार्थ और लालच की भावना का त्याग कर देना ही उचित है। विधायक ने कहा कि प्रभु का अनमोल वचन जीवन जीने की राह दिखता है। प्रभु यीशु मसीह ने लोगों को सत्य पर चलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि प्रभु से प्रार्थना करे कि सभी प्राणियों का मंगल हो। सब सुखी हो, सब निरोग हो, सब प्रसन्नता का अनुभव करें। विधायक ने कहा कि ईश्वर की उपासना करने के लिए कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। मानव की सेवा करना ही सच्ची ईश्वर भक्ति है। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि देश की प्रगति तभी हो सकती है, जब लोग स्वस्थ और शिक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि सर्व प्रथम मानव सेवा ही ईश्वर सेवा के समान है। इसलिए दुखी व्यक्ति की मदद करें, इससे बड़ा दूसरा कोई कार्य नहीं होता है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, सोभेन तिग्गा,प्रमोद किंडोसहित भारी संख्या में मसीही विश्वासी और युवा शामिल थे।

मनरेगा में काम नहीं मिलने पर बेरोजगार हो रहे हैं लोग

29, 897 निबंधित मजदूरों में से मात्र 12, 813 कर रहे हैं काम

नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा जलडेगा के टाटी पंचायत अंतर्गत हुटुबदा पहाड़ टोली में पिछले कई सालों से मनरेगा के काम न होने से ग्रामीण महिलाएं और गांव के युवा बेरोजगार हो गए हैं।

गांवों के लोगों का कहना है कि गांव में लोगों को रोजगार की आवश्यक्ता है लेकिन कोई काम उनकों नही मिल रहा है। रोजगार गांरटी योजना में जॉब कार्ड धारक को करीब सौ दिन का रोजगार एक साल में मिलना चाहिए लेकिन हुटुबदा पहाड़ टोली में एक भी दिन का रोजगार पिछले कई सालों से लोगों को नहीं मिला है। गांव के अब्राहम तोपनो, संजय तोपनो, प्रभात डांग, मिखेल डांग, मार्कुस आइंद, बरदान तोपनो, इजराइल तोपनो, मार्कश तोपनो का कहना है कि अधिकारी गांव में आने को तैयार नहीं है। कई बार पंचायतों की बैठक में ग्रामीणों ने इस संबध में आवाज भी उठाई लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि गावों में रास्तों, नालियों की हालत ठीक नही है। मनरेगा के तहत होने वाले कार्य लंबे समय से ठप्प पड़े हैं।

कार्ड धारक बेरोजगार हो गए रोजगार गांरटी योजना के जॉब कार्ड धारक पिछले डेढ़ साल से बेरोजगार हो गए हैं। लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है लेकिन अधिकारी लोगों की समस्या सुनने को तैयार नहीं है। मनरेगा ऑनलाइन साइट के अनुसार पूरे जलडेगा में 15711 परिवार का जॉब कार्ड बना है, जिसके तहत 29 हजार 897 मजदूर निबंधित है। वर्तमान में 9431 जॉब कार्ड चालू है जिसमें 12813 मजदूरों को ही काम मिल रहा है। यूं कहा जा सकता है कि अभी भी मनरेगा में 17084 लोगों को काम नही मिल रहा है।

कुरडेग बीआरसी में मासिक गुरुगोष्ठी का हुआ आयोजन

कुरडेग। बीआरसी में सोमवार को बीईईओ अरूण कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मासिक गुरूगोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में स्कूलों में किये जा रहे गतिविधियों की समीक्षा की गई। साथ ही बच्चों को गुणवता शिक्षा कैसे प्राप्त हो इस पर चर्चा की गई।बीआरपी सीआरपी को स्कूल भ्रमण के दौरान स्कूलों को शैक्षिक सहयोग करने का निर्देश दिया गया। शिक्षकों को प्रोजेक्ट इम्पैक्ट पूर्णरूपेण लागू करने,चेतना सत्र चलाने, एमडीएम मेनू के अनुसार संचालित करने प्रतिदिन एमडीएम एसएमएस करने एवं अन्य गतिविधियों को कराने का आवश्यक निर्देश दिया गया।मौके पर बीपीओ देशबन्धु शास्त्री, सीआरपी, बीआरपी, जेई,एवं स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

ग्रेटर सिमडेगा लायंस क्लब ने इंडोर स्टेडियम में किया पौधरोपण

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा लायंस क्लब का ग्रेटर सिमडेगा के द्वारा इंडोर स्टेडियम में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधे बेहद जरूरी हैं। पौधे लगाने से जहां पर्यावरण संरक्षित होता है, वहीं लोगों को शुद्ध आक्सीजन भी मिलती है। इसलिए हमें समय-समय पर पौधे रोप कर उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे जहां हमारी प्रकृति को हरा भरा बनाते हैं वहीं वातावरण को भी शुद्ध बनाए रखते हैं। कि अगर पेड़-पौधे नहीं रहेंगे तो पृथ्वी में असंतुलन बढ़ जाएगा। इसलिए हमें अपने जीवन में पौधे लगाना चाहिए। मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष मुकेश गोयल ने पौधरोपण करते हुए लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। क्लब के डायरेक्टर नरेंद्र अग्रवाल ने भी पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने में जंगल एवं वृक्षों के योगदान की जानकारी देते हुए सभी लोगों से कम से कम एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। मौके पर जिन सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख सुशीला देवी, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, हरिशचंद्र भ्रगत, शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, निरोज बड़ा, तिलका रमन, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, नगर सदस्य उपस्थित थे।

न्यूज बॉक्स

छत का सीलिंग गिरने से युवक की हुई मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

दारू। दारू थाना क्षेत्रान्तर्गत बक्शीडीह निवासी संजय कुमार दास उम्र लगभग 44 वर्ष की मौत छत के सिलिंग गिरने से हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दोपहर में खाना खाकर अपने रूम के बेड पर आराम कर रहा था। इसी बीच करीब 1:30 बजे दोपहर में उनके रूम के छत का सीलिंग अचानक गिर गया। इससे उनके छाती में अंदरूनी चोट लग गई।छत गिरने की आवाज सुनकर उसकी माँ दौड़ कर कमरे में जा पहुंची अपने बेटे के ऊपर छत के मलवा गिरा देख अवाक तो हो गई परन्तु अपने को संभालते हुए उसके ऊपर से मलवा को हटाकर चीखने लगी। उनकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े। परिवार व आसपास के लोग बिना देर किए 108 एम्बुलेंस से इलाज के लिए आरोग्यम अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर उनके परिवार व क्षेत्र का माहौल गमगीन हो गया।संजय एक सामाजिक व्यक्ति था। वह हर किसी के दुःख सुख में हमेशा तत्पर रहता था। वह अपने पीछे पत्नी ,दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया।इनका अंतिम संस्कार मंगलवार को बेलासोती श्मशान घाट में किया जाएगा।

टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में हाथी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान, वन विभाग अधिकारी मौन

टाटीझरिया । प्रखंड क्षेत्र के झरपो,भराजो, खैरा, डहररभंगा डूमर,धर्मपुर, बेड़म, टाटीझरिया आठों पंचायत के कई गांवो में जंगली हाथियों ने पूर्व में भी कई लोगों को अपने चपेट में लेकर पैरो तले कुचलकर मार दिया तो कही विद्यालय घर खेतों में सिंचाई के लिए लगा मशीन, पटवन पाइप को तोड़ फोड़ कर दिया था तो किन्ही के खेत में लगा टमाटर, मूली,आलू, मक्कई, धान,खीरा को चट कर गए बचे हुए फसल को अपने पैरो तले रौंदकर नुकसान किया था। वही बता दे की विगत तीन महीने से झरपो गांव के लोधी टोला से सटा जंगल, पश्चिम दिशा की ओर पहरी कारी चट्टान धाम जंगल, उच्चाबेडा गांव जंगल, खैरा सिमराढाव, नारायणपुर जंगलों में वर्तमान तीन हाथियों की बसेरा है जो यहां से कही नही जा रहे है। इन्ही जंगलों में दिन को विचरण करते है और शाम ढलते ही गांव में प्रवेश कर जाते है। किसानो के खेतों में लगे फसल समेत जान माल का काफी नुकसान पहुंचा रहे है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि उक्त मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारी गणों को दिया तो वे कहते है की हमलोग दिन में नही रात में आयेंगे । जंगली हाथियों के उत्पात से आस पास के लोगो में काफी भय व्याप्त है।

तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने की सिमडेगा डीसी से योजनाओं की अनुशंसा

सिमडेगा। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर सोमवार को बानो प्रखण्ड के विभिन्न गांवों की योजनाओं से सम्बंधित अनुशंसा पत्र सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह को सौंपा।इसके साथ ही साथ कोचे मुंडा ने बानो प्रखण्ड मुख्यालय में सिर्फ एक ही बैंक रहने के कारण क्षेत्र के लोगों को विभिन्न सरकारी एवं अन्य बैंकिंग कार्यों में होने वाली परेशनियों से भी अवगत कराकर समस्या का समाधान करने का आग्रह किया।इस पर उपायुक्त ने इन सभी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए शीघ्र ही उन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान करने एवं बैंकिग व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन दिया।इस सम्बंध में विधायक ने पुलिस कैम्प पांगुर से खिजुरबहार पथ पर तीन स्थानों पर पुलिया निर्माण एवं टोनिया से करांधमाइर पथ पर पांगुर बलुवाडूबा नाला में चार स्पेन का पुल निर्माण के अलावे बानो पंचायत के ग्राम भिखराटोली स्कूल से हनुमान पहाड़ी तक पीसीसी निर्माण,पंचायत उकौली ग्राम सोड़ा आरईओ पथ से शिवमंदिर होते हुए भरत सिंह के घर तक पीसीसी निर्माण,पंचायत बेडाइरगी ग्राम ओलहान भण्डारटोली से तिरपन टोली तक पीसीसी निर्माण शामिल हैं।इसके अलावे हुरदा से उड़ीसा सीमन तक जर्जर हुए पथ को भी मरम्मती करने का आग्रह किया।

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा में 11 वीं के नवनामांकित बच्चों का स्वागत

सिमडेगा। जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमडेगा में सोमवार को 11 वीं के नवनामांकित तीनों संकाय के छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के बाल संसद के सदस्यों द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अब्राहम केरकेट्टा के द्वारा बच्चों को स्वागत किया गया एवं कहा गया कि रोटी दोनों ओर से पकती है उसी तरह अगर छात्र अपना विकास चाहते हैं तो शिक्षक और छात्र दोनों को मिलकर काम करना होगा। विद्यालय के एनसीसी ऑफिसर सत्यजीत कुमार ने कहा कि विद्यालय में अनुशासन बनाए रखना है क्योंकि अनुशासन के बिना व्यक्ति किसी भी कार्य को अंजाम तक नहीं पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने छात्रों के उपस्थित पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय में अनुपस्थित नहीं होना है अक्सर देखा गया जो बच्चे नियमित विद्यालय आते हैं उनका परीक्षा परिणाम बेहतर होता है। प्रकृति अपना कार्य करेगी गर्मी में गर्मी लगेगी, बरसात में बारिश होगी ठंड में ठंड लगेगी लेकिन विद्यालय आना अनिवार्य है।

मांग | खरवागढ़ा के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से की मुलाकात

जलडेगा थाना और ओड़गा ओपी क्षेत्र का सीमांकन सही तरीके से हो : विधायक

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी की अगुवाई में जलडेगा थाना के तीन गांव मयोमडेगा, केलुगा और खरवागढ़ा के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड डीजीपी अजय कुमार सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के क्रम में ज्ञापन सौंपते हुए विधायक और ग्रामीणों ने डीजीपी को बताया कि जलडेगा प्रखंड अंतर्गत जलडेगा थाना और ओड़गा ओपी में सम्मिलित किये गए क्षेत्रों के बारे बताया कि जलडेगा थाना को काटकर ओड़गा ओपी बनाया गया है। जलडेगा से ओड़गा ओपी बनाते समय ग्रामसभा और आम लोगों की सहमति नहीं ली गई थी। जबकी अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है इसीलिए संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों के तहत ग्रामसभा को ये विशेष अधिकार दिया गया है कि बिना उनकी सहमति के किसी भी प्रशासनिक सीमांकन के लिए ग्रामसभा की अनुमति अति आवश्यक है। जलडेगा थाना से केलुगा, मयोमडेगा और खरवागढ़ा राजस्व ग्रामों की दुरी 2,5 और 6 किमी है। परंतु इन तीन गांव को ओड़गा ओपी में सम्मिलित कर दिया गया। इस ग्रामों की दूरी ओड़गा ओपी से 20-30 किमी है। उसी प्रकार सारूबहार एवं जोनोदा ग्राम जिनकी दूरी ओड़गा ओपी से 05 किमी और 06 किमी है, तथा जलडेगा से 26-27 किमी है। इन दोनों गांव को जलडेगा थाना में सम्मिलित कर दिया गया। डीजीपी अजय कुमार सिंह ने मौके पर से ही सिमडेगा पुलिस अधीक्षक को दुरभाष से ही इस मामले की जानकारी ली और इस समस्या का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

सिमडेगा। आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में नल-जल योजना से जल की आपूर्ति करने, जमीन विवाद एवं स्वस्थ्य सहायता से संबंधित मामले आये। उपायुक्त के द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का अग्रसारित किया।

द्वितीय विशेष संक्षित पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर एसडीओ ने की बैठक

बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची से मिलान करते कर पुराने कार्ड को बदलने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता। बरही निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ जोहान टुडू ने प्रखंड सभागार में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित एक महत्पूर्ण बैठक की, जिसमें सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ सीआर इंदीवार, सीओआरएन खलखो, बीपीआरओ सावना मांझी, सुपरवाइजर, पंचायत सचिव और बीएलओ शामिल हुए. मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधित निर्देश देते हुए एसडीओ ने कहा कि वैसे मतदाता जो मृत, स्थानांतरित, दोहरी प्रविष्टि वाले, ब्लैक एंड वाइट फोटो वाले वोटर कार्ड, जिनका वोटर कार्ड नहीं हो अथवा पुराना लेमिनेटेड वोटर कार्ड के लिए निर्धारित प्रपत्र भर अग्रेतर कार्रवाई की बात कही. सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची से मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का निर्देश दिया. इस दौरान अस्पष्ट फोटो वाले मतदाता कार्ड को बदलने का भी निर्देश दिया. बैठक के माध्यम से उन्होंने मतदाताओं से भी अपील किया कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं है अथवा किसी प्रकार के सुधार कराने हैं, वे अविलंब ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने बीएलओ से मिलकर अपना आवेदन जमा कर दें।

एक नजर

राष्ट्रिय लोक अदालत 13 जुलाई को

गुमला। गुमला व्यवहार न्यायालय गुमला में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार आगामी 13 जुलाई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा। इस संबंध में तैयारी का जायजा लेने के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र ने सभी न्यायिक पदाधिकारीयो से बैठक कर उन्हे योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित कोर्ट्स में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया इसी क्रम में आज प्रधान जिला जज के द्वारा मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श किया गया इसमें इंश्योरेंस कंपनियों के अधिवक्ताओं ने भाग लिया । कल प्रधान जिला जज के द्वारा सभी बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं पदाधिकारी के साथ आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय पर चर्चा की जाएगी ।

पझरी पहाड़ में

पझरी पहाड़ के समीप ग्रामीणें के द्वारा पकड़ा गया विशाल अजगर

भंडरा । भंडरा के पझरी पहाड़ के पास एक विशाल अजगर ने गांव के एक बकरी को अपना निवाला बनाने के प्रयास में था। मौके पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई। जिस बाद काफी मशक्कत के बाद बकरी को अजगर के चंगुल से अलग किया गया। लेकिन अजगर का पकड़ इतना मजबूत था की बकरी की मौत हो गई। घटना सोमवार शाम की है। पहाड़ के पास लोग अपने बकरी का चरवाही कर रहे थे। इसी दौरान एक बड़ा अजगर एक बकरी को अपने चपेट में ले लिया। बकरी का आवाज सुन लोग आवाज की ओर दौड़े तो नजारा देख दंग रह गये। पहले तो लोगों ने बकरी को अजगर के चंगुल से छुड़वाया।

विजन पब्लिक स्कूल ने प्रारंभ की पर्यावरण बचाने की अनोखी मुहिम

चतरा/इटखोरी। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत पिपराही में स्थित द विजन पब्लिक स्कूल ने पर्यावरण बचाने के लिए एक अनोखी मुहिम की शुरूआत की है। इस मुहिम का नाम जितने बच्चे उतने पौधे दिया गया है। इस मुहिम की शुरूआत सोमवार को विद्यालय के निदेशक नीरज सिन्हा के द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर किया गया। श्री सिन्हा ने कहा इस वर्ष गर्मी ने हम सब को इतना तड़पाया है कि मेरे जहन में यह ख्याल आया कि क्यों ना हम अपने-अपने स्तर से प्रकृति को बचाने की कोई नेक पहल करें और इसी कोशिश में एक मुहिम छेड़ी जिसका नाम दिया जितने बच्चे उतने पौधे। श्री सिन्हा ने आगे कहा हमारे विद्यालय में 1000 बच्चे नामांकित हैं और 1000 पेड़ लगाने जा रहे हैं।

आजसू ने किया हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

चतरा/कान्हाचट्टी। जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में आजसू कार्यकताओं ने सोमवार को पार्टी निर्देश पर हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेश सिंह व संचालन किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष उदय चौबे ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय सदस्य संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष शिवलाल दांगी, जिला सचिव अनिल सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पोखन दांगी उपस्थित थे। सभी ने प्रखंड कार्यालय का घेराव कर झारखंड सरकार होश में आओ,बजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सुविधा देना होगा के नारे लगाए।

लोहरदगा में तीन बेटियों के साथ आमरण अनशन पर बैठी निर्मला देवी

सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारा सिर्फ दीवाल लेखन तक सिमटा : निर्मला

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

जिले के सेन्हा प्रखण्ड अंतर्गत सेरेंगहातु गांव निवासी महिला निर्मला देवी अपनी तीन बेटियों के साथ लोहरदगा समाहरणालय के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ गई है। उनसे पूछने पर उन्होंने बताया की विगत वर्ष से उसुर्लाइन विद्यालय प्रबंधन मुझे परेशान कर रहा है और मेरी बेटियों का नामांकन नहीं लेकर भविष्य बर्बाद कर रहा है। इस मामले को लेकर मैने उपायुक्त, डीएसई डीईओ के पास आवेदन देकर थक गई बावजूद कोई सकारात्मक कार्रवाई नही किया गया है। उपायुक्त ने समुचित कार्रवाई के लिए डीईओ को पत्र प्रेषित किया था लेकिन डीईओ ने इसपर कोई कार्रवाई नही किया बल्कि उसुर्लाइन विद्यालय प्रबंधन का पक्ष ली।

डीईओ का यह रवैया सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को घात पहुचाता है। उन्होंने बताया कि मेरी गलती इतनी है की मैंने मेरी बड़ी बेटी का फीस के एवज में उसकी रसीद मैने विद्यालय प्रबंधन से मांगा था।

यह रसीद मांगना मेरी अन्य दो बेटियों को उसुर्लाइन विद्यालय से नामांकन से वंचित करा दिया है। इसके बाद मैंने सुचना के अधिकार के तहत जरूरी मांग की। जिसकी सजा मेरी बेटियों को दिया जा रहा है, जो सरासर अन्याय है। सरकार का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सिर्फ दीवाल लेखन तक ही सीमित है, यह मात्र एक दिखावा है। उसुर्लाइन विद्यालय पर सरकार की कोई अंकुश नहीं है। राज्यपाल के पास गई और शिक्षा सचिव के पास भी गई।

उनके आदेशो का भी पालन विद्यालय प्रबंधन नही किया । मामले में विद्यालय की प्रिंसिपल से पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी भी फोन नहीं उठाई। जिसके कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।

मै उपायुक्त के समक्ष टेस्ट देने के लिए तैयार हूं : नैंसी प्रजापति

वही आमरण अनशन पर बैठी बेटी नैंसी प्रजापति का सपना है एक डॉक्टर बनने का और कहती है की मै उसी स्कूल मे पढ़ना चाहती हूँ। मेरा टेस्ट डीसी सर अपने सामने लें यदि मै फेल करती हुँ तो नामांकन नहीं ले लेकिन मेरे टैलेंट को चैलेन्ज किया गया और मुझे टेस्ट मे फेल घोषित कर नामांकन नहीं लेने से मै काफी मानसिक पीड़ा मे हुँ। आमरण अनशन मे निर्मला देवी के साथ उनकी बेटियां खुशी प्रजापति जो इसी विद्यालय से ही मैट्रिक पास की है। वर्तमान मे इंटर भी प्रथम श्रेणी 75% अंकों से पास की है। वही शैली प्रजापति का नामांकन लिया ही नहीं गया है फॉर्म भी नहीं दिया गया।

विद्यालय की मनमानी से बेटियों का भविष्य बचाये : अभय कुमार महतो

मामले में जदयू के प्रदेश महासचिव अभय कुमार महतो ने कहा कि झारखण्ड सरकार सिर्फ भ्रष्टाचार मे लिप्त है। सरकार को आम आदमी की परेशानियों से कुछ लेना देना नहीं है। यह दुर्भाग्य की बात है कि आज बेटियां आमरण अनशन पर जमीन पर बैठी है। इससे ज्यादा शर्म की बात क्या होंगी सरकार के लिए। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि मामले में त्वरित संज्ञान लेकर विद्यालय की मनमानी पर रोक लगाए और बेटियों को बचाने, बेटी को पढ़ाने की व्यवस्था कराये और शोषण से मुक्ति दिलाये।

अरगा नदी पर बन रहे पुल के गिरने के मामले में सचिव ने दिया जांच का आदेश

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

गिरिडीह-जमुई को जोड़ने वाले भेलवाघाटी के अरगा नदी पुल टूटने के मामले में पथ निर्माण विभाग के सचिव ने ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार रंजन गुप्ता को आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया है। वहीं पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार को शो कॉज नोटिस जारी कर निमार्णाधीन पुल टूटने का कारण पूछा है। कार्यपालक अभियंता विनय कुमार ने कहा की सचिव के निर्देश पर ओम नमः शिवाय एजेंसी के ठेकेदार से नुकसान की भरपाई किया जाना है। वैसे ठेकेदार पर कार्रवाई अभी होना बाकी है। सचिव के निर्देश का इतंजार है, निर्देश के आधार पर ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कराया जा सकता है तो सिक्योरिटी की राशि को सीज करने का भी निर्देश मिल सकता है. फिलहाल, बारिश के बाद नदी में आए तेज बहाव के कारण पुल का एक बड़ा हिस्सा टूटकर बहने की घटना से करीब डेढ़ करोड़ के नुकसान का अनुमान है। सचिव के निर्देश पर ठेकेदार ने गिरिडीह पथ प्रमंडल को सोमवार को एक अंडर टेकिंग लिख कर दिया है, जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई खुद ठेकेदार द्वारा किया जाना है। नुकसान का अतिरिक्त राशि खर्च करने का कोई दावा विभाग पर नही किया जाएगा।

समीक्षा बैठक के दौरान आपस में भिड़े कांग्रेसी, तू-तू,मैं-मैं के साथ हाथापाई

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा में कांग्रेस पार्टी दो गुटों में बंट गई है। दोनो गुट के कार्यकर्ता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पिछले दिनों एक गुट ने दूसरे गुट पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाकर कार्यकताओं का पुतला फूंक दिया था। कांग्रेस पार्टी का एक खेमा लोकसभा चुनाव में भीतर घाट करने का आरोप लग रहा है। जबकि, दूसरे खेमा का दावा है कि, चुनाव में किसी प्रकार की भीतर घाट नहीं की गई है। प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त निर्देश के आलोक में समर्पित होकर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिए काम किया गया था। जिसका परिणाम है कि, लोहरदगा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अभूतपूर्व से जीत दर्ज कर सके। वही सोमवार को स्थानीय नगर भवन में जमकर कांग्रेसजनों में तू तू मैं मैं, खींचतान और हाथापाई हुई। दरअसल कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति के अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू , सदस्य प्रदीप तुलस्यान, भीम कुमार एवं सुल्तान अहमद की अगुवाई में लोकसभा चुनाव परिणाम की समीक्षा नगर भवन में की जा रही थी। लोहरदगा और गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और प्रखंड अध्यक्ष इसमें मौजूद थे। दोपहर 12:30 बजे नगर भवन में बैठक शुरू होते ही कांग्रेसी खेमा दो गुटों में बट गया। आरोप प्रत्यारोप के बाद माहौल गर्मा गया।

न्यूज बॉक्स

रोटरी नेत्र चिकित्सालय में रक्तदान का हुआ आयोजन

डॉक्टर डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर चिकित्सक और चार्टर्ड अकाउंटेंट को भी दिया गया सम्मान

गिरिडीह : शहर के नेताजी चौक के करीब स्थित रोटरी नेत्र चिकित्सालय में सोमवार रोटरी गिरिडीह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. बताया गया कि सत्र 2024-25 के प्रथम दिन की शुरूआत रक्तदान शिविर से की जा रही है। रक्तदान शिविर का विधिवत उद घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रकाश बगड़िया द्वारा फीता काट कर किया गया। जिसमें कुल 40 लोगों ने अपने कीमती लहू का दान किया। शिविर के दौरान डॉक्टर डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ मो आजाद, डॉ राम रतन केडिया, डॉ शशि भूषण चौधरी, डॉ मीता साव, डॉ विकास माथुर, डॉ विनय गुप्ता, डॉ सौहेल अख्तर, डॉ विकास लाल एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रभाष कुमार दत्ता, संजय शर्मा, विकास बगड़िया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रोटरी गिरिडीह के नए अध्यक्ष रवि चूड़ीवाला, सचिव मयंक राजगढ़िया, शिविर संयोजक डॉ तारक नाथ देव, अमित अग्रवाल, मनीष वर्णवाल, अमित गुप्ता, राजेंद्र बगड़िया, नरेंद्र सिंह, राजन जैन, संतोष अग्रवाल, पियूष मुसद्दी, आशीष तरवे, रवि बगड़िया, मनीष केडिया, देवेंद्र सिंह, विकास बसईवाला, अमित डे, नवीन सेठी, प्रमोद कुमार, नीरज शर्मा, प्रदीप डालमिया, तरणजीत सिंह, शंभू जैन, लक्खी गौरीसरिया, अभिषेक जैन, अजय जैन, अमित तुलस्यान, शरद रूंगटा, सिद्धार्थ जैन एवं ब्लड बैंक के कर्मचारियों अहम योगदान रहा।

शहर में चोरों का गिरोह फिर हुआ सक्रीय चोरी की घटना को दिया अंजाम

गिरिडीह। नगर थाना इलाके में इन दिनों चोरों का गिरोह लगातार छोटी बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। ताजा मामला वार्ड नंबर 16 करबला रोड शिव मंदिर गली का है जहां चोरों ने रामदेव राम के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में भुक्तभोगी रामदेव राम ने नगर थाना पुलिस को लिखित आवेदन दिया है। दिए आवेदन में रामदेव राम ने कहा कि सुबह जब वे जगे तो रूम का दरबाजा बाहर से बंद पाया। इसके बाद उन्होंने आवाज देकर पड़ोसी से दरबाजा खुलवाया तो देखा कि दूसरे रूम का दरबाजा बंद था जो कि खुला हुआ है। इस दौरान उन्हें चोरी की शंका हुई तो आस पड़ोस को इसकी जानकारी दी। उन्होंने घर के पास स्थित अपने पड़ोसी हरीश सिन्हा को बुलाया और जानकारी दी। इस दौरान 100 नंबर और थाना में कॉल किया मगर संपर्क नहीं हो पाया। मौके पर जांच किया तो पैकेट में रखा 5 हजार कुछ रुपया और दूसरे रूम के ट्रंक में रखा 12 से 15 हजार रुपया गायब मिला। वहीं इसमें रखे सारे सामान बिखरे हुए मिले। बताया कि उनके घर में एक बार पहले भी चोरी की घटना हो

आमने-सामने मोटरसाइकिल टक्कर में चार घायल, एक गंभीर

चतरा। लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहावन मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। जिस पर सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। जिसमें एक की स्थिति गंभीर है। जानकारी के अनुसार बनवार गांव निवासी नाथो यादव और सुरेंद्र यादव अपने मोटरसाइकिल से चतरा से लावालौंग लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से लावालौंग साप्ताहिक बाजार करके जा रहे रूगुद निवासी बिजय गंझू व चतरा गांव निवासी राजेश गंझू के मोटरसाइकल से सोहावन मोड के पास नियंत्रण खोने से जोरदार टक्कर हो गई और चारो मोटरसाइकिल सवार घटनास्थल पर ही घायल होकर गिर पड़े। राहगीरों की तत्परता से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

बिहारशरीफ में छिनतई की घटना को अंजाम देकर गिरिडीह भाग आए थे अपराधी

पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

नवादा जिले के बिहारशरीफ में रेलवे कर्मचारी अमरजीत कुमार से रुपया छिनतई मामले को अंजाम दिए जाने के बाद 2 अपराधी गिरिडीह भाग आए थे. घटना को लेकर एसपी दीपक कुमार शर्मा को सूचना दी गयी. जिसके बाद एसपी ने मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी का निर्देश दिया. इसके बाद टीम ने संभावित स्थानों पर छापेमारी की और शहर के कोर्ट रोड में एक चारपहिया वाहन में सवार दो लोगों को पकड़ा. इस दौरान पूछताछ में दोनों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर की. पकड़े गए अपराधकर्मियों में डुमरी थाना इलाके के इसरी का अनिल कुमार और जहानाबाद का संतोष कुमार शामिल है। बताया गया कि अपराधियों ने 03 जून को छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था जिसके बाद बिहार थाना में काण्ड संख्या 435/2024 दर्ज किया गया था. मामले में पुलिस ने चारपहिया कार और तीन मोबाइल को भी बरामद किया है. साथ ही पुलिस को गिरफ़्तारी से संबंधित सूचना दे दी है।

सर जेसी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में किया गया पौधरोपण

पूरा विश्व प्राकृतिक असंतुलन से जूझ रहा है

ग्लोबल वार्मिंग आज हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है

नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह

लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलिट ने लायंस वर्ष 2024- 25 की शुरूआत सर जेसी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में 25 छायादार वृक्ष लगाकर की। इस बाबत क्लब के अध्यक्ष लायन दशरथ प्रसाद ने कहा कि इस वर्ष हमारे क्लब की ओर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों में 1500 पेड़ लगाए जाएंगे।

जोन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने कहा कि आज वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी के तहत जिला 322 ए के सभी क्लबों के द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व प्राकृतिक असंतुलन से जूझ रहा है, ऐसे में प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण सबसे कारगर उपाय है। ग्लोबल वार्मिंग आज हम सभी के लिए अति गंभीर चिंता का विषय है पेड़ लगाने से हम पर्यावरण को संतुलित करने के साथ साथ पृथ्वी को हो रहे नुकसान से भी निजात दिला सकेंगे। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन संजय कुमार सिंह, डिस्ट्रिक्ट एलसीआईएफ को-ऑर्डिनेटर लायन राजेश कुमार गुप्ता, तथा लायन डॉक्टर सुमन कुमार लायन अमरनाथ मंडल लायन अवनीश अंशु लायन शत्रुघ्न सिंह लायन विकास कुमार वर्मा लायन विकास गुप्ता स्कूल के प्रधानाध्यापक मुन्ना कुशवाहा, अमरेश कुमार समेत स्कूल के कई शिक्षक व छात्राएं शामिल थी।

सहायक अध्यापकों ने निकाला मशाल जुलूस, विभिन्न मांगो को लेकर करेंगे आंदोलन

कुंदा(चतरा)। रविवार देर शाम सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा कुंदा की प्रखण्ड इकाई ने विभिन्न मांगों को लेकर मशाल जुलूस निकाला। इस दौरान सहायक अध्यापक संघ ने काहा की झारखंड सरकार ने सहायक अध्यापकों को तीन माह के अंदर वेतनमान सहित सभी मांगों को पूरा करने का वादा किया था। परंतु सोरेन सरकार का कार्यकाल पूरा समाप्त होने वाला है, उसके बावजूद मांग अब तक पूरा नहीं हुई। मांग पूरा नहीं होने के विरोध में सहायक अध्यापकों ने मसाल जुलूस निकालकर अपनी मांगों को पूरा करने के लिए सरकार से एक बार पुनः अनुरोध किया। आगे काहा की मांगों पर ससमय विचार नहीं किया जाएगा तो बाध्य होकर आंदोलन करने को हम विवश होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही वर्तमान झारखंड सरकार की होगी। मौके पर प्रखण्ड इकाई सहायक अध्यापक संघ प्रखण्ड अध्यक्ष रणधीर सिंह समेत अन्य शामिल थे।

मशीन में साड़ी के फंसने से हुई महिला की मौत

गुमला। गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र के बनारी में एक्सपेलर मशीन से सरसों का तेल निकलवाने पहुंची 50 वर्षीय मारशीला लकड़ा का साड़ी एक्सपेलर में फंस जाने से देखते ही देखते उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त महिला लातेहार जिला अंतर्गत सिरसी के अइगू गांव से आधा दर्जन अन्य लोगों के साथ सरसों का तेल निकलवाने बनारी स्थित गुप्ता तेल एक्सपेलर पहुंची थी। तब अन्य लोगों का तेल निकालने का काम संचालक द्वारा किया जा रहा था तभी सरसों का वजन करने के दौरान महिला का साड़ी एस्पेलर मशीन का लाइन सापट में फस गया साड़ी का खिंचाव होने के कारण उसका गला पूरी तरह से दब गया जिससे मौके पर ही उक्त महिला की दर्दनाक मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलते ही बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया।

नौ साइबर अपराधी रंगेहाथ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

धनबाद पुलिस ने साइबर थाना की मदद से साइबर अपराध को अंजाम देते नौ साइबर अपराधों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। ये साइबर अपराधी धनबाद के नावाडीह स्थित सन ब्राईट अपार्टमेंट के पहले तल्ले पर स्थित सोमनाथ सिंह के फ्लैट जिसे इन्होंने किराए पर लिया था, वहा से ये साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थें। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन, लैपटॉप, क्रेडिट,डेबिट कार्ड सहित साइबर अपराध से जुड़े कई समान बरामद किया है। इस संबंध में धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक हरदीप पी जनार्दन ने सोमवार को बताया कि एक संदिग्ध मोबाइल फोन नम्बर 8159037548 के जांच के क्रम में मोबाइल फोन का लोकेशन धनबाद का नावाडीह मिलने के बाद इस संदर्भ में एक विशेष टीम बनाकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान 9 साइबर अपराधियों को सन ब्राईट अपार्टमेंट के एक फ्लैट से साइबर अपराध को अंजाम देते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में साइबर अपराधियों ने बताया कि इनके द्वारा एक रेडी बुक नामक वेबसाइट बनाया गया था। जिसके जरिए ये लोगों से व्हाट्सएप के माध्यम से जुड़कर ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर उनसे अलग-अलग बैंक खातों में पैसा जमा करवा लेते थे। जिसके बदले उन्हें डिजिटल क्वाइन उपलब्ध कराकर ऑनलाइन गेम खिलाने के नाम पर लोगों से ठगी किया करते थे। इतना ही नहीं ये लोगों को उनका क्रेडिट/डेबिट कार्ड बंद होने का झांसा देकर भी उनसे उनके कार्ड की सारी जानकारी प्राप्त कर ठगी की घटना को अंजाम देते थे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक , अधिकारियों को मिला दिशा-निर्देश

सड़क सुरक्षा के नियमों का हर हाल में अनुपालन कराना करें सुनिश्चित : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त वाघमारे प्रसाद की अध्यक्षता जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अधिकारियों से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का हर हाल में अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्र समेत हर प्रखण्ड में नियमित रूप से हेलमेट जांच अभियान चलाया जाए। लोगो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाय। स्कूल कॉलेज स्तर पर सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। वही पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा बताया गया कि बीते दो माह में 1443 लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक में किशोर वर्ग को दोपहिया वाहन चलाने से रोकने के लिए विद्यालय स्तर शिक्षक, छात्र व उनके अभिभावकों के साथ एक बैठक कर जागरूकता कार्यक्रम किये जाने का निदेश दिया गया। आईरैड मैनेजर को जिला में अत्यधिक सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्र को चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। इसके बाद राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल को एनएच में ऐसे एक्सीडेंट जोन में साइनेज और रम्बल स्ट्रिप लगाए जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा,अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, आइटीडीए परियोजना निदेशक, जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन समेत अन्य उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा समिति सदस्य ने दिए कई सुझाव

लोहरदगा। सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में दुर्घटना के कारण एवं निदान हेतु समिति सदस्य संजय बर्म्मन ने बैठक में कई कारण बताकर उन्हें अपने सुझाव दिए हैं। संजय बर्मन ने हिसरी बोंगा तथा मेरले चरहु पथ का टूटा पुलिया,महिला कॉलेज के पास अधूरा डिवाइडर, लोहरदगा स्टेशन पहुंचने का अर्धनिर्मित सड़क, चांपी का खतरनाक स्पीड ब्रेकर, कैरों के महुवरी सियाअंबा टोली पहाड़ का सड़क, बुलेट मोटरसाइकिल का परिवर्तित कर्कश साइलेंसर, वाहनों में डीजे साउंड लगाने हेतु वाहन से बड़ा साइज का फ्रेम,कैरो से बक्शी,बरवाटोली टोली से बीएस कॉलेज आदि की जर्जर व जानलेवा सड़क को दुरुस्त करने की बात कही।

वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना पहली प्राथमिकता होगी : सीएफ

नवीन मेल संवाददाता। चतरा

वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा के पद पर सोमवार को भारतीय वन सेवा अधिकारी अरविंद कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के दौरान चतरा दक्षिणी प्रमंडल के डीएफओ मुकेश कुमार व उतरी प्रमंडल के डीएफओ राहुल मीणा मौजूद थे। इस दौरान विभाग के सारे कर्मचारियों ने नए सीएफ अरविंद कुमार का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मौके पर वन संरक्षक अरविंद कुमार ने कहा कि वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना पहली प्राथमिकता होगी. किस तरह वन्यजीवनों की सुरक्षा करना है, इसके लिए अधिकारियों के साथ रणनीति बनायेंगे, जबकि आम जनता को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। चतरा वन क्षेत्र को हरा भरा रखने के लिए वृक्षारोपण का कार्य जोर शोर से कराया जाएगा। साथ ही मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम और कर्मचारियों की समस्याओं पर भी काम करने की बात कही।

कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी

ज्ञापांक 1054 दिनांक 01.07.2024

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1049, दिनांक 27.06.2024 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या KNP/01/ 2024-25 जिसका PR No. 327934 है, में क्रम संख्या 01 के Cost of BOQ में 25,000.00 को 10,000.00 एवं Earnest Money में 2% of Estimated Amount dks 1 % of Estimated Amount पढ़ा जाय।

ह0/–
प्रशासक,
नगर पंचायत, खूँटी।

PR.NO.328278 Urban Development(24-25):D

दुनिया की सारी शक्ति हमारे ही अंदर है, हम हैं, जो अपनी आंखों पर हाथ रख लेते हैं : स्वामी विवेकानंद

डाक विभाग में सुधार की आवश्यकता है

कभी लिखित सूचना के सबसे बड़े नेटवर्क डाक व्यवस्था में कूरियर सेवा आने के बाद सुधार अपेक्षित था जो अब अप्रासंगिक होता जा रहा है। आजादी के 75 साल बाद भी भारत की डाक व्यवस्था में सुधार न होकर पतन ही हुआ। भारत में डाक विभाग 250 साल से पुराना है। आज गांव-गांव तक इसकी ब्रांच हैं। पूरे भारत में 155531 डाकघर हैं। इतना बडा नेटवर्क होने के बाद भी यह सरकारी विभाग प्राइवेट कोरियर कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में पिछड़ती जा रही है। भारतीय डाक की सेवा में सुधार हो, इसमें न विभागीय अधिकारियों की रूचि है, न सरकार की। इसी का परिणाम है कि इसका अपने व्यवसाय से एकाधिकार टूटता जा रहा है। प्राइवेट कंपनी इसके व्यवसाय को कब्जाती जा रही हैं। भारत में डाक सेवाओं की स्थापना 1774 में हुई। पहली बार भारतीय डाकघर को राष्ट्रीय महत्व के एक अलग संगठन के रूप में स्वीकार किया गया और उसे एक अक्टूबर 1854 को डाकघर महानिदेशक के सीधे नियंत्रण में सौंप दिया गया। भारतीय डाक व्यवस्था कई व्यवस्थाओं को जोड़कर बनी हैं। 650 से ज्यादा रजवाड़ों की डाक प्रणालियों, जिला डाक प्रणाली और जमींदारी डाक व्यवस्था को प्रमुख ब्रिटिश डाक व्यवस्था में शामिल किया गया था। इन टुकड़ों को इतनी खूबसूरती से जोड़ा गया है कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक संपूर्ण अखंडित संगठन है। 1766 में लार्ड क्लाइव ने देश में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की थी। इसके बाद 1774 में वारेन हेस्टिंग्ज ने इस व्यवस्था को और मजबूत किया। उन्होंने एक महा डाकपाल के अधीन कलकत्ता प्रधान डाकघर स्थापित किया। मद्रास और बंबई प्रेसीडेंसी में क्रमशः 1786 और 1793 में डाक व्यवस्था शुरू की गई। 1837 में डाक अधिनियम लागू किया गया ताकि तीनों प्रेसीडेन्सी में सभी डाक संगठनों को आपस में मिलाकर देशस्तर पर एक अखिल भारतीय डाक सेवा बनाई जा सके। 1854 में डाकघर अधिनियम के जरिए एक अक्टूबर 1854 को मौजूदा प्रशासनिक आधार पर भारतीय डाक घर को पूरी तरह सुधारा गया। 1854 में डाक और तार दोनों ही विभाग अस्तित्व में आए। शुरू से ही दोनों विभाग जन कल्याण को ध्यान में रख कर चलाए गए। लाभ कमाना उद्देश्य नहीं था। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध्द में सरकार ने फैसला किया कि विभाग को अपने खर्चे निकाल लेने चाहिए। उतना ही काफी होगा। 20वीं सदी में भी यही क्रम बना रहा। डाकघर और तार विभाग के क्रियाकलापों में एक साथ विकास होता रहा। 1914 के प्रथम विश्व युध्द की शुरूआत में दोनों विभागों को मिला दिया गया। भारतीय राज्यों के वित्तीय और राजनीतिक एकीकरण के चलते यह आवश्यक और अपरिहार्य हो गया कि भारत सरकार भारतीय राज्यों की डाक व्यवस्था को एक विस्तृत डाक व्यवस्था के अधीन लाए। ऐसे कई राज्य थे जिनके अपने जिला और स्वतंत्र डाक संगठन थे और उनके अपने डाक टिकट चलते थे। इन राज्यों के लैटर बाक्स हरे रंग में रंगे जाते थे ताकि वे भारतीय डाकघरों के लाल लैटर बाक्सों से अलग नजर आएं। 1908 में भारत के 652 देशी राज्यों में से 635 राज्यों ने भारतीय डाक घर में शामिल होना स्वीकार किया। केवल 15 राज्य बाहर रहे, जिनमें हैदराबाद, ग्वालियर, जयपुर और ट्रावनकोर प्रमुख हैं।1925 में डाक और तार विभाग का बड़े पैमाने पर पुनर्गठन किया गया। विभाग की वित्तीय स्थिति का जायजा लेने के लिए उसके खातों को दोबारा व्यवस्थित किया गया। उद्देश्य यह पता लगाना था कि विभाग करदाताओं पर कितना बोझ डाल रहा है या सरकार का राजस्व कितना बढा रहा है और इस दिशा में विभाग की चारों शाखाएं यानी डाक, तार, टेलीफोन और बेतार कितनी भूमिका निभा रहे हैं।

इन दिनों

शेयर मार्केट में सकारात्मक परिवर्तन

शशांक भारद्वाज

भारतीय शेयर मार्केट मोदी सरकार की वापसी के पश्चात तो टकाटक भाग रहें हैं, नई ऐतिहासिक ऊंचाइयां बना रहें हैं। अधिक महत्वपूर्ण यह है कि अब नई ऊंचाइयों पर और भी खरीदारी आ रही है, जबकि पहले बिक्री आ रही थी। यह एक बड़ा सकारात्मक परिवर्तन है। यद्यपि सामान्य तथा उच्च संपत्ति वर्ग निवेशकों में 24000 निफ्टी बहुत ऊंचा हो गया, इस भाव के कारण क्रय में हिचक सा मनोभाव है परंतु यदि निफ्टी 24000 स्तर के ऊपर कुछ दिन बना रहता है तो फिर एक अभ्यस्तता सी हो जायेगी एवं मार्केट अच्छे आर्थिक कारकों, शेयर मार्केट में विदेशी तथा भारतीय वित्तीय संस्थानों के धन प्रवाह के आधार पर, शेयर विशेष की आर्थिक शक्ति आदि पर तेजी की अगली चाल की ओर उन्मुख होगा। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अच्छा क्रय कर रहें हैं। जून माह में उन्होंने 26565 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए जबकि अप्रैल में 8671 करोड़ रुपए तथा मई में 25586 करोड़ रूपए के शेयर बेचे थे। यह उनके मनोभाव में एक बड़ा परिवर्तन है। जुलाई में भी यह क्रय बना रहता है तो विदेशी लिवाली भारतीय शेयर मार्केट को इन स्तरों से भी ऊंचा ले जा सकती है। भारी भरकम शेयर रिलायंस इंडस्ट्री, विप्रो, इंफोसिस ,आईसीआईसीआई बैंक इत्यादि वर्ष के उच्चतम स्तरों की ओर हैं। पहले यह होता था कि बड़े शेयर चलते थे तो छोटे, मध्यम शेयर ठहर जाते थे परंतु अब छोटे घरेलू निवेशकों की बड़ी सेना भारतीय शेयर मार्केट में पूरे उत्साह के साथ आ गई है, आ रही है,अतः इन शेयरों में भी तेजी बनी हुई है। लघु तथा माध्यम शेयर सूचकांक भी तेजी में ही हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह नगद संभाग में तो 4608 करोड़ रुपए का की क्रय किया परंतु स्टॉक फ्यूचर में उन्होंने सप्ताह के पांचों व्यापारिक सत्रों में अच्छा क्रय किया तथा कुल 24126 करोड़ रूपए की खरीद की। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने पिछले सप्ताह नकद संभाग में 7056 करोड़ रुपए का क्रय किया।जब

एफआईआई तथा डीआईआई दोनो ने क्रय किया तो बिकवाली व्यक्तिगत निवेशकों ने की होगी जो संभवतः 24000 निफ्टी को बहुत ऊंचा स्तर मान रहें होंगे। चूंकि संस्थागत निवेशक अधिक शक्तिशाली तथा परिपक्व माने जाते हैं, अतः उनके हाथों में शेयर जाना मार्केट के स्थायित्व के लिए अच्छा होता है। इसलिए निफ्टी 24000 के बहुत ऊंचे स्तरों पर है, मात्र इससे बिक्री तथा बड़ी गिरावट की संभावना कम है। मार्केट में कोई बड़ी गिरवर कोई नकारात्मक राजनीतिक घटनाक्रम अथवा कोई बड़ा वैश्विक आर्थिक संकट ही ला सकता है अन्यथा इसके तेज बने रहने की ही संभावना है। मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में तो अद्भुत अर्थव्यवस्था प्रबंधन किया। विश्व की सर्वाधिक तीव्र गति की अर्थव्यवस्था बनी, रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुआ, निर्धनता उन्मूलन में बड़ा कार्य हुआ,जीएसटी कर संग्रह में बड़ी वृद्धि हुई, आधारभूत संरचनाओं का बड़ा विकास हुआ आदि आदि। बैंको का शुद्ध एनपीए कुल अग्रिम की तुलना में मार्च 24 में घटकर .06 प्रतिशत आ गया। सकल एनपीए भी 12 वर्षों के न्यूनतम स्तर 2.5 प्रतिशत पर आ चुका है। यह एक बड़ी तथा उल्लेखनीय उपलब्धि है अन्यथा एक समय भारतीय बैंकिंग प्रणाली के ध्वस्त होने के कगार पर थी परंतु मोदी सरकार ने बचा लिया। भारतीय शेयर मार्केट तथा निवेशक परिपक्वता भी दर्शा रहें हैं। सोमवार को क्वांट म्यूचुअल फंड को ले कर कुछ आशंकाएं थी, निफ्टी 119 अंक नीचे खुला भी परंतु बंद 36 अंक ऊपर ही हुआ। क्वांट एमएफ पर सेबी की जांच ,उनके परिसर पर छापे की बात थी। 93000 करोड़ रूपए का म्यूचुअल फंड प्रबंधन क्वॉन्ट करती है। मार्केट में तो इस समाचार से एक बार बड़ी गिरावट, घबराहट फैल जानी चाहिए थी। पर ऐसा नहीं हुआ। मिड तथा स्मॉल कैप सूचकांक भी तेज ही बंद हुए। यह मार्केट की परिपक्वता का संकेत था क्योंकि जिस अनियमितता की बात कही जा रही थी ,वो 20 करोड़ रुपए का लाभ अनुचित प्रकार से बनाने की बात थी। 93000 करोड़ का कोष प्रबंधन, आरोप 20 करोड़ अनुचित लाभ कमाने का। मार्केट ने इसको समझा एवं कोई घबराहट पूर्ण बिकवाली नहीं आई। यह भारतीय शेयर मार्केट की परम परिपक्वता का एक बहुत ही अच्छा तथा महत्पूर्ण संकेत था ,बहुत शक्तिशाली होने का भी। भारत सरकार के बॉन्ड जेपी मॉर्गन बॉन्ड इंडेक्स में सम्मिलित हो रहें हैं। गोल्डमैन सच्स समूह के अनुसार इससे बॉन्ड में 3.4 लाख करोड़ का निवेश भारत आने की संभावना है। यह भारत के विदेशी रिजर्व में तो वृद्धि करेगा ही, रुपए को भी शक्तिशाली बना सकता। साथ ही किसी आकस्मिक घटनाक्रम में भी एक सुरक्षा कवच का कार्य करेगा। किसी अर्थव्यवस्था के लिए बॉन्ड मार्केट की अच्छी साख बहुत महत्वपूर्ण होती है। घरेलू आईपीओ क्षेत्र ने पिछले 17 वर्षों का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया हैं एवं इस वर्ष की पहली छमाही में 32000 करोड़ रुपए जुटाएं हैं। यह भारतीय शेयर मार्केट में बढ़ता विश्वास तथा विस्तार का परिचायक है। [पी नोट्स से भी भारतीय शेयर मार्केट में निवेश मार्च 2022 के अंत के 88600 करोड़ की तुलना में मार्च 24 में बढ़कर 1.49 लाख करोड़ रुपए हो गया है। भारत की अच्छी होती आर्थिक स्थिति का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि मार्च 24 की तिमाही में भारत का चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का आधिक्य रहा। विगत दो वर्षों में देश के 38 उद्योगों की 4418 कंपनियों ने 4.76 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह भी बढ़ती मांग तथा उद्योगों के बढ़ते आत्मविश्वास का प्रतीक है। एक दशक पूर्व रूपया एशिया की सबसे अस्थिर मुद्रा थी,अभी यह सबसे स्थिर मुद्रा हो गया है। राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 24 25 के प्रथम दो माह में मात्र 3 प्रतिशत रहा। निफ्टी मे विगत सप्ताह 501अंकों की वृद्धि रही तथा इसने पहली बार 24000 के ऊपर के साप्ताहिक बंदी दी। यदि ये 24000 के ऊपर बना रहता तो 24250 से 24500 हो सकता है। गिरावट पर 23700 से 23500 पर अच्छा समर्थन है। लोकसभा अध्यक्ष चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी की विजय अनुकूल राजनीतिक स्थिति का संकेत ही है। मोदी सरकार पुनः तीव्र गति से कार्य कर रही है। जीएसटी से ले कर स्पेक्ट्रम की नीलामी इसका परिचायक है। ब्रेंट क्रूड के बढ़े भाव भारत के लिए थोड़ी चिंता का विषय होता है परंतु भारत रूस से सस्ता क्रूड क्रय कर पा रहा है। 24000 निफ्टी में मन आपको शेयर बेचने को बोलेगा परंतु धैर्य के साथ शेयरों में निवेशित रहिए, यद्यपि बहुत बढ़ चुके शेयरों में लाभ के सकते हैं। भारतीय कॉरपोरेट जगत में एक उल्लेखनीय घटनाक्रम हुआ है ,कंपनियों के अधिग्रहण तथा विलय। इंडिया सीमेंट में अल्ट्राटेक सीमेंट ने 23 प्रतिशत शेयर एक दिन ने ही क्रय कर लिए वहीं जेएसडब्ल्यू इंफ्रा में नवकार कॉर्प का विलय हो रहा है। ये अन्य कंपनियों में भी एक वैल्यू तथा मूल्य ढूंढने की एक प्रक्रिया प्रारंभ कर सकती है। इससे भारतीय कम्पनी क्षेत्र को एक बड़ा तथा व्यापक स्तर पर लाभ हो सकता है। सावधानी तथा अच्छे चयन के साथ शेयरों में निवेश करते रहिए। भारतीय शेयर मार्केट के अच्छे दिन बने रहेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

आपकी बात

देश में परीक्षाएँ कब पवित्र होंगी?

राकेश दुबे

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नीट के तहत परीक्षाओं को लेकर पूरे देश में बहस जारी है। वास्तव में परीक्षा की जो पवित्रता भंग की गई है, लाखों युवाओं के करियर और भविष्य अधर में लटक गए हैं, ये बात यहीं तक सीमित नहीं हैं। एनटीए एक भ्रष्टाचारी और कदाचारी नेटवर्क की सांठगांठ का 'महाघोटाला' है। पृष्ठभूमि में परीक्षा-माफिया सक्रिय है। सिर्फ पेपरलीक और सॉल्वर गैंग की ही साजिशें नहीं हैं, बल्कि 'बड़ी मछलियां' भी हैं, जिनके बच्चों के लिए नीट परीक्षा से कुछ दिन पहले भी एनटीए की ऑनलाइन खिडकी खोली गई थी, ताकि वे परीक्षा के लिए अपने पंजीकरण करा सकें। उस दौर में 24,000 से अधिक पंजीकरण कराए गए। इसकी भी जांच होनी चाहिए कि फरवरी और मार्च में एनटीए की खिडकी खोली गई थी, तब इन लोगों ने पंजीकरण क्यों नहीं कराया? नीट की डॉक्टरी प्रवेश परीक्षा की धांधलियां सामने आ रही हैं। सवाल है कि जो माता-पिता अपने बच्चे की परीक्षा पास कराने के लिए 40 लाख रुपए प्रश्न-पत्र के लिए खर्च कर सकते हैं, क्या वे देश में 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' पैदा करना चाहते हैं? नीट प्रकरण के अलावा, यूजीसी नेट, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) और नीट-पीजी परीक्षाएं भी रद्द या स्थगित की गई हैं। इस तरह 37 लाख से अधिक युवाओं के भविष्य घोर अनिश्चित हो गए हैं। यह कोई सामान्य बात नहीं है। आखिर वे युवा कब तक परीक्षाएं देते रहेंगे? उम्र भी फिसल रही है, लिहाजा नौकरी की भी अनिवार्यता है। इन बर्बादियों का सवाल और आरोप एनटीए पर ही क्यों है? यह केंद्र सरकार को भी सोचना चाहिए और एनटीए को खंगालना चाहिए। एनटीए की प्रक्रिया, परीक्षा-प्रणाली, आउटसोर्स की मजबूरी, विशेषज्ञता के अभाव और मूल में भ्रष्टाचार आदि ऐसे बुनियादी कारण हैं कि इस संस्थान को ही समाप्त करने की मांगें की जा रही हैं। युवाओं के विरोध-प्रदर्शन इतने उग्र और व्यापक हो गए हैं कि एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा कर एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी प्रदीप सिंह खरोला को इस पद का दायित्व सौंपना पड़ा है। परीक्षा-प्रणाली और उसके ईमानदार, पेशेवर तंत्र को आईएएस लॉबी के हवाले करना कोई सार्थक समाधान नहीं है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक विशेष समिति का गठन किया है। बेशक उसमें महाविशेषज्ञ किस्म के महाबौद्धिक चेहरे शामिल हैं, लेकिन वे एनटीए की तकनीक, परीक्षा-प्रविधि और अंतर्विरोधों के समाधान नहीं दे सकते। यह उनकी विशेषज्ञता से बिल्कुल अलग क्षेत्र है। समिति को दो माह का समय दिया गया है। सर्वोच्च अदालत में भी एनटीए, नीट परीक्षा के मामले विचाराधीन हैं, जिनकी सुनवाई 8 जुलाई को है।

(भोपाल)

देश की न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा एक जुलाई

कृष्णमोहन झा

एक जुलाई की तारीख भारतीय लोकतांत्रिक और न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगी। देश में पुराने आपराधिक कानून को समाप्त करके नये आपराधिक कानूनों को लागू किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले देश की संसद में इसका मसौदा पेश किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसकी एक एक बात को सांसदों के समक्ष रखा। सदन ने जब इसे पास कर दिया, उसके बाद देश में यह कानून लागू हो सका है। पुराने आपराधिक कानूनों को निरस्त करना और नए कानूनों को अपनाना देश की वर्तमान वास्तविकताओं को दर्शाता है। भारतीय लोकाचार और संस्कृति को प्रतिबिंबित करने के लिए इन कानूनों का नाम बदला गया। जैसे कि भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 - पुरातन ब्रिटिश

अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है।

औपनिवेशिक युग से प्रस्थान का प्रतीक है, जिसमें सजा पर न्याय पर जोर दिया जाता है। भारत सरकार ने जो तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 बनाए हैं, इसका उद्देश्य राष्ट्र की अद्वितीय सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पहचान की रक्षा करना तथा उसे पुष्ट करना है। अंग्रेजों द्वारा बनाए गए और अंग्रेजी संसद द्वारा पारित किए गए इंडियन पीनल कोड, 1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (1898), 1973 और इंडियन एवीडेंस एक्ट, 1872 कानूनों को सरकार ने समाप्त कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 अगस्त को देश के सामने रखे गए पांच प्रण में से एक प्रण यह भी था कि गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आजादी से पहले के बनाए गए कानून को निरस्त करके उसे नए सुधारों के साथ देश में लागू करने का मन बनाया। भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक, 2023 को लेकर राज्यसभा में हुई चर्चा के बाद केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हम इन पर अगस्त, 2019 से ही विचार-विमर्श, चर्चा, सलाह कर रहे थे। सिर्फ कानूनों के नाम नहीं बदले हैं, बल्कि इनके उद्देश्य के अंदर आमूलचूल परिवर्तन किया गया है।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

फेसबुक वॉल से

X - से

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

संस्कृत को सम्मान दें

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीन ज्ञान विज्ञान की समृद्ध भाषा 'संस्कृत' को सम्मान देने और दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए आज जो कहा है वह प्रत्येक भारतवासी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। वास्तव में इस प्राचीनतम एवं वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसीलिए ही उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में संस्कृत में संवाद करते हुए कहा, ''मम प्रियाः देशवासिनः अद्य अहं किञ्चित चर्चा संस्कृत भाषायां आरभे। यानी मेरे प्रिय देशवासियों आज मैं संस्कृत भाषा पर कुछ चर्चा शुरू करता हूं।'' वस्तुतः इस भाषा की यह विशेषता ही है कि उसके बूते भारत वास्तवित अर्थों में भारत हो सका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी यहां यही समझाते दिखाई दे रहे हैं , ''साथियों, संस्कृत की प्राचीन भारतीय ज्ञान और विज्ञान की प्रगति में बड़ी भूमिका रही है। आज के समय की मांग है कि हम संस्कृत को सम्मान भी दें, और उसे अपने दैनिक जीवन से भी जोड़ें। आजकल ऐसा ही एक प्रयास बेंगलुरू में कई और लोग कर रहे हैं। बेंगलुरू में एक पार्क है- कब्बन पार्क ! इस पार्क में यहां के लोगों ने एक नई परंपरा शुरू की है। यहां हफ्ते में एक दिन, हर रविवार बच्चे, युवा और बुजुर्ग आपस में संस्कृत में बात करते हैं। इतना ही नहीं, यहाँ वाद- विवाद के कई सत्र भी संस्कृत में ही आयोजित किए जाते हैं। इनकी इस पहल का नाम है - संस्कृत सप्ताहांत! इसकी शुरूआत एक वेबसाइट के जरिए समष्टि गुब्बी जी ने की है। कुछ दिनों पहले ही शुरू हुआ ये प्रयास बेंगलुरूवासियों के बीच देखते ही देखते काफी लोकप्रिय हो गया है। अगर हम सब इस तरह के प्रयास से जुड़ें तो हमें विश्व की इतनी प्राचीन और वैज्ञानिक भाषा से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।'' यह सच भी है और इसे हमें खुले मन से स्वीकारना भी चाहिए। वास्तव में भारत की सांस्कृतिक पहचान अगर आज पूरी दुनिया में है, तो उनमें से एक संस्कृत भाषा भी है। जिसे हम देव भाषा भी कहते हैं। इसके आंचल से ही हिन्दी, पाली, प्राकृत आदि कई भाषाएं विकसित हुईं हैं, यह भाषा संस्कृति की तरह व्यापक है। संस्कृत भाषा हिन्दू धर्म, जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में संचार का पारंपरिक साधन रही है। संस्कृत साहित्य को प्राचीन कविता, नाटक और विज्ञान के साथ-साथ धार्मिक और दार्शनिक ग्रंथों में इस्तेमाल होने वाले विशेषाधिकार भी प्राप्त है। हम देखते भी हैं कि इतिहासकार अलब-ए-रूनी ने संस्कृत भाषा की विशेषता पर खूब चार्चा की है। इतिहासकार विल डूरान्ट लिखते हैं, ''भारत की मातृभूमि कई प्रजातियों की जन्मदात्री रही है और संस्कृत यूरोपीय भाषाओं की जननी थी। इस प्रकार संस्कृत भाषा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। संस्कृत कंप्यूटर की कोडिंग के लिए सबसे उपयुक्त भाषा है। भारत की अधिकांश साहित्यिक रचनाएं, ग्रंथ, उपनिषद, संस्कृति, इतिहास और परम्परा से संबन्धित बाते संस्कृत में लिखी गईं हैं। इन ग्रंथों का अनुवाद कई भाषाओं में हुआ है मगर इसकी मौलिकता और जीवंतता संस्कृत भाषा में ही नीहित है। कालिदास की अद्भुत साहित्यिक कृतियां मेघदूतम, कुमारसंभव, बाणभट्ट की कादंबरी, पतंजलि के योग सूत्र, आध्यात्मिक ग्रंथ जैसे भगवद गीता, वेद, उपनिशद और बेशक दुनिया के महानतम महाकाव्य महाभारत और रामायण सभी मूल रूप से संस्कृत में लिखे गए।

(ये लेखक के निजी विचार है।)

बोधि वृक्ष

घने जंगल के बीच स्थित है आस्था का केंद्र साई धाम

मगर मंदिर की स्थापना के बाद से यहां लोगों को रोजगार मिल गया है। लोग फूल और प्रसाद के स्टाल के साथ खाने पीने की दूकान तक लगाये हुए हैं। इससे उन्हें कमाने के लिए गांव से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। यहां के एक स्थानीय दुकानदार मेघराज बताते हैं कि पूरा गांव किसी न किसी प्रकार से मंदिर से जुड़ा हुआ है। भक्तों के आने से गांव के लोगों की अच्छी कमाई हो जाती है।

कैसे पहुंचे मंदिर : रांची-गुमला मुख्य पथ पर स्थित है साई धाम। यहां पहुंचने के लिए सबसे रांची से बेड़ो पहुंचना होगा। बेड़ो से जमटोली जाने वाले रास्ते पर 12 किमी अंदर जाने के बाद सरसा गांव के बाहर ही साई मंदिर का भव्य द्वार बना हुआ है। यहां से बाएं मुड़कर सीधे मंदिर पहुंच सकते हैं।

रांची से बेड़ो की दूरी लगभग 35 किमी है। मुख्यमार्ग पर होने के कारण भक्तों को यहां आने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। वहीं जो लोग बेड़ो से बस से यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें साई मंदिर के लिए सीधे छोटी ऑटो और पब्लिक बस मिल जाती है।

(समाप्त)

टेक वर्ल्ड

जानें 1.5 टन ऐसी को पूरी रात चलाने पर कितना आ सकता है बिल?

वहीं, आप दिन में लगभग 8 घंटे एसी का इस्तेमाल करते हैं तो इस हिसाब से आपका एसी एक दिन में 6.4 यूनिट बिजली की खपत करेगा। हालांकि, आपके यहां बिजली की दर 7.50 रुपये प्रति यूनिट है तो इस हिसाब से एक दिन में 48 रुपये और एक महीने का लगभग 1500 रुपये बिल आएगा।

1.5 टन का 3 स्टार रेटिंग एसी

अगर आप 3 स्टार रेटिंग वाला एसी लगवाना चाहते हैं, तो आपको 1.5 टन का एसी 1104 वाट (**1.10 kWh**) बिजली की खपत एक घंटे में करेगा।



दरअसल, एक दिन में 67.5 रुपये और एक महीने में 2000 रुपये का बिल आएगा।

(समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: **BIHHIN/1999/155**, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

एक नजर

राहुल, प्रियंका, मायावती ने दी अखिलेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने अखिलेश यादव संग एक फोटो शेयर की है। अखिलेश यादव का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई में 1 जुलाई 1973 को हुआ था। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं अखिलेश यादव भाई! आप स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें और पीडीए की आवाज बुलंद करते रहें।" कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने एक्स पर लिखा, "समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं।

मनजिंदर सिंह ने दक्षिण पश्चिमी कमांड की कमान संभाली

जयपुर। लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने सोमवार एक जुलाई 2024 को प्रेरणा स्थल में एक समारोह में श्रद्धांजलि अर्पित कर जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के छात्र रहे हैं। इन्होंने दिसम्बर 1986 में 19 मद्रास में कमीशन लिया। 37 साल के अपने प्रतिष्ठित और शानदार सैन्य करियर में, उन्हें जम्मू कश्मीर और पश्चिमी मोर्चे पर कमांड और स्टाफ नियुक्तियों का गौरव प्राप्त हुआ है। जनरल ऑफिसर ने जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में अपनी बटालियन की कमान संभाली, नियंत्रण रेखा पर इन्फैंट्री ब्रिगेड, डेजर्ट स्ट्राइक कोर के हिस्से के रूप में एक इन्फैंट्री डिवीजन और जम्मू कश्मीर में काउंटर इंसर्जेन्सी ऑपरेशन में नियंत्रण रेखा पर तैनात कोर की कमान भी संभाली।

विरोध प्रदर्शन

भोपाल में विधानसभा के बाहर कथित नर्सिंग कॉलेज घोटाले और नीट यूजी पेपर लीक मुद्दे के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कहा-

पेपर लीक का मामला बेहद गंभीर, इसके रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाया जाय : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा

कि उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक एवं सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय है। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित है, बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख़्त कदम आवश्यक है। मायावती ने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है। उससे लोगों में बेचैनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक है, जिसका शीघ्र और सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी है।

***मायावती ने अखिलेश को दी जन्मदिन की बधाई** : बसपा प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने उनके लम्बी उम्र की कामना करते हुए शुभकामनाएं और उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली*

पीएमसीएच के 100 साल पूरे होने से पहले बनेगा वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटल : मंगल पांडे

एजेंसी

पटना। डॉक्टर की हमारी जीवन में अहम भूमिका होती है। जब भी हम बीमार होते हैं तो धरती पर भगवान के नाम से जाने वाले चिकित्सक के पास पहुंचते हैं। उन्हें सम्मान देने के लिए हर साल 1 जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इस अवसर पर आज देश के अलग-अलग हिस्सों में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे सोमवार को पटना सिटी के नालंदा मेडिकल कॉलेज पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य के सभी डॉक्टरों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि चिकित्सकों के नेतृत्व में बिहार की जनता की स्वास्थ्य सेवा बेहतर ढंग से होगी। उन्होंने कहा, लोगों को स्वस्थ रखने के लिए डॉक्टरों की मदद से हम

कामयाब होंगे। पिछले दो सालों में चिकित्सा के क्षेत्र में जो कमियां आई हैं, हम उनको बेहतर करने की दिशा में प्रयत्नशील हैं। पहले की व्यवस्था को और बेहतर करने में लगे हुए हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एशिया का सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अगले साल 25 फरवरी को पीएमसीएच के 100 साल पूरे हो जाएंगे। मुझे उम्मीद है कि इससे पहले हम इस वर्ल्ड क्लास हॉस्पिटल के पहले चरण का निमार्ण कार्य पूरा करने में जरूर सफल होंगे।

बता दें 1 जुलाई 1882 को ही महान चिकित्सक डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय का जन्म हुआ था। वो मूलतः बिहार के पटना के रहने वाले थे। चिकित्सा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने के लिए हर साल इस दिन नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। इसकी शुरूआत साल 1991 में हुई थी।

डॉक्टर्स डे पर ममता ने बिधान चंद्र रॉय को दी श्रद्धांजलि

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री और विख्यात चिकित्सक डाक्टर बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि (डाक्टर्स डे) पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। इस दिन को पूरे देश में डॉक्टर्स डे के तौर पर मनाया जाता है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा, पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और महान चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर मेरी श्रद्धांजलि। उन्होंने लिखा, बंगाल और देश के सभी डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्य कर्मियों को 'राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस' के इस विशेष अवसर पर उनकी निस्वार्थ और समर्पित सेवाओं के लिए मेरा सादर नमन और शुभकामनाएं।

मौसम विभाग ने अगले 3 दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून तेज गति पकड़ते हुए सोमवार को उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इसके अगले चार पांच दिनों में पूरे भारत को कवर करने की संभावना है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिए पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून आज उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के अधिक हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अभी यह उत्तर पश्चिम राजस्थान, दक्षिण पंजाब और दक्षिण पश्चिम हरियाणा को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों को कवर कर चुका है। आने चार-पांच दिनों में यह पूरे भारत को कवर कर लेगा। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान पूरे उत्तर भारत में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

बिहार के शेखपुरा में बदमाशों ने बैंक लूटा 28 लाख लेकर चंपत

शेखपुरा (बिहार)। बिहार के शेखपुरा जिला के बरबीघा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने एक निजी बैंक को निशाना बनाया। बदमाश कर्मचारियों को बंधक बनाकर करीब 28 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बरबीघा थाना क्षेत्र के हटिया मोड़ के समीप स्थित एक्सिस बैंक की शाखा में करीब 11 बजे सात से 10 अपराधी घुस गए और बैंक कर्मचारियों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद कैश काउंटर पर रखे पैसों को एक बैग में डालकर फरार हो गए। बताया जाता है कि सभी अपराधी बाइक पर सवार होकर आए थे। उनमें अधिकांश मास्क पहने हुए थे। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी वहां पहुंच गए हैं। शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने बताया कि बरबीघा थाना क्षेत्र में एक बैंक में लूट की घटना हुई है। लुटेरे वहां से करीब 28 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

न्यूज बॉक्स

उग्र विरोध के बाद सरकार ने नागपुर की दीक्षाभूमि पर पार्किंग परियोजना रोकी

नागपुर। हजारों दलितों ने सोमवार को नागपुर में प्रसिद्ध दीक्षाभूमि पर प्रस्तावित भूमिगत पार्किंग स्थल के विरोध में उग्र प्रदर्शन किया। यहां डॉ. बी.आर. अंबेडकर और उनके चार लाख से अधिक अनुयायियों ने 58 साल पहले बौद्ध धर्म अपनाया था। प्रदर्शनकारियों ने स्टील, कंक्रीट के खंभों व अस्थायी बाउंड्री को निशाना बनाया। उन्होंने वहां रखे लकड़ी के सामानों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। मौके पर पहुंची नागपुर पुलिस और दंगा नियंत्रण पुलिस ने लाउडस्पीकर से लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और उन्हें वहां हटने के लिए कहा। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। विपक्षी महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने सरकार की आलोचना की। आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार दोपहर विधानसभा में पार्किंग परियोजना पर रोक लगाने की घोषणा की। फडणवीस ने कहा कि दीक्षाभूमि ट्रस्ट द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद राज्य सरकार ने इसके लिए आवश्यक धनराशि जारी की थी। लेकिन जनता की भावनाओं को देखते हुए फिलहाल परियोजना पर रोक लगा दी गई है।

न्याय दिलाने में नए कानून होंगे ज्यादा कारगर : मंत्री नितिन नवीन

पटना। क्राइम से जुड़े देश में तीन नए कानून लागू कर दिए गए हैं। नए कानून लागू होने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। बिहार सरकार के विधि मंत्री नितिन नवीन ने कहा है कि नए कानून न्याय दिलाने में ज्यादा कारगर होंगे। नितिन नवीन ने कहा कि केंद्र सरकार ने जो तीन नए कानून लागू किये हैं, वह लोगों को न्याय दिलाने में पहले के कानून से ज्यादा कारगर होंगे। इस कानून के माध्यम से समय सीमा के भीतर लोगों को न्याय मिलेगा। न्याय मिलने में देरी की शिकायत खत्म होगी। इन कानूनों के लागू होने के बाद न्याय प्रक्रिया में और पारदर्शिता आएगी। पटना मेट्रो को लेकर उन्होंने कहा कि मेट्रो का पहला फेज 2026 में शुरू हो, इसका लक्ष्य रखकर काम किया जा रहा है। लक्ष्य को 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। पहले और दूसरे फेज के मेट्रो निर्माण कार्य पूरा होने के साथ ही मेट्रो विस्तार पर राज्य सरकार से विभाग की सहमति बन चुकी है। उन्होंने कहा कि बरसात में जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम नगर निकाय के पदाधिकारी 1 से 2 घंटे फील्ड में रोजाना निरीक्षण करें। सिस्टम को सुधारने के लिए पदाधिकारियों और अधिकारियों को खुद फील्ड में रहना बेहद जरूरी है।

कर्नाटक में कांस्टेबल ने एसपी दफ्तर के बाहर पत्नी की हत्या की

हासन (कर्नाटक)। कर्नाटक के हासन जिले से सोमवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एसपी कार्यालय परिसर में एक पुलिस कांस्टेबल ने अपनी पत्नी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और फिर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी सिपाही (लोकनाथ) की तलाश शुरू कर दी है। वहीं मृतक महिला की पहचान ममता के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह घटना पारिवारिक विवाद के चलते हुई। बताया जा रहा है कि यह घटना उस समय हुई जब ममता अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने एसपी कार्यालय आई थी। इससे गुस्साए लोकनाथ ने घात लगाकर उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पुलिसकर्मियों के अलावा कई लोग भी मौजूद थे। हालांकि उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन ममता ने दम तोड़ दिया। बता दें कि घटना को अंजाम देकर आरोपी पुलिस कांस्टेबल मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकनाथ और ममता की शादी को 17 साल हो चुके हैं और उनके दो बच्चे हैं। दंपति के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था। चार दिन पहले ही दोनों के बीच बहस हुई थी। लोकनाथ शांतिग्राम में सर्किल इंस्पेक्टर के कार्यालय में कार्यरत था। हसन सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जीआरएसई बांग्लादेश के लिए समुद्री जहाज बनाएगा

कोलकाता। केंद्र सरकार की पीएसयू शिपयार्ड गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड ने सोमवार को पड़ोसी देश के लिए समुद्री जहाज बनाने के लिए बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। बयान जारी कर जीआरएसई ने कहा कि समझौते पर जीआरएसई के निदेशक कमोडोर शांतनु बोस और बांग्लादेश के रक्षा मंत्रालय के रक्षा खरीद महानिदेशालय में खरीद निदेशक (नौसेना) कमोडोर ए.के. एम. मारुफ हसन की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। जीआरएसई द्वारा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बीएसई को दी गई जानकारी के अनुसार, अनुबंध के अनुसार लगभग 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का जहाज 24 महीने के भीतर बांग्लादेश को सौंप दिया जाएगा। यह जहाज लगभग 61 मीटर लंबा और 15.80 मीटर चौड़ा होगा, जिसकी पूरी तरह से भरी होने पर अधिकतम गति कम से कम 13 नॉट होगी। जीआरएसई अधिकारी ने कहा कि इसकी प्राथमिक भूमिकाओं में समुद्र में जहाजों को खींचना, बर्थिंग और कास्टिंग के दौरान उनकी सहायता करना और धक्का देकर और खींच कर मोड़ने में सहायता करना शामिल होगा।

आज का राशिफल

मेष — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी।

वृषभ — लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

मिथुन — दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

कर्क — विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

सिंह — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

कन्या — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

तुला — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

वृश्चिक — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

धनु — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

मकर — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

कुम्भ — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मीन — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपत्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल रहेगा।

आरएसएस प्रमुख भागवत ने 'मेरे पापा परमवीर' पुस्तक का किया विमोचन

वीर अब्दुल हमीद पर आधारित है किताब

एजेंसी

गाजीपुर। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सोमवार को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर पहुंचे। गाजीपुर के धामुपुर गांव में उन्होंने डॉ रामचंद्रन श्रीनिवासन द्वारा लिखी गई ₹मेरे पापा परमवीर₹ पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद पर आधारित है। पुस्तक का विमोचन करने के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत ने जानवर और इंसान में फर्क पर बात करते हुए कहा कि जानवर अपने लिए जीता है, लेकिन इंसान दूसरे के लिए जीता है। इसी तरह अब्दुल हमीद देश के लिए जिये और देश के लिए रण में शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि हाथी अगर साइकिल चलाने लगे तो वह विकास

नहीं है। लेकिन, हां अगर हाथी सूंड से अपने बच्चे की रक्षा करता है तो ये विकास है। बलिदान की भावना ही मनुष्य को अमर शहीद बनाती है। परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद भारतीय सेना में तैनात थे। 1965 में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान 10 सितंबर को वह खेमकरन सेक्टर के अग्रिम मोर्चे पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान आरसी गन से पाकिस्तानी सेना के कई पैटर्न टैंकों को ध्वस्त कर शौर्य और पराक्रम का परिचय देते हुए वो शहीद हो गए। शहादत के बाद मरणोपरांत उन्हें परमवीर चक्र से नवाजा गया था।

बंगाल में महिला की पिटाई मामले पर भाजपा ने ममता पर साधा निशाना

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में एक दंपत्ति को सरेआम पीटने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कपल को पीटने का वीडियो वायरल होने के बाद इस पर राजनीति भी शुरू हो गई है। भाजपा के नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमलावर हो गए हैं।

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो जारी कर टीएमसी को जमकर घेरा है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की इस दर्दनाक घटना का वीडियो देखकर हर कोई आहत है। तृणमूल पार्टी के नेता इस पर शर्मनाक बयान दे रहे हैं। वो महिला को ही चरित्रहीन बता रहे हैं। जबकि टीएमसी के एक नेता के आरोपी के करीबी होने की बात सामने आ रही है।

उन्होंने सीएम ममता बनर्जी पर

हमला बोलते हुए कहा कि वो इस मामले पर चुप क्यों हैं? जब मणिपुर में महिलाओं के साथ अभद्रता का मामला सामने आया था, तब तो वो मुखर होकर सरकार पर हमला बोल रहीं थी। लेकिन संदेशाली में महिलाओं के साथ शोषण जैसे अपराध सामने आते हैं तो वो चुप हो जाती हैं।

पूनावाला ने कहा, स्वाति मालीवाल मामले में अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी। अब इस मामले में भी सीएम और उनकी पार्टी के नेताओं ने चुप्पी साध ली है।

भारत ने विकसित किया दुनिया का सबसे खतरनाक विस्फोटक, चंद सेकंड में तबाही

- *सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं विकसित तीन नए विस्फोटक*
- *नए विस्फोटक सेबेक्स-2 से भारत की हथियार क्षमता में क्रांति आने की उम्मीद*

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने दुनिया के सबसे ताकतवर और खतरनाक तीन विस्फोटक विकसित किये हैं, जो चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मचाकर सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं। ताकतवर गैर-परमाणु विस्फोटकों में से एक इस विस्फोटक को सेबेक्स-2 नाम दिया गया है। भारत रक्षा क्षेत्र में लगातार नई उपलब्धियां हासिल करके रक्षा उत्पादन में पड़ोसी देशों को पीछे छोड़ता जा रहा है। इस विस्फोटक के विकसित होने के बाद भारत की विस्फोटक क्षमता में क्रांति

आने की उम्मीद है।

उच्च टीएनटी समतुल्यता वाले विस्फोटकों में अधिक मारक क्षमता और विनाशकारी शक्ति होती है। पारंपरिक विस्फोटक जैसे डेनटेक्स और टारपेक्स का इस्तेमाल पारंपरिक वारहेड, हवाई बम और दुनिया भर में कई अन्य गोला-बारूद बनाने में किया जाता है। इस नए विस्फोटक से तबाही मचाने वाले हथियारों की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे चंद सेकंड में दुश्मन के खेमे में तबाही मच सकती है। नए विस्फोटक का परीक्षण भारतीय नौसेना के डिफेंस एक्सपोर्ट प्रमोशन स्कीम के तहत किया जा चुका है।

तीन विस्फोटक फॉर्मूलेशन तैयार

नागपुर स्थित सोलर इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड ने 'मेक इन इंडिया' के तहत तीन नए विस्फोटक फॉर्मूलेशन विकसित किए हैं। सोलर इंडस्ट्रीज के अधिकारी का कहना है कि यह तीन नए विस्फोटक फॉमूलेशन सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकते हैं, क्योंकि इनमें फायरपावर और विस्फोटक प्रभाव में बहुत वृद्धि हुई है। सेबेक्स-2 एक नया विस्फोटक फॉमूर्लेशन है, जो वर्तमान में उपलब्ध किसी भी ठोस विस्फोटक की तुलना में बहुत अधिक शक्तिशाली विस्फोट प्रभाव प्रदान करता है। किसी भी विस्फोटक का प्रदर्शन ट्राई नाइट्रोटॉल्विन समतुल्यता के संदर्भ में मापा जाता है। नया विस्फोटक टीएनटी से दोगुना ज्यादा घातक है।

कंपनी का दावा है कि आने वाले समय इस विस्फोटक को दुनियाभर की सेनाएं इस्तेमाल करने के लिए आगे आएंगी।

कंपनी की ओर से बताया गया है कि एक ग्राम टीएनटी के विस्फोट में निकलने वाली ऊर्जा लगभग 4000 जूल (0.9560229 किलो कैलोरी) के बराबर होती है। इस उच्च प्रदर्शन वाले विस्फोटक का उद्देश्य वजन बढ़ाए बिना विनाशकारी शक्ति को बढ़ाकर बम, तोपखाने के गोले और वारहेड्स में क्रांति लाना है। भारत ने अब तक का सबसे घातक विस्फोटक ब्रह्मोस मिसाइल के वारहेड में लगाया है, जिसकी टीएनटी 1.50 समतुल्य है। फिलहाल दुनिया के अधिकतर वारहेड्स की टीएनटी तुल्यता 1.25-1.30 के बीच होती है। सेबेक्स-2 की टीएनटी तुल्यता 2.01 है, जो अब तक का सबसे घातक गैर-परंपरागत विस्फोटक माना जा रहा है।

एक नजर

रोहित शर्मा ने पीएम मोदी से कही दिल छू लेने वाली बात

नई दिल्ली। टीम इंडिया एक बार फिर टी20 विश्व चैम्पियन बन गई है। पूरा देश जश्न में डूबा हुआ है। इस ऐतिहासिक जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी। रोहित की कप्तानी और भारत की जीत से पीएम मोदी काफी खुश हैं, अब पीएम के पोस्ट पर रोहित ने उनका धन्यवाद देते हुए एक दिल छूने वाला जवाब दिया। टीम इंडिया क्रिकेट इतिहास में चौथी बार कोई विश्व कप (वनडे, टी20) खिताब जीती। इस जीत के साथ भारत ने आईसीसी ट्रॉफी के 11 साल का इंतजार खत्म किया। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक देश के कोने-कोने में जश्न मनाया गया। भारतीय क्रिकेट फैंस 'आंखों में खुशी, लबों पर हंसी' लिए दीपावली की तरह इस जीत का जश्न मना रहे थे। इस मौके पर पीएम मोदी ने पूरी टीम को बधाई दी, और फोन पर बात करते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना भी की।

रोहित और विराट के एक साथ संन्यास लेने से स्तब्ध था : शमी

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 चैंपियन बनने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इन दिग्गजों के एक साथ संन्यास लेने के फैसले से न सिर्फ क्रिकेट फैंस बल्कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी भी स्तब्ध हैं। ब्रिजटाउन के केंसिंग्टन ओवल में दक्षिण अफ्रीका पर सात रन की जीत के साथ भारत ने अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीता। इसके बाद विराट कोहली को उनकी 59 गेंदों में 76 रन की पारी के लिए प्लेयर-ऑफ-द-मैच पुरस्कार दिया गया। फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए विराट ने कहा कि यह उनके अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी टी20 था। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने अपने टी20 इंटरनेशनल करियर का अंत भारत के लिए इस प्रारूप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में किया।

बेरिल तूफान की वजह से बारबाडोस में फंसी टीम इंडिया

एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)
भारतीय टीम तूफान बेरिल के कारण टी20 विश्व कप 2024 की जीत के बाद भी बारबाडोस में ही फंसी हुई है।

टीम को सोमवार को यानी आज न्यूयॉर्क और फिर भारत के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन खराब मौसम की वजह से टीम का शेड्यूल बाधित हुआ है। टीम का शेड्यूल पहले न्यूयॉर्क के लिए फ्लाइट, उसके बाद दुबई के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट और अंत में भारत के लिए वापसी शामिल थी। विश्व कप विजेता टीम, जिसे पहले सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे) बारबाडोस से रवाना होना था, उसे बेरिल तूफान के कारण बदलाव करना पड़ा।

- तूफान एक अत्यंत खतरनाक श्रेणी में तब्दील हो गया है
- तूफान के कारण एयरपोर्ट पर ऑपरेशन रुके हुए हैं

यह श्रेणी 3 तूफान है जो अब एक अत्यंत खतरनाक श्रेणी 4 में तब्दील हो गया है। हालांकि, वर्तमान में यह तय नहीं है कि टीम इंडिया कब उड़ान भरेगी। तूफान के कारण वहां के एयरपोर्ट पर अभी ऑपरेशन रुके हुए हैं। स्थिति यह है कि एयरपोर्ट को एक दिन के लिए बंद करना पड़ सकता है। बारबाडोस, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन द्वीप, ग्रेनेडा और टोबैगो के लिए तूफान की चेतावनी जारी की गई थी। नेशनल हरिकेन सेंटर के अनुसार, सोमवार सुबह (स्थानीय समय) विंडवार्ड द्वीप पर पहुंचने पर बेरिल के बेहद खतरनाक तूफान बने रहने की संभावना है। सोमवार तक बारबाडोस और विंडवार्ड द्वीप में 3 से 6 इंच बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने कहा है कि बेरिल के बेहद खतरनाक तूफान बने रहने की संभावना है क्योंकि इसका केंद्र विंडवार्ड द्वीप से होते हुए पूर्व कैरिबियन की ओर बढ़ रहा है।

रोहित ने ट्रॉफी के साथ खिंचवाई फोटो

एजेंसी। नई दिल्ली
भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने सोमवार को बारबाडोस के एक समुद्र तट पर टी-20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप का 2024 का खिताब जीता। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह समुद्र तट पर प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ पोज देते नजर आए। बीसीसीआई ने एक्स पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, एक अरब सपने, एक अरब भावनाएं और एक अरब मुस्कुराहटें! मिशन पूरा हुआ। विश्व कप जीत लिया। हम विश्व चैंपियन हैं। कैप्टन! आपने कर दिखाया।

• जल्द होगा राहुल द्रविड़ के उत्तराधिकारी की घोषणा •

जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस होंगे कोच : बीसीसीआई

एजेंसी। ब्रिजटाउन
टी20 विश्व चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया बदलाव के दौर से गुजरेगी। बीसीसीआई ने बताया है कि भारतीय टीम का नया कोच और टी20 में नया कप्तान कौन होगा, इसका ऐलान जल्द किया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने पुरुष टीम के मुख्य कोच की भूमिका के लिए दो नामों को शॉर्टलिस्ट किया है। बता दें, टी20 विश्व कप 2024 खत्म होने के साथ ही टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का भी कार्यकाल खत्म हो चुका है। मेगा-इवेंट के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम इस महीने के अंत में श्रीलंका में शुरू होने वाली आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए एक नए मुख्य कोच का स्वागत करने के लिए तैयार है।

पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय महिला कोच डब्ल्यू.वी. रमन इस भूमिका के लिए प्रबल दावेदार हैं। शाह इस समय कैरेबियाई देशों में भारत की टी20 विश्व कप जीत का जश्न मना रहे हैं और टीम के साथ बारबाडोस में तूफान के कारण फंसे हुए हैं। जय शाह ने बताया कि नया कोच 27 जुलाई से टीम के साथ श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से अपने कार्यकाल की शुरूआत करेगा। वहीं जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण टीम के कोच होंगे। टी20 विश्व कप में भारत की जीत ने आईसीसी खिताबों के 11 साल के सूखे को समाप्त कर दिया, एक ऐसी उपलब्धि जिसका श्रेय रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों के अनुभव और समर्पण को जाता है। दोनों दिग्गजों ने ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा के साथ विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से संन्यास की घोषणा की। शाह ने कहा, पिछले साल और यहां बारबाडोस में भी हमारे पास वही कप्तान थे। हमने इस बार खिताब जीतने के लिए कड़ी मेहनत की और बेहतर खेला। विश्व कप में अनुभव का बहुत महत्व होता है और हमारे सीनियर खिलाड़ियों ने तब बेहतरीन प्रदर्शन किया जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी।

■ पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर और पूर्व भारतीय महिला कोच डब्ल्यू.वी. रमन मुख्य कोच के लिए प्रबल दावेदार हैं

रोहित, कोहली और जडेजा के संन्यास के साथ, भारत एक नए युग की दहलीज पर खड़ा है। शाह बदलाव को लेकर आश्वस्त हैं, उन्होंने भारत की बेंच की ताकत और गहराई पर बात की। उन्होंने कहा, तीन महान खिलाड़ियों के संन्यास लेने के साथ बदलाव पहले ही हो चुका है। हमारे पास सबसे बड़ी बेंच स्ट्रेंथ है। इस टीम के केवल तीन खिलाड़ी जिम्बाब्वे जा रहे हैं। अगर जरूरत पड़ी तो हम तीन टीमें उतार सकते हैं। शाह ने भारत की भविष्य की संभावनाओं के बारे में भी आशा व्यक्त की, और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी जीतने का लक्ष्य बनाने की अपील की।

एशियाई खेल कार्यक्रम में योग शामिल

पीटी उषा ने ओसीए को धन्यवाद दिया

एजेंसी। नई दिल्ली
भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने आज एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) को एशियाई खेल कार्यक्रम में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली प्राचीन भारतीय विद्या योग को शामिल करने के उनके प्रस्ताव पर तुरंत सहमति देने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने आईओए द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि ओसीए अध्यक्ष राजा रणधीर सिंह ने उन्हें इस निर्णय के बारे में सूचित किया है। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि ओसीए कार्यकारी बोर्ड ने योग को वह मान्यता देने के भारत के अनुरोध पर सहज रूप से सहमति व्यक्त की है जिसका वह हकदार है। प्रस्ताव अब खेल समिति के माध्यम से पुष्टि के लिए महासभा में जाएगा। आईओए अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिस्पर्धी खेल समुदाय के लिए योग को अपनाना एक स्वाभाविक कदम है, खासकर तब जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदृष्टि और पहल के कारण दुनिया ने इसे अपनाया है। उन्होंने कहा, इसकी सार्वभौमिक अपील है और दुनिया भर के लोगों ने योग को अपनाया है और इसके लाभ उठाए हैं। उन्होंने ओसीए बैठक से पहले युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया।

बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार हूं : पी.वी. सिंधु

नई दिल्ली। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु, जो अगले महीने पेरिस ओलंपिक में अपने तीसरे पदक की उम्मीद कर रही हैं, ने कहा कि वह पदक का रंग बदलने के लिए कृतसंकल्पित हैं। 28 वर्षीय सिंधु ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) द्वारा भारतीय बैडमिंटन संघ (बाई) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के सहयोग से आयोजित मीडिया से बातचीत कार्यक्रम के दौरान कहा, आपको होशियार होने और कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि मैं वहाँ पहुँच रही हूँ। मैं अति आत्मविश्वासी नहीं हूँ, लेकिन निश्चित रूप से समझदार और अधिक चतुर हूँ और एक और पदक जीतने की उम्मीद कर रही हूं।

रांची में 24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता पांच से

नवीन मेल संवाददाता। रांची
24वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता रांची में आयोजित होगी। झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में रांची जिला ताइक्वांडो संघ की ओर से पांच से सात जुलाई को आइडियल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, दलादली में इसका आयोजन किया जाएगा। इसमें 46 प्लेयर्स गोल्ड मेडल के लिए आपस में फाइट करेंगे। चैंपियनशिप में आयोजन सचिव झारखंड ताइक्वांडो संघ के मिथलेश कुमार सिंह होंगे। चैंपियनशिप में पूरे झारखंड से सब जूनियर, जूनियर गर्ल्स ब्वॉयज कोच, मैनेजर समेत लगभग 600 लोग भाग लेंगे।

व्यापार/लाइफ व साइंस

कमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपये तक हुआ सस्ता

नई दिल्ली। जुलाई अपने साथ कई बदलाव लेकर आई है। महीने के पहले दिन महंगाई के मोर्चे से राहत देने वाली खुशखबरी है। 19 किलो ग्राम वाला कमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने इसकी कीमत में 31 रुपये तक की कटौती की है। नई दरें आज से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 30 रुपये घटकर 1646 रुपये हो गई है, जो पहले 1676 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में इसकी कीमत घटकर 1756 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

सराफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। जुलाई के पहले दिन आज घरेलू सराफा बाजार में सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। हालांकि चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 72,920 रुपये से लेकर 72,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,840 रुपये से लेकर 66,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने की वजह से आज भी दिल्ली सराफा बाजार में चांदी 89,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

3 और 4 जुलाई को 'ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन' का आयोजन

भारत जीपीएआई प्रमुख अध्यक्ष के रूप में देशों और विशेषज्ञों की करेगा मेजबानी

एजेंसी। नई दिल्ली
कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार विकास, तैनाती और उसे अपनाने के प्रति भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय 3 और 4 जुलाई, 2024 को नई दिल्ली में 'ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन' का आयोजन कर रहा है। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हुए एआई प्रौद्योगिकियों के नैतिक और समावेशी विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देना है।



ग्लोबल इंडियाएआई शिखर सम्मेलन 2024

यह शिखर सम्मेलन विज्ञान, उद्योग, नागरिक समाज, सरकारों, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और शिक्षा जगत के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय एआई विशेषज्ञों को एआई के प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों के बारे में परिज्ञान साझा करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराएगा। यह आयोजन एआई की जिम्मेदार उन्नति, वैश्विक एआई हितधारकों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रति भारत सरकार के समर्पण पर जोर देता है।

इंडियाएआई मिशन के बारे में जानकारी

इंडियाएआई मिशन का उद्देश्य एक ऐसे व्यापक इकोसिस्टम का निर्माण करना है जो कंप्यूटिंग एक्सेस के प्रजातंत्रीकरण, डेटा की गुणवत्ता को बढ़ाकर, स्वदेशी एआई क्षमताओं को विकसित करके, शीर्ष एआई प्रतिभाओं को आकर्षित करके, उद्योग सहयोग को सक्षम करके, स्टार्टअप जोखिम पूंजी उपलब्ध कराकर, सामाजिक रूप से प्रभावशाली एआई परियोजनाओं को सुनिश्चित करके और नैतिक एआई को बढ़ावा देकर एआई नवाचार को बढ़ावा देता हो।

शेयर बाजार में जारी तेजी का ट्रेंड सेंसेक्स 79,500 के करीब हुआ बंद

एजेंसी। मुंबई
भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार अपने उच्चतम स्तरों के करीब आकर बंद हुआ है। सेंसेक्स 443 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476 और निफ्टी 131 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,141 पर बंद हुआ।

छोटे और मझोले शेयरों में लार्जकैप की अपेक्षा ज्यादा तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 555 अंक या एक प्रतिशत बढ़कर 56,292 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 275 अंक या 1.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,593 पर बंद हुआ। आईटी शेयरों ने दिन के दौरान बाजार को लीड किया।



सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर्स थे। एनटीपीसी, एसबीआई, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स थे।

बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका में महंगाई कम होने के कारण निवेशकों को उम्मीद है कि फेड ब्याज दरें घटा सकती है। इसके कारण बाजार में तेजी का ट्रेंड देखने को मिला। खर्च में बढ़ोतरी होने की उम्मीद के कारण आईटी शेयरों ने भी तेज दौड़ लगाई।

आने वाले समय में निवेशकों की निगाहें अमेरिका के जॉब डेटा और फेड स्पीच पर होंगी, जिससे बाजार की दिशा तय होगी। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, आईटी, फिन सर्विस, मीडिया और बैंकिंग इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए हैं। रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स पर दबाव देखा गया। सोमवार को बाजार की शुरूआत सपाट हुई थी। सेंसेक्स मामूली बढ़त के साथ 79,000 के ऊपर कारोबार कर रहा था। निफ्टी भी 24,000 के आसपास था।

मारुति सुजुकी की बिक्री जून में 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई पर

एजेंसी। नई दिल्ली
देश की सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की जून महीने में कुल थोक बिक्री 12 फीसदी बढ़कर 1,79,228 इकाई रही है। पिछले साल इसी महीने में एमएसआई की थोक बिक्री 1,59,418 इकाई थी। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि जून में कुल घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री तीन फीसदी बढ़कर 1,37,160 इकाई रही है, जबकि जून, 2023 में यह 1,33,027 इकाई रही थी। कंपनी के मुताबिक ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री जून में घटकर 9,395 इकाई रह गई है। यह जून 2023 में 14,054 इकाइयों रही थी। कंपनी ने बताया कि बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट, टूर एस और वैगनआर सहित कॉम्पैक्ट कार की बिक्री जून में 64,049 इकाई रही है, जबकि पिछले साल इसी महीने में ये 64,471 इकाई थी। इसी तरह ब्रेजा, एर्टिगा, एस-क्रॉस और एक्सएल6 सहित यूटिलिटी वाहनों की बिक्री जून में 52,373 इकाई रही, जबकि जून 2023 में यह 43,404 इकाई थी। एमएसआई के मुताबिक ईको की बिक्री पिछले महीने 10,771 इकाई रही, जबकि पिछले साल जून में यह 9,354 इकाई थी। इसके अलावा हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री जून में 2,758 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 2,992 इकाई रही थी।



जीएसटी अप्रत्यक्ष कर पारिस्थितिकी तंत्र को बनाया लचीला

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। वित्त मंत्रालय ने सातवें जीएसटी दिवस का थीम सशक्त व्यापार समग्र विकास रखा है। इसको लोगो के द्वारा सटीक रूप से दशार्या गया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गए हैं। जीएसटी ने 7 साल में अप्रत्यक्ष कर पारिस्थितिकी तंत्र को सुधार से लचीलेपन में बदल दिया। इसके साथ ही इसने करदाताओं, अन्य हितधारकों और आम जनता को लाभान्वित भी किया है। उल्लेखनीय है कि जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को देशभर में लागू किया गया था।

अब इन 4 आसियान देशों में यूपीआई से भेज सकेंगे पैसे, आरबीआई ने किया करार

एजेंसी। मुंबई
भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने चार आसियान देशों के साथ प्रोजेक्ट नेक्सस ज्वाइन किया है। इसके तहत क्रॉस-बॉर्डर रिटेल पेमेंट के इंस्टेंट सेटलमेंट के लिए प्लेटफॉर्म बनाया जाएगा। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के इनोवेशन हब द्वारा परिकल्पित नेक्सस का उद्देश्य भारत के यूपीआई को आसियान सदस्यों - मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड की तेज भुगतान प्रणालियों से जोड़ना है। केंद्रीय बैंक ने अपने बयान में आगे कहा कि बीआईएस और इन चार देशों के केंद्रीय बैंक - - बैंक नेगारा मलेशिया, बैंक ऑफ थाईलैंड, बैंगको सेंट्रल एनजी पिलिपिनास, मौद्रिक प्राधिकरण सिंगापुर, और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 30 जून, 2024 को स्विट्जरलैंड के बेसल में एग्रीमेंट साइन किया गया। इंडोनेशिया, जो कि शुरूआती चरण से जुड़ा हुआ है, स्पेशल ऑब्जर्वर के रूप में अपनी भूमिका निभाएगा। आरबीआई ने अपने बयान में कहा कि आने वाले समय में इस प्लेटफार्म को कई और देशों तक बढ़ाया जा सकता है। इसे 2026 तक लाइव किया जाएगा।

एक नजर

पारा शिक्षकों से किया वादा पूरा करे गठबंधन सरकार : संघ

चंदवा। राज्य स्तरीय पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पारा शिक्षकों ने रविवार की शाम मशाल जुलुस निकाल कर आंदोलन की शुरूआत की। राज्य सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद ने कहा की पारा शिक्षक सरकार को याद दिलाना चाहती है कि सरकार बनने से पूर्व पारा शिक्षकों के साथ वादा किया गया था की उनकी सरकार बनते ही तीन महीने के अंदर राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को बेतनमान दिया जाएगा लेकिन सरकार का कार्यकाल चार वर्ष पूरा होने के बाद भी राज्य के पारा शिक्षक अभी भी आस में हैं कि सरकार अपना वादा पुरा करेगी। राज्य के पारा शिक्षक पिछले चार वर्षो तक कोई भी बड़ा आंदोलन नही किये।

अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का हुआ आयोजन

मेराल। एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल में सोमवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक उपस्थित हो कर अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जानकारी हासिल किया। शिक्षकों ने बच्चों की प्रगति के लिए अभिभावकों को सुझाव दिए। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों की प्रगति आदर्श जीवन की अत्यंत आवश्यकता है।बच्चों के लिए दिनचर्या का समुचित पालन करना उतना ही जरूरी है जितना विद्यालय जाना। बच्चों के लिए माता पिता,शिक्षक एवं समाज मार्गदर्शक होते हैं। अतः हम सभी को अपने उत्तरदायित्व एवं आदर्श से बच्चों के मन को प्रभावित करना होगा। अन्यथा हमारे बच्चे मोबाइल एवं गलत संगति का शिकार होकर दिशाहीन हो सकते हैं। बच्चों के कोमल मन को माता पिता के प्यार से आत्म विश्वास बढ़ता है तथा बेहतर करने के लिए प्रेरित होते हैं।

मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र का न्यू बस स्टैंड में हुआ उद्घाटन

बालूमाथ। प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू बस स्टैंड के पास शिखा महिला समूह द्वारा संचालित मुख्यमंत्री दाल भात केंद्र प्रारंभ हुआ। जिसका उद्घघाटन बालूमाथ पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद जुबेर के द्वारा फीता काटकर शुरूआत की गई। मौके पर मोहम्मद जुबेर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित 5 में दाल भात खाना यह मजदूर गरीब लोगों के लिए वरदान जैसी योजना है सरकार इस तरह की योजना चला कर गरीबों को बहुत राहत मिली है। इस दौरान समूह की महिलाओं के अलावे कई ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

डीसी ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए पदाधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

रांची। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 14वीं बैठक चार जुलाई को रांची में होगी। इसके मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय में बैठक हुई। कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी देते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के लिए जिलास्तर पर विभिन्न कोषांगों का गठन किया गया है। बैठक में उपायुक्त ने कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्व की जानकारी दी। उन्होंने कोषांगों में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और संपर्क पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित करते हुए कर्तव्य निवर्हन का निर्देश दिया। बैठक में शामिल होने वाले पदाधिकारियों का प्रोटोकॉल के अनुसार स्वागत, विदाई और आवश्यकतानुसार अल्पाहार भोजन आदि की सुविधा, वाहन की उपलब्धता, आवासन व्यवस्था के साथ चार जुलाई को होटल रेडिशन ब्लू में निर्धारित बैठक के लिए पूरी तैयारी ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

मेदिनीनगर में युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में मर्डर की आशंका

नवीन मेल संवाददाता। पलामू

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत नावाहाता में सागर कुमार डोम (18) की चाकू से गोदकर एवं पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई। घटना युवक के घर के पास हुई। घटना को सागर के पहचान वाले ने ही अंजाम दिया है। घटना के पीछे किसी लड़की से बाइक टच कर जाना बताया गया है। परिजनों ने तीन आरोपितों के नाम पुलिस को बताए हैं। घटना रविवार रात की है। शव का सोमवार को एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम कराया गया।

एमआरएमसीएच पहुंचे मृतक के चाचा ने कहा कि रविवार देर शाम घटना हुई। घटना को अगल-बगल के लोगों ने देखा तो शोर मचाया। मौके पर मौजूद पांच-छह लोग भाग गए। बाद में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सागर के शव को कब्जे में लिया। एमआरएमसीएच में परिजनों को बुलाकर शव की पहचान कराई।

मृतक के परिजनों के मुताबिक, बिगन राम का नाती गज्जू राम रविवार दोपहर में बताया था। कहा कि सागर की दोस्ती बढ़ गई है।

कुछ लोग उसकी हत्या करने की तैयारी में है। संभाल कर रखिए। देर शाम गज्जू का ही फोन आया और उसके साथ सागर घर से निकला था। बाद में उसकी हत्या की खबर मिली। मृतक के चाचा ने कहा कि गज्जू घटना के बाद से फरार है। गज्जू समेत तीन लोगों के नाम पुलिस को बताया गया है। इस संबंध में मृतक की बहन मुस्कान कुमारी ने एफआईआर दर्ज कराई है।

मृतक के पिता संजय राम नगर निगम में स्वीपर का काम करते हैं। इस घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरटॉड के कुछ युवकों की भी संलिप्त सामने आई है। परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले सेमरटॉड में सागर की बाइक से किसी लड़की को टच कर गया था। इसी कारण उसकी हत्या की गई। पुलिस का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। छानबीन की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।

पलामू में नर्स ने की झोलाछाप डॉक्टर की हत्या, गिरफ्तार

पलामू। जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के बारा में सोमवार को एक झोलाछाप चिकित्सक की उसके नर्स ने हत्या कर दी। पुलिस ने डॉक्टर का शव फर्श पर पड़ा पाया। उसके गले में गमछा लपेटा हुआ था। पुलिस ने आरोपित नर्स को मेदिनीनगर से गिरफ्तार कर लिया है। छत्तरपुर डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि आरोपित नर्स सोनी कुमारी को मेदिनीनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। नर्स सोनी ने ही झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव की हत्या की है। मृतक के परिजन ने कहा कि नर्स का अफेयर अनुज के चचेरे भाई से भी था। इसमें नर्स के साथ हत्या में उसकी भी संलिप्तता हो सकती है। प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव और नर्स सोनी कुमारी शादीशुदा थे और दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे। अनुज और सोनी की दोस्ती लगभग पांच वर्ष पूर्व से थी। दोनों एक जगह किसी नर्सिंग होम में प्रैक्टिस करते थे। वही से दोनों में प्रेम प्रसंग हुआ।

डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स को एसजीएफआई ने मान्यता दी : डॉ जीएन खान

मेदिनीनगर। डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई से संबंधित डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डा. जीएन खान की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में सत्र 2024-25 के लिए डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स को कलस्टर स्तर पर संपन्न कराने के लिए योजना की रूपरेखा तैयार की गई, जो 21 से 31 जुलाई के बीच संपन्न होगी। बता दे कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता तीन स्तरों पर हर वर्ष आयोजित होती है। संभाग (कलस्टर स्तर), क्षेत्रीय स्तर, राष्ट्रीय स्तर पर। बैठक में डीएवी पब्लिक स्कूल क्षेत्र आई के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के प्राचार्य डा. आरके साहू, लोहरदगा से जीपी झा, लातेहार जीके सहाय, भवनाथपुर से राजेंद्र सचदेवा, गढ़वा से अजय कुमार चौबे, सिमडेगा से सुजय कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

नए कानून में जीरो एफआईआर की शुरुआत की गई है : अर्पित श्रीवास्तव

मेदिनीनगर। केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में सोमवार को जेल आईजी के निर्देश पर एक जुलाई से लागू हो रहे तीन नए आपराधिक कानून को लेकर बन्दियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने लीगल एड डिफेंस काऊंसिल के अधिवक्ताओं के साथ कानून की बारीकियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्याय को सुलभ बनाने व जल्द से जल्द न्याय लोगों को मिले, इसलिए पुराने कानून को बदलकर नए कानून लागू किये गए हैं। देश में अंग्रेजों के जमाने का कानून था। इसमें काफी बदलाव की जरूरत थी, क्योंकि अब नई टेक्नोलॉजी आ गई है। उन्होंने कहा कि अब जीरो एफआईआर का प्रावधान किया गया है। साथ ही एफआईआर ऑनलाइन दर्ज करने का भी प्रावधान है।

आदेशपाल को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

मेदिनीनगर। उपायुक्त कार्यालय के आदेशपाल नंदलाल प्रसाद गुप्ता को उनके सेवानिवृत्ति पर सोमवार को विदाई दी गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने नंदलाल प्रसाद गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना की। उनकी सेवानिवृत्ति पर कहा कि श्री गुप्ता ने 16 साल से अधिक ईमानदारी पूर्वक अपने कार्यो व दायित्वों का निर्वहन किया। इस दौरान करीब एक वर्ष श्री गुप्ता उनके साथ कार्य किये। हंसी-खुशी सफर को पूरा किया। लगन व उत्साह के साथ कार्यों को पूरा किया। उन्होंने भरोसा किया किया कि उनके अनुभव का लाभ कार्यालय के अन्य कर्मियों को मिलता रहे। सेवानिवृत्ति के बाद बहुत सारी यादें रह जाती हैं हमारी जिंदगी में। यहां से इनका एक नया पड़ाव प्रारंभ होगा। उपायुक्त ने उनके बेहतर सेवाकाल व आगामी भविष्य में उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मौके पर श्री गुप्ता ने अपने सेवाकाल में सहयोग करने को लेकर सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लिपिक व अनुवेसक उपस्थित थे। बता दे कि उपायुक्त के आदेशपाल 16 साल से अधिक डीसी कार्यालय में रहे। वर्ष 2008 में इनकी सेवा को नियमित किया गया, जबकि इसके पूर्व श्री गुप्ता इसी कार्यालय में दैनिक मजदूरी पर कार्यरत थे।

सुब्रतो मुखर्जी कप का प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

मेदिनीनगर। जिला स्कूल मैदान में 63 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप के लिए मेदिनीनगर प्रखंड स्तर का फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। उद्घाटन मेदिनीनगर प्रखंड प्रमुख बसंती देवी, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष तेजु साव, बीईईओ हरिप्रसाद ठाकुर, बीपीओ नीरज सिन्हा, बीआरपी सत्येन्द्र पाठक व सोनाली कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। रेफरी की भूमिका संजय त्रिपाठी,भरत कुमार रजक, सुनील कुमार यादव व श्रीकांत ने निभाई। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय ने केजीवीभी सदर को 2-1 से पराजित किया। बालक अंडर 15 में जिला स्कूल ने गिरिवर स्कूल को 6-0 से पराजित किया, बालक अंडर-17 में महात्मा गांधी सरजा हाईस्कूल ने जिला स्कूल को 2-0 से हराया।

मझिआंव में विधायक ने किया पार्क का उद्घाटन

गढ़वा। सोमवार को मझिआंव नगर पंचायत स्थित कोयल नदी के तट पर 19 लाख रुपये की लागत से बने पम्पूकल पार्क का उद्घाटन किया. इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत के काम से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि यह उनके द्वारा बनाया गया नगर पंचायत है, जहां प्रत्येक वर्ष पांच करोड़ रुपये से अधिक का विकास कार्य हो रहा है, जबकि पहले जब यह केवल पंचायत था तब विकास के लिए मुश्किल से एक करोड़ ही मिल पाता था। उद्घाटन कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि मझिआंव में बस स्टैंड एवं खेल के मैदान के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। कोयल नदी तट पर कई स्थानों पर और छठ घाट, श्मसान शेड, अम्बेडकर चौक के पास पार्क का जीर्णोद्धार एवं लाइब्रेरी निर्माण कार्य भी जल्द ही किया जायेगा। मौके पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (भारत सरकार) के सदस्य भोला चंद्रवंशी, बीरेन्द्र नाथ दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

हल्की बारिश में सड़क हुआ तालाब में तब्दील, लोग हुए परेशान

महुआडांड़। महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय स्थित पीपल चौक से भंडार मोहल्ला जाने वाली सड़क सिर्फ एक दिन की ही बारिश में तालाब में तब्दील हो गई है। जो की आसपास रहने वाले ग्रामीणों समेत राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। विशेष कर आसपास रहने वाले बच्चों के लिए सड़क के गड्ढे में भरा हुआ पानी जानलेवा साबित हो सकता है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने चिंता जाहिर करते हुए बताया कि आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती है। वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों के द्वारा पानी के निकासी के लिए पूर्व में भी कई प्रयास किया जा चुके हैं। लेकिन कुछ स्वार्थी लोगों के द्वारा यह कह कर कि हमारे रैयती जमीन में पानी आ रहा है रोक दिया गया। लेकिन हाल के मापी में यह स्पष्ट हो चुका है कि पानी निकासी के लिए जगह बनाने में किसी भी रैयत की भूमि अधिग्रहित नहीं होगी। स्थानीय पूर्व वार्ड सदस्य अशोक प्रसाद बताते हैं कि पूर्व में भी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस संबंध में आवेदन दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक इस पर कोई सुधार नहीं हुआ।

अफीम के साथ एक गिरफ्तार, गया जेल

बारियातू। थाना क्षेत्र के गड़गोमा ग्राम निवासी संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा को पुलिस ने 690 ग्राम 34500 मूल्य के अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी की बारियातू फूलसु रोड बारियातू बाजार मे महेश यादव के घर मे किरायेदार के रूप मे रह रहे संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा ग्राम गड़गोमा निवासी द्वारा अवैध रूप से अफीम की खरीद बिक्री का धंधा किया जाता है।तत्वरित कार्रवाई करने पर किराये मे रह रहे घर से भारी मात्रा मे अवैध अफीम पोस्ते की बरामदगी हो सकती है।पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुलिस अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे छापामारी टीम गठन किया गया जिसमे पुअनि राजा दिलावर थाना प्रभारी बारियातू,सअनि नीरज दुबे एवं शस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा संतोष राणा बारियातू के फूलसु रोड बारियातू बाजार स्थित किराये के घर की विधिवत तलासी करने पर संतोष राणा किराये घर के अंदर कमरे सें कुल 690 ग्राम अफीम गदा बरामद हुआ। जिसको विधिवत जप्ति सूची बनाकर जप्त किया गयातथा अभियुक्त संतोष राणा पिता स्व जमुना राणा पता गड़गोमा थाना बारियातू जिला लातेहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बरियातू थाना कांड संख्या 45/24 दिनांक 30.06.2024 धारा 17(सी) 18 (बि) 22(सी) एनडीपीएस एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध लातेहार पुलिस के द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी की जाती रहेगी।इसके पूर्व भी बारियातू थाना प्रभारी द्वारा कई कार्रवाई की गई है जिससे अवैध अफीम माफियाओ मे हड़कम्प मचा हुआ है।

एनएच 75 फोरलेन निर्माण में मुआवजा देने में रैयतों साथ भेदभाव कर रही केंद्र सरकार : पूर्व मंत्री

नवीन मेल संवाददाता। पलामू

एनएच 75 में सतबरवा प्रखंड के 20 गांव के रैयतों के साथ केंद्र सरकार फोरलेन सड़क निर्माण करने के नाम पर भेदभाव कर रही है और उन्हें बाजार मूल्य के हिसाब से उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए पलामू कमिश्नर से लेकर राज्य और केंद्र सरकार के पास मामले को लेकर जाएंगे। यह बातें कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने सोमवार को कही।

त्रिपाठी ने प्रखंड के खामडीह, रजडेरवा, सतबरवा और बकोरिया में रैयत संघर्ष मोर्चा के लोगों के साथ बैठक के दौरान कहा कि कोई भी सरकार लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती है। इन रैयतों को बहुत ही कम राशि मुआवजा के तौर पर फिक्स किया गया है जबकि बाजार मूल्य के अनुरूप इन्हें ज्यादा मुआवजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रैयतों के साथ कमिश्नर से बात की जाएगी। जरूरत पड़ने पर राज्य और केंद्र सरकार के पास मुआवजा बढ़ाने को लेकर जाएंगे।

त्रिपाठी ने कहा कि सतबरवा प्रखंड के 20 गांवों से होकर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली सड़क निर्माण में 220 एकड़ से ज्यादा जमीन अधिग्रहण के लिए जमीन मापी के बाद पीलर गाड़ा गया है। यहां के रैयतों के द्वारा मुझे सूचना मिलने के बाद हम उनके साथ हर समय खड़े रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह फरमान जारी नहीं करें।

रैयत संघर्ष समिति अध्यक्ष संत कुमार मेहता और महासचिव संजय कुमार यादव ने कहा कि इससे पूर्व 24 जून को अपर समाहर्ता तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी और भू-अर्जन पदाधिकारी के साथ बैठक हुई, जिसमें किसी प्रकार का हल नहीं निकल पाया।

न्यूज बॉक्स

डैम में नहाने के दौरान 12 वर्षीय बालक की मौत

मझिआंव। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरसोता गांव के स्थानीय निवासी शेषनाथ यादव के 12 वर्षीय पुत्र रितेश यादव अपने गांव के पास के ही डैम में नहाने गया हुआ था। इस दौरान नहाने के क्रम में गहरे पानी में डूब जाने से 12 वर्षीय रितेश यादव को मृत्यु हो गई। सूचना के आलोक में स्थानीय थाना प्रभारी आकाश कुमार के द्वारा पंचनामा करनी हेतु पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया। पंचनामा प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात अंतर परीक्षण हेतु कड़वा सदर भेज दिया गया। वही इस घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आग की तरह फैल गई। वही गांव में मातम पसरा हुआ है तो परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

लातेहार। झारखंड प्रदेश कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणाम समीक्षा समिति की बैठक चतरा लोकसभा के तीन विधानसभा लातेहार, मनिका व पांकी की होटल सेलिब्रेशन इन में समिति के अध्यक्ष झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चतरा संसदीय सीट पर हुई है हार की समीक्षा की गई। समीक्षा में कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बेहतर होने के बावजुद हार का कारण प्रत्याशी व उनके द्वारा बनाए गये बाहरी प्रभारी का कांग्रेसियों के साथ समन्वय नहीं होना, कांग्रेस संगठन के नेताओं को सिस्टम में शामिल करने व उनके साथ चलने की जगह उन्हें निर्देशित करना को कारण बताया गया। वही कांग्रेसजनों को दरकिनार कर बूथ मैनेजमेंट में घोर कुब्यवस्था दूसरे लोगों से बूथ प्रबंधन कई जगहों पर बूथ एजेंट नहीं होने से इसका सीधा नुकसान मतदान पर हुआ।

मझिआंव नगर पंचायत के काम से काफी खुश हूं : विधायक चंद्रवंशी

मझिआंव। स्थानीय विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी द्वारा सोमवार को मझिआंव नगर पंचायत स्थित कोयल नदी के तट पर 19लाख रुपये की लागत राशि से बने पम्पू कल पार्क का फीता काटकर उदघाटन किया गया.इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि मझिआंव नगर पंचायत के काम से काफी खुश हैं. कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि यह उनके द्वारा बनाया गया नगर पंचायत है जहां प्रत्येक वर्ष पांच करोड़ रुपये का विकास कार्य हो रहा है, जबकि पहले जब यह केवल पंचायत था तब विकास के लिए मुश्किल से एक करोड़ ही मिल पाता था.विधायक ने कहा कि मझिआंव अनुमंडल बनने के अंतिम चरण में है. उन्होंने कहा कि बकोइया आमर के मध्य में कोयल नदी पर वे एक और पुल बनवाने जा रहे हैं, स्थल का चयन किया जा रहा है.कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में चहुँमुखी विकास के लिए उन्होंने विकास कार्यों की एक सूची कार्यपालक पदाधिकारी को दिये हैं, जिसपर क्रमशः काम हो रहा है.उन्होंने संसदीय चुनाव में बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को 50हजार400 से अधिक वोट देने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी.मौके पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (भारत सरकार)के सदस्य भोला चंद्रवंशी, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, निवर्तमान उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, बीरेन्द्र नाथ दुबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज के मरीजों को लकवा का अधिक खतरा : डॉ पीके वर्मा

गढ़वा। पटना के सुप्रसिद्ध हृदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ पी के वर्मा ने 40 मरीजों को परामर्श दिया और बताया कि पैरालिसिस जिसे सामान्य भाषा में लकवा कहा जाता है। यह तेजी से बढ़ती बीमारी है जिसके होने का प्रमुख कारण बीपी, शुगर, दिल की बीमारियां और कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना है। इन बीमारियों से ग्रसित मरीजों को पैरालिसिस से बचने के लिए विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। जो मरीज उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और डायबिटीज (ब्लड शुगर) से पीड़ित हैं, अक्सर उन्हें लकवा का खतरा हमेशा बना रहता है। खून गाढ़ा हो जाने के कारण ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ जाती है, जिससे पैरालिसिस के खतरा बढ़ जाता है। पैरालिसिस सबसे अधिक ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और दिल की बीमारी के मरीजों को होता है।

जरूरी है कि अपने दिनचर्या और खान-पान में सुधार लाएं। प्रतिदिन व्यायाम कर ऐसी बीमारियों से बचा जा सकता है। पैरालिसिस के लक्षण नजर आते ही 3 घंटे के भीतर यदि योग्य चिकित्सक को दिखाया जाए तो पैरालिसिस को ठीक किया जा सकता है।

एनएसयूआई ने परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। एनएसयूआई पलामू जिलाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में सोमवार को बनवारी साहू डिग्री कॉलेज लातेहार का यूजी परीक्षा सेंटर जिला मुख्यालय में करने की मांग को लेकर एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डा. मृत्युंजय दीपक का घेराव किया गया। जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लातेहार बनवारी साहू कॉलेज के छात्रों ने 25 जून को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम से ज्ञापन सौंप कर बीएस कॉलेज के छात्रों का जो सेंटर मनिका कॉलेज में दिया गया था उसे रद्द कर जिला मुख्यालय लातेहार करने की मांग की थी। छात्रों की समस्याओं पर परीक्षा नियंत्रक गंभीर नहीं थे। छात्रों के समस्याओं को देखते हुए एनएसयूआई ने परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। एनएसयूआई नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने कहा कि छात्रों की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो परीक्षा विभाग में तालाबंदी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने एनएसयूआई के घेराव के बाद जिला मुख्यालय में ही सेंटर देने का आश्वासन दिया है। मौके पर निखिल सिंह, प्रभात कुमार, प्रतिमा कुमारी, रोशन कुमार, श्रीराम कुमार, श्वेता भगत, कोमल कुमारी, कुहू कुमारी, सरस्वती कुमारी, सुमन कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, अल्फा कुजूर, इसबेल कुजूर आदि मौजूद थे।

सांसद ने सोलर पार्क निर्माण नहीं होने का मामला संसद में उठाया

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत झारखंड राज्य में विकास कार्यो के लिए भूमि उपलब्ध नहीं होने चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि इस कारण केन्द्र सरकार द्वारा दो वर्ष पहले पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत दोनों जिला पलामू, गढ़वा में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृत योजना का निर्माण नही होने से संबंधित महत्वपूर्ण मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड का 33 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है। फलस्वरूप विकास कार्यो के लिए भूमि की उपलब्धता नगण्य है। अधिकांश भूमि 1930 के सर्वे के अनुसार जंगल या झाड़ी के रूप में चिन्हित हैं। 100 वर्ष पूर्व के सर्वे के आधार पर वह भूमि आज भी जंगल-झाड़ से अच्छादित दिखाई जा रही है। परन्तु उक्त जमीन पर वर्तमान में एक भी पेड़ नहीं है। विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए वैसी भूमि के लिए भी फारेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया अपनानी होती है। आज करीब दो वर्ष पूर्व केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने पलामू, गढ़वा जिला में 20-20 मेगावाट का सोलर पार्क बनाने की स्वीकृति प्रदान की थी व उसके लिए 100-100 एकड़ भूमि की आवश्कता बतलायी थी, परंतु जिला प्रशासन ने जिस भूमि को चिन्हित किया वह जंगल-झाड़ वाली भूमि निकल गयी। परिणामस्वरूप सोलर पार्क बनाने की योजना अधर में लटक कर रह गयी है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से अनुरोध है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को संशोधित करने के लिए भारत सरकार पुनर्विचार याचिका दाखिल करने पर विचार करें या वन अधिनियम 1980 के प्रावधानों में परिवर्तन कर ऐसी जमीन जिसकी प्रकृति बदल गयी है। उसे जंगल झाड़ की परिधि से बाहर निकाल दें। इस बीच राज्य सरकार को यह एडवाईजरी निर्गत किया जाय कि वही फारेस्ट क्लीयरेंस की सारी प्रक्रिया पूरी कर 100-100 एकड़ पलामू जिला एवं गढ़वा जिला में उपलब्ध करायें ताकि वहां पर सोलर पार्क स्थापित हो सके।

वेलनेस सेंटर में एक हजार से अधिक बच्चों का हुआ टीकाकरण

गर्भवती महिलाओं के लिए परामर्श सुविधा नौ जुलाई से होगी शुरू

रांची। रांची नगर निगम से संचालित शहरी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र (वेलनेस सेंटर) में अब तक हजारों की संख्या में टीकाकरण किया गया। टीकाकरण सभी 24 वेलनेस सेंटरो में किया जा रहा है। इससे आम लोगों को सदर और रिम्स जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है। पिछले माह शुरू हुए टीकाकरण अभियाण के तहत अबतक एक हजार से अधिक बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। गर्भवती महिलाओं के लिए अलग से परामर्श की सुविधा की शुरुआत नौ जुलाई से सभी वेलनेस सेंटरों में होगी। हर नौ तारीख को सभी सेंटर में विशेष जांच कैंप लगेंगे। इसमें महिला गायनी डॉक्टरों द्वारा गर्भवतियों के स्वास्थ्य की जांच के साथ शिशु व प्रसूता के लिए उचित परामर्श दिया जाएगा। इसके बाद गर्भवती को निःशुल्क दवां एवं पोषक तत्व उपलब्ध कराए जाएंगे। इसमें परामर्श पाने वाली महिलाओं की विवरणी भी रिकार्ड के रुप में सुरक्षित रखी जाएगी। गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष जांच की सुविधा बहाल होने में आंगनबाड़ी केंद्र की मदद ली जाएगी। जांच के लिए बड़े सरकारी अस्पताल में लगने वाली भीड़ से गर्भवती महिलाओं को मुक्ति मिलेगी। निजी अस्पतालों के महंगे इलाज से भी राहत मिलेगी। शिविर के शुरू होने से संबंधित वार्ड में रहने वाली महिलाओं को पास के केंद्र में ही बेहतर उपचार की सुविधा मिलने से उन्हें कई तरह की परेशानी से निजात मिलेगी। इससे शहर के सदर अस्पताल एवं रिम्स में भीड़ भी कम होगी। वहीं, जिन महिलाओं के पास दूर-दराज वाले अस्पताल में जाने के लिए अपना संसाधन उपलब्ध नहीं हैं, उन महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

ब्रिफ न्यूज

भारत ने पाक से भारतीय कैदियों की रिहाई में तेजी लाने को कहा

नई दिल्ली। भारत ने सोमवार को पाकिस्तान की हिरासत से मछुआरों और उनकी नावों सहित नागरिक कैदियों व लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की जल्द रिहाई और स्वदेश वापसी का आह्वान किया। दोनों देशों ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ राजनयिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की हिरासत में नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान से 185 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई और स्वदेश वापसी में तेजी लाने को कहा गया है। इन लोगों की सजा पूरी हो गई है। भारत ने अपनी हिरासत में पाकिस्तान के 366 नागरिक कैदियों और 86 मछुआरों के नाम शेयर किए। इसी तरह, पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में भारत के 43 नागरिक कैदियों और 211 मछुआरों के नाम बताए।

हमास ने जारी किया विस्फोटक तैयार करते सदस्यों का वीडियो

गाजा। इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उसके सदस्य गाजा पट्टी के शहरों में घुसने वाले इजरायली सैन्य वाहनों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए विस्फोटक डिवाइस तैयार करते दिख रहे हैं। चालीस सेकंड के इस वीडियो में समूह के सदस्य डिवाइस को पेंट करते और उन्हें पोर्टेबल बैग में रखते हुए दिख रहे हैं। ये बैग काले कपड़े से ढके हुए हैं जिस पर लिखा है: "जो मेरी मौत चाहता है, वह मृगतृष्णा ... और (ऑपरेशन) अल-अक्सा फ्लड का पीछा कर रहा है"। अल-क़स्साम ने पिछले अक्टूबर से गाजा में इजरायली सेना के साथ चल रहे युद्ध के दौरान पहली बार "फिदायीन ऑपरेशन" डिवाइस के इस्तेमाल की घोषणा की है।

उत्तर कोरिया ने द. कोरिया में दागे दो बैलिस्टिक मिसाइल

सोल। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को पूर्व की दिशा में दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। कहा गया है कि दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास के जवाब में ये कार्रवाई की गई है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि दक्षिण ह्वांगहे प्रांत के जंगयोन क्षेत्र से सोमवार सुबह करीब 5:05 बजे उत्तर-पूर्वी दिशा में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। इसके तुरंत बाद सुबह करीब 5:15 बजे एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई। पहली मिसाइल छोटी दूरी क्र थी।

हिंदू समाज को हिंसक बताने पर भड़के शाह, राहुल मांगें माफी

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो 24 घंटे हिंसा और नफरत की बातें करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी राहुल गांधी के बयान पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि करोड़ों लोग अपने आपको गर्व से हिंदू कहते हैं।

हिंसा की भावना को धर्म के साथ जोड़ना गलत है और राहुल गांधी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के भाषण के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन पर अग्निवीर योजना को लेकर और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एमएसपी को लेकर सदन में गलत बयानी का आरोप लगाया। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के भाषण के दौरान बीच-बीच में कई बार खड़े होकर सदन में झूठ और गलत बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सदन झूठ बोलने की जगह नहीं है। अमित शाह ने राहुल गांधी से सदन, अग्निवीरों, हिंदू समाज और देश से माफी मांगने की मांग की। राहुल गांधी के भाषण के दौरान सदन में कई बार सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक-झोंक भी देखने को मिली। राहुल गांधी के भाषण के समाप्त होने के बाद एक बार फिर से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खड़े होकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से यह मांग की कि वह नियमों के मुताबिक राहुल गांधी से अपने भाषण को सत्यापित करने को कहें क्योंकि कई मंत्रियों ने कहा है कि राहुल गांधी के भाषण में सही तथ्य नहीं हैं। स्पीकर ने राहुल गांधी को अपने भाषण को सत्यापित करने का निर्देश भी दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के भाषण के दौरान बीच-बीच में कई बार खड़े होकर सदन में झूठ और गलत बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सदन झूठ बोलने की जगह नहीं है।

हिंदुओं के देश में इस तरह की टिप्पणी अस्वीकार्य : महंत राजू दास

नई दिल्ली। लोकसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से 'हिंदू' को लेकर दिये गए बयान के बाद संत समाज ने बड़ा हमला बोला है। अयोध्या हनुमान गढ़ी के पुजारी महंत राजू दास ने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक कहा, हम उसकी निंदा और घोर विरोध करते हैं। उनका बयान दुखद और हिंदू समाज को आहत करने वाला है। राहुल गांधी अगर हिंदू समाज के लोगों के साथ उठते, बैठते और संवाद करते तो वो सनातन धर्म के बारे में जानते। लेकिन वो तो उनके साथ नहीं बैठते, तभी तो वो हिंदू समाज को हिंसक कह रहे हैं। राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, हिंदू नेताओं से निवेदन करता हूं कि अगर वो अपने आप को हिंदू मानते हैं तो राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करें। विपक्ष के हिंदू सांसद सदन से मांग करें कि जब तक राहुल गांधी माफी नहीं मांग लेते, तब तक उन्हें बोलने की अनुमति न दी जाए। लोकतंत्र के मंदिर में हिंदुओं और बहुसंख्यकों के देश में इस तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है। वहीं काशी के संतों ने राहुल गांधी के हिंदू वाले बयान का विरोध किया है।

राहुल के बयान पर प्रियंका वाड्रा बचाव में आईं

नई दिल्ली। संसद में हिन्दुओं पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उनका बचाव करते नजर आईं। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका वाड्रा ने कहा कि मेरा भाई हिन्दुओं का अपमान नहीं कर सकते। यह बात उन्होंने भाजपा और उसके नेताओं के बारे में साफ तौर पर कही है।

संघ पर खरगे की टिप्पणी नड्डा, सभापति ने जताई आपत्ति

एजेंसी

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्यसभा में आरएसएस के बारे में कुछ टिप्पणियां कीं, जिस पर सभापति जगदीप धनखड़ और सदन के नेता जेपी नड्डा ने आपत्ति जताई। कांग्रेस नेता ने अग्निपथ योजना समाप्त करने की मांग करते हुए कहा कि किसान का बेटा फौज में भर्ती होता है। इसके जवाब में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज किसान का बेटा वैज्ञानिक है, उद्योगपति है, उद्यमी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार कैसी होगी, इसका पिछले एक महीने से अंदाजा लग रहा है। नीट पेपर लीक, यूजीसी नेट पेपर लीक, नीट पीजी परीक्षा रद्द, सीएसआईआर नेट रद्द, भीषण रेल दुर्घटना, जम्मू-कश्मीर में तीन बड़े आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी लीक, देश में तीन हवाई अड्डों की छत टूटी, बिहार में पांच पुल टूटे, टोल टैक्स में बढ़ोतरी, रुपए में ऐतिहासिक गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा ही होता रहा तो बच्चे आगे पढ़ाई नहीं करेंगे।

देश में सात साल में 70 पेपर लीक हुए हैं। यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। यदि डिग्री को इज्जत देनी है तो ऐसे घपले-घोटाले बंद होने चाहिए। नहीं तो पूरी दुनिया में हमारी शिक्षा प्रणाली खतरे में पड़ जाएगी। लोग हर एक डिग्री को संदेह की नजर से देखेंगे। उन्होंने शिक्षण प्रणाली में आरएसएस के लोगों के ऊंचे पदों पर होने का मुद्दा उठाया जिसे सभापति ने सदन की कार्यवाही से हटा दिया। सभापति ने कहा, क्या किसी संस्था का हिस्सा होना अपराध है? आप कह रहे हैं कि एक संस्था ने कब्जा कर लिया, जो बिल्कुल गलत है। आरएसएस को लेकर सभापति ने कहा कि यह एक संस्था है, राष्ट्र का कार्य कर रही है, राष्ट्रीय हित में कार्य कर रही है। देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके लोग इसके लिए योगदान दे रहे हैं।

70 पेपर लीक हुए हैं देश में सात साल में, यह पूरी व्यवस्था पर सवाल है। यदि डिग्री को इज्जत देनी है तो ऐसे घपले-घोटाले बंद होने चाहिए।

लोकसभा में विपक्ष पर बरसी बांसुरी स्वराज

इमरजेंसी को लेकर कांग्रेस व पानी संकट पर 'आप' को घेरा

एजेंसी

नई दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर नई दिल्ली से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने अपनी बातें रखी। यह लोकसभा में उनका पहला भाषण था। इस दौरान बांसुरी स्वराज ने इमरजेंसी को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। वहीं, जल संकट को लेकर दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर भी निशाना साधा। बांसुरी स्वराज के भाषण में अपनी मां सुषमा स्वराज की झलक देखने को मिली। उन्होंने सदन में सुषमा स्वराज की तरह ही दमदार अंदाज में अपनी बात रखी। बांसुरी स्वराज ने कहा कि एक दशक में यह पहली सरकार है जिसकी कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है।

नए कानूनों को न दें राजनीतिक रंग : शाह

नई दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को विपक्ष के इन आरोपों को कि तीनों नए आपराधिक कानून बिना चर्चा के पारित कर दिए गये, इसे पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि इन्हें राजनीतिक रंग देना ठीक नहीं है। संसदीय शौध में केन्द्रीय गृहमंत्री शाह ने आज नए आपराधिक कानूनों पर पत्रकारवार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि करीब चार साल के विमर्श के बाद कानून लाया गया है और संसद की गृह मामलों की समिति में इस पर विस्तार से विचार किया गया।

चंद्रबाबू ने शुरू किया एनटीआर भरोसा सामाजिक सुरक्षा पेंशन

एजेंसी

अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को एनटीआर भरोसा पेंशन योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री नायडू ने सोमवार सुबह आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के मंगलगिरी निर्वाचन क्षेत्र के पेनुमाका गांव में कुछ घरों का दौरा किया और लाभार्थियों को अपने हाथों से पेंशन सौंपी। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना।

गौरतलब है कि टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने अपने चुनावी घोषणापत्र के तहत अपने चुनाव अभियान के दौरान वृद्धावस्था पेंशन को मौजूदा 3000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये करने का वादा किया था। अपने घोषणापत्र के वादे का सम्मान करते हुए, चंद्रबाबू नायडू ने वृद्ध लोगों के लिए पेंशन को 3000 रुपये से बढ़ाकर 4000 रुपये और शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए 3000 रुपये से बढ़ाकर 6000 रुपये और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए 5000 रुपये से बढ़ाकर 15000 रुपये कर दिया है।

लाभार्थियों को सौंपा चेक

एजुकेशन/करियर

रजनीश। कॉस्मेटोलॉजी एक रोचक पढ़ाई का क्षेत्र है, जो सौंदर्य, फैशन के शौकीन व्यक्तियों के लिए करियर के व्यापक अवसर देता है. एक कॉस्मेटोलॉजिस्ट के रूप में, आप विभिन्न क्षेत्रों जैसे हेयरस्टाइलिंग, त्वचा की देखभाल, मेकअप, नाखून की देखभाल और बहुत कुछ में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। ब्यूटिशियन सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ, कॉस्मेटोलॉजी उद्योग तेजी से विकास हो रहा है. जिसमें इच्छुक पेशेवरों के लिए एक बेहतर कैरियर दे रहा है. कॉस्मेटोलॉजी में करियर बनाने के लिए, आप कॉस्मेटोलॉजी में डिप्लोमा, डिग्री प्रोग्राम करके किसी ब्यूटी स्कूल या कॉलेज में नामांकन ले सकते हैं. कॉस्मेटोलॉजी आपको अपनी रचनात्मकता करने और अपनी कलात्मक दृष्टि को जीवन में ला सकते है. चाहे वह एक शानदार हेयर स्टाइल बनाना हो, एक सुंदर नेल आर्ट डिज़ाइन करना हो. कॉस्मेटोलॉजी उद्योग सैलून और स्पा में काम करने से लेकर फ्रीलांसिंग, शिक्षण या यहां तक कि अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने तक विभिन्न कैरियर का रास्ता देताह...

कॉस्मेटोलॉजी में बना सकते है अपना करियर

कॉस्मेटोलॉजी में होती होने वाले कोर्स

- **सर्टिफिकेट प्रोग्राम:** सर्टिफिकेट प्रोग्राम मुख्य रूप से ट्रेनिंग और अनुभव के बारे में हैं. इनकी अवधि 2 से 6 महीने होती है.
- **डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स :** डिप्लोमा और पीजी डिप्लोमा कोर्स में छात्रों को कॉस्मेटोलॉजी के विभिन्न महत्वपूर्ण कॉन्सेप्ट्स सिखाते हैं. इसकी अवधि 1-2 साल होती है
- **बैचलर्स कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज:** ये विशेष रूप से उन छात्रों के लिए है हैं जो कॉस्मेटोलॉजी के सभी महत्वपूर्ण टूल्स और तकनीक के बारे में जानना चाहते हैं। इन कॉस्मेटोलॉजी कोर्स की अवधि 3 वर्ष है।
- **मास्टर कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज :** ये उन छात्रों के लिए हैं जो कॉस्मेटोलॉजी के एडवांस कंसेप्ट्स में महारत हासिल करना चाहते हैं। इन कोर्स की अवधि 3 वर्ष है।

करियर

- सैलून या स्पा मैनेजर
- वेडिंग और इवेंट स्टाइलिस्ट
- हेयर स्टाइलिस्ट
- ब्यूटीशियन
- नेल टेक्निशियन
- मेकअप आर्टिस्ट
- एस्थेटिशियन
- कोस्टमे

कॉस्मेटोलॉजी कोर्सेज के लिए संस्थान

- राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय
- दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च
- मद्रास विश्वविद्यालय
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- लंदन स्कूल ऑफ ट्रेंड्स
- आईएसएएस इंटरनेशनल ब्यूटी स्कूल
- कमला नेहरू महाविद्यालय
- संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय
- ओरेन ब्यूटी इंस्टीट्यूट
- हेज़ल इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ब्यूटी एंड वेलनेस
- इंटरनेशनल स्कूल ऑफ एस्थेटिक्स एंड स्पा
- पंजाब विश्वविद्यालय
- चंडीगढ़ विश्वविद्यालय
- मद्रास विश्वविद्यालय
- हेजल इटरनेशनेल इंस्टिट्यूट ऑप ब्यूटी एंड वेलनेस
- संदीप विश्वविद्यालय
- पर्ल एकेडमी
- जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी एकेडमी
- एलटीए स्कूल ऑफ ब्यूटी

कौन होता है कॉस्मेटोलॉजीस्ट

- पेशेवर मेकअप
- हेयर स्टाइलिंग, कलरिंग, स्ट्रेटनिंग और कटिंग
- त्वचा की देखभाल
- इत्र और अरोमाथेरेपी
- आयुर्वेदिक कॉस्मेटोलॉजी
- सौंदर्य संस्कृति
- बालों को हटाना (लेजर और अन्य तरीके)
- मैनीक्योर पेडीक्योर
- हेयर ट्रांसप्लांट
- सौन्दर्य उपचार